kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-42 ❑ गुरुवार, 12 मार्च 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




भारत में जल केवल मूलभूत आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से जुड़ा हुआ है। वर्षों से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को, दूर-दूर से पीने का पानी लाना पड़ता था। द्रौपदी मुर्मु


जेन-जेड : नेपाल में हुए कामयाब, बंगलादेश में रहे नाकाम 11

अधिकारियों को दिए तेजी से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश 12


# लोग घबराहट में न करें गैस सिलेंडर बुकिंग

## पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट से ईंधन की आपूर्ति श्रृंखला पर प्रभावों के बीच सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग में घबराहट न दिखाने की सलाह देते हुए बुधवार को कहा कि उसकी इस वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थिति पर कड़ी नजर है और सामान्य दिनों की तरह बुकिंग के ढाई दिन में सिलेंडर उपलब्ध कराया जायेगा तथा प्रभावित देशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार ने कहा कि ईंधन की जमाखोरी और कालाबाजारी से निपटने के लिए भी कड़े कदम उठाये जा रहे हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों को लाने के लिए भी उचित कदम उठाये गये हैं। खाड़ी क्षेत्र में मौजूद 28 भारतीय ईंधन टैंकरों और इन पर सवार 778 लोगों की सुरक्षा को लेकर भी वह सजग है।

पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए सरकार द्वारा किये गये उपायों की जानकारी देने के लिए बुलाये गये अंतर-मंत्रालय संवाददाता सम्मेलन में संबंधित मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा स्थिति तथा इससे उत्पन्न चुनौतियों के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी दी।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी के उत्पादन को बढ़ाने के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं जिससे पिछले कुछ दिनों में उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि रसोई गैस का किसी दूसरे कार्य में इस्तेमाल रोकने के लिए मंत्रालय सिलेंडर डिलिवरी प्रमाणन कोड को सख्ती से लागू कर रहा है। वर्तमान में 90 प्रतिशत उपभोक्ताओं को

### रखें सावधानी

- ❑ भारत वैकल्पिक मार्गों से कर रहा है पेट्रोलियम आयात: सरकार
- ❑ कालाबाजारी रोकने के लिए गैस सिलेंडर की डिलिवरी के समय कोड अनिवार्य किया गया है: सरकार
- ❑ रसोई गैस का घरेलू उत्पादन 25 प्रतिशत बढ़ा है: सरकार

डिलिवरी प्रमाणन कोड प्रणाली के तहत लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत एलपीजी के मामले में 60 प्रतिशत आयात पर निर्भर है और आयातित एलपीजी का 90 प्रतिशत हिस्सा ईरान के पास हर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है जो युद्ध से प्रभावित है। इसके मद्देनजर जारी विशेष आदेश में सरकारी रिफाइनरियों को एलपीजी का उत्पादन यथासंभव बढ़ाने के



लिए कहा गया है। सुश्री शर्मा ने कहा यह एक वैश्विक चुनौतीपूर्ण स्थिति है लेकिन भारत की ईंधन आपूर्ति नियंत्रण में है, सरकार स्थिति पर लगातार नज़र रख रही है और घरों तथा प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। हम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे घबराकर बुकिंग करने से बचें, अधिकारियों के साथ सहयोग करें और वैश्विक अनिश्चितता की इस अवधि के दौरान जहाँ संभव हो ईंधन का संरक्षण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली में एलपीजी सिलेंडर की कीमत 60 रुपये की हाल की वृद्धि के बाद 913 रुपये है। उज्ज्वला उपभोक्ताओं को प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने पड़ रहे हैं। इस प्रकार प्रति सिलेंडर प्रतिदिन 80 पैसे का अतिरिक्त बोझ ही पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बावजूद सरकार के हस्तक्षेप से देश में कीमतों को नीचे रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत में हर रोज गैस की खपत 18.9 करोड़ मानक घन मीटर के बराबर है। इसमें से 9.7 करोड़ घन मीटर का आयात किया जाता है। इस समय खाड़ी क्षेत्र में युद्ध के कारण 4.7 करोड़ घन मीटर गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके लिए वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त ● शेष पेज 11 पर

## पेट्रोल–डीजल और गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य करने फील्ड में उतरे अधिकारी : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त दिशा निर्देश के बाद प्रदेश में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। कई जिलों में प्रशासन ने एलपीजी गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष कॉल सेंटर स्थापित किया है। उधर कई जिलों में गैस बुकिंग में तकनीकी दिक्कतों की समस्याएं दूर की जा रही हैं ताकि उपभोक्ता गैस सिलेंडर को लेकर



ज्यादा चिंतित न हों। ईरान–इजराइल युद्ध के बीच वैश्विक स्थिति में पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्तओं की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। समय से घरेलू गैस की उपलब्धता के लिए राजधानी समेत प्रदेश के बड़े शहरों में कई गैस एजेंसियों के सामने कतार लगी दिख रही है। इसके बावजूद स्थिति पूरी तरह से सामान्य बनायी जा रही है और उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के हिसाब से उपलब्धता हो रही है। हालांकि कामर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर समस्याएं आ रही हैं और होटल व कैटरिंग के व्यवसाय से जुड़े लोगों को जरूरत के हिसाब से ● शेष पेज 11 पर

# होर्मुज स्ट्रेट में थाई कार्गो शिप पर हमला

## गुजरात जा रहा था जहाज, ओमान की नौसेना ने 20 क्रू मेंबर को बचाया

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान। गुजरात जा रहे थाई जहाज मयूरी नारी पर होर्मुज स्ट्रेट में अनजान चीज से हमला हुआ। हमले के बाद जहाज में आग लग गई। ओमान की नौसेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 20 क्रू सदस्यों को बचा लिया, जबकि 3 जहाज पर ही हैं। हमले की जांच जारी है। फिलहाल किसी ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच आज यानी 11 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट में एक बड़ी घटना हुई। थाईलैंड के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज गुजरात की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक अनजान चीज (प्रोजेक्टाइल) से उस पर हमला हुआ। इस हमले के बाद जहाज में भीषण आग लग गई। यह घटना ओमान के उत्तरी तट से लगभग 11 नॉटिकल मील दूर हुई। समुद्री सुरक्षा सूत्रों और शिप ट्रैकिंग डेटा ने इस खबर की पुष्टि की है। जहाज की पहचान 'मयूरी नारी' के रूप में हुई है। थाईलैंड की सरकार ने बताया कि हमले के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। जहाज पर कुल 23 क्रू मेंबर सवार थे। ओमान की नौसेना ने मुस्तैदी दिखाते हुए इनमें से 20 सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, तीन सदस्य अभी भी जहाज पर ही मौजूद हैं। अधिकारियों ने अभी तक उनकी हालत या जहाज को हुए नुकसान के बारे में पूरी जानकारी साझा नहीं की है। रॉयल थाई नेवी और यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने इस हमले की जानकारी दी। जांच से पता चला कि यह एक बल्क कैरियर जहाज है। इसका मालिकाना हक 'प्रेशियस शिपिंग' नाम की कंपनी के पास है। इंटरनेशनल मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन नंबर और जहाज की बनावट से इसकी पहचान पक्की की गई है। हमले के बाद लगी आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। मैरीटाइम ट्रैकिंग सिस्टम के डेटा से पता चला कि यह हमला होर्मुज स्ट्रेट के भीतर हुआ। यह रास्ता दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण शिपिंग रूट में से एक है। दुनिया भर की ऊर्जा सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। 11 मार्च को जहाज की आखिरी लोकेशन ओमान के तट के पास ही रिकॉर्ड की गई थी। फिलहाल इस हमले की जांच चल रही है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि हमले में किस तरह के हथियार का इस्तेमाल हुआ। किसी भी देश या संगठन ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, समुद्री सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञ इस घटना को इलाके में चल रहे तनाव से जोड़कर देख रहे हैं। रॉयल थाई नेवी और सुरक्षा अधिकारी हमले के पीछे के असली कारणों का पता लगाने में जुटे हैं। अंतराष्ट्रीय नौसेना अधिकारी भी इस संवेदनशील इलाके की सुरक्षा पर पैनी नजर रख रहे हैं।



### ईरान की बैंकों पर हमले की चेतावनी, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट भी निशाने पर

**तेहरान।** ईरान ने एक बड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में स्थित अमेरिका और इजरायल से जुड़े आर्थिक केंद्रों, बैंकों और गूगल एवं माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों को भी निशाना बना सकता है। यह बयान कथित ● शेष पेज 11 पर

### ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई 'पूरी तरह सुरक्षित', राष्ट्रपति के पुत्र ने चोटिल होने की खबरों का किया खंडन

**तेहरान/न्यूयॉर्क ।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर जारी अटकलों के बीच को एक बड़ा स्पष्टीकरण सामने आया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के पुत्र, यूसुफ पेजेशकियन ने बुधवार को पुष्टि की कि नये सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ''पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ'' हैं। श्री पेजेशकियन ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कुछ मित्रों, जिनके ''उच्च स्तर पर संपर्क'' हैं, उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि सर्वोच्च नेता स्वस्थ्य एवं सुरक्षित हैं उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुँचा है। इससे पहले कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था कि पिछले दिनों ईरान पर हुए अमेरिका–इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में श्री मोजतबा खामेनेई घायल हो गए थे। नियुक्ति के 48 घंटों बाद भी उनके सार्वजनिक रूप से सामने न आने के कारण इन अफवाहों को और बल मिला था।

## संक्षेप

### ईडी ने अंसल समूह की 313 करोड़ की संपत्ति की जब्त

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से ठगी के मामले में अंसल प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एपीआईएल) और उसके प्रमोटरों की 313 12 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति जब्त की है। इनमें एपीआईएल के सहयोगियों के नाम दर्ज आगरा स्थित लगभग 9.08 हेक्टेयर आवासीय भूमि शामिल है। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय ने मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। निवेशकों ने एपीआईएल और उसके निदेशकों के विरुद्ध 278 एफआईआर दर्ज कराई थीं। आरोप है कि रकम लेने के बाद भी परियोजना में फ्लैटों की डिलीवरी नहीं की गई। निवेशकों से जुटाई गई रकम को हड़पने के इरादे से डायवर्ट किया गया। ईडी अधिकारियों के अनुसार जांच में सामने आया है कि लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर निवेशकों से बड़ी रकम जुटाई गई पर उसका पूरा इस्तेमाल परियोजना में नहीं किया गया। सुशांत गोल्फ सिटी परियोजना के नाम पर 1,234.92 करोड़ रुपये निवेशकों से बतौर एडवांस लिए गए और केवल 921.80 करोड़ रुपये ही परियोजना से जुड़े परिसंपत्तियों के निर्माण में लगाए गए। शेष 313.12 करोड़ रुपये अन्य खातों में डायवर्ट किए गए। ईडी के अनुसार ठगी की रकम के बराबर मूल संपत्तियां उपलब्ध न होने के कारण इतनी ही रकम की वैकल्पिक संपत्तियों को कुर्क किया गया है, जो आगरा में स्थित हैं और एपीआईएल से जुड़ी कंपनियों के नाम पर दर्ज हैं।

### उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बनेंगे मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, बजट जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से प्रदेश के कई जनपदों में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय (प्री–प्राइमरी से कक्षा–12 तक) के निर्माण के लिए शासन स्तर पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। इन विद्यालयों के निर्माण पर प्रत्येक परियोजना के लिए लगभग 23 से 28 करोड़ रुपये तक की लागत स्वीकृत की गई है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि लखनऊ के मलिहाबाद, बहराइच, चंदौली, मिर्ज़ापुर, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर, गाजियाबाद, कानपुर देहात, वाराणसी, कौशांबी, फर्रुखाबाद, अमेठी तथा उन्नाव सहित कई जिलों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी किए गए हैं।

# फंसे भारतीयों की सुरक्षा में जुटी सरकार, कांग्रेस कर रही राजनीति : मोदी

एजेंसी

कोच्चि। कोच्चि में पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिया और खाड़ी देशों का आभार जताया। पीएम ने कांग्रेस पर संकट के समय राजनीति करने का आरोप लगाया और आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में भाजपा की जीत का जिक्र किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा की यह सफलता अब पूरे केरल में फैलेगी। पीएम ने कहा कि केरल में एलडीएफ और यूडीएफ के बारी-बारी शासन करने के पुराने तरीके को बदलना अब बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अगले पांच साल एनडीए को सेवा का मौका देने की अपील की। उन्होंने जनता को 'मोदी की गारंटी' का भरोसा दिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार



केरल और भारत के युवाओं की सोच को नहीं समझते। उन्होंने केरल के भविष्य के लिए अपनी योजना साझा की। उन्होंने कहा कि हम केरल को एआई (एआई) और भविष्य की नई तकनीक का बड़ा केंद्र बनाने के लिए काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने विदेश में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने नागरिकों को कहीं भी मुसीबत में अकेला नहीं छोड़ता। पीएम मोदी ने कहा, ''वेस्ट एशिया में जो कुछ हो रहा है, उससे आप सभी का चिंतित होना बहुत स्वाभाविक है। हमारे लाखों भाई-बहन वहां काम करते हैं। ● शेष पेज 11 पर

# सरकार विशेषज्ञ समिति बनाए तो अच्छा लगेगा, अब सभी किताबें रिव्यू करें

## एनसीईआरटी विवाद में सुप्रीम कोर्ट सख्त

एजेंसी

नई दिल्ली। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब में न्यायपालिका पर विवादित टिप्पणी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी के बाद केंद्र सरकार अब विशेषज्ञों के पैनल से सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा कराएगी। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक साजिश बताया था।

केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि उसने एनसीईआरटी को सभी कक्षाओं की किताबों की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि एनसीईआरटी से ऐसा करने के लिए कहने के बजाय, अगर केंद्र पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए एक विशेषज्ञ कमिटी बनाता तो अच्छा होता। सुप्रीम कोर्ट



एनसीईआरटी की क्लास आठ की सोशल साइंस की किताब से जुड़े एक सुओ मोटो केस की सुनवाई कर रहा था, जिसमें ज्यूडिशियरी में को लेकर आपत्तिजनक कंटेंट प्रकाशित किया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने एनसीईआरटी से सिर्फ कक्षा आठ की नहीं, बल्कि सभी क्लास की टेक्स्टबुक्स का समीक्षा करने को कहा है। उन्होंने बेंच को भरोसा दिलाया ● शेष पेज 11 पर

### उच्चतम न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को गाजियाबाद के एक युवक को जीवन रक्षक प्रणाली हटाकर 'पैसिव यूथेनेशिया' (निष्क्रिय इच्छामृत्यु) की अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जो न्यायालय के 2018 के 'कॉमन कॉज' निर्णय (जिसे 2023 में संशोधित किया गया था) पर आधारित है, जिसमें गरिमा के साथ मरने को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गयी थी। हरीश राणा (31 वर्षीय) एक इमारत से गिरने के बाद से पिछले 13 वर्षों से चेतना–शून्य अवस्था में हैं। मस्तिष्क की चोट के कारण सभी अंग पूरी तरह लकवाग्रस्त हो गये थे और वह 'परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट' (पीवीएस) की स्थिति में चले गये थे। मेडिकल रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 13 वर्षों में उनकी स्थिति में ● शेष पेज 11 पर

# आईएसआई एजेंट आशी के जाल में तीन साल पहले फंसा था लांस नायक आदर्श


लखनऊ। यूपी का आतंकवाद निरोधक दस्ता पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए नौसेना की गोपनीय सूचनाएं लीक करने वाले कुछ अन्य संदिग्धों की भी पड़ताल कर रहा है। आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में पकड़े गए आगरा निवासी नौसेना के लांस नायक आदर्श कुमार उर्फ लकी से पूछताछ में कई अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। आईएसआई के लिए जासूसी के मामले में मई 2024 में गोरखपुर से पकड़े गए राम सिंह से भी लकी के कनेक्शनों की छानबीन की जा रही है। आईएसआई एजेंट आशी के जाल में फंस गया था लकीएटीएस अधिकारियों के अनुसार आदर्श ने वर्ष 2021 में नौसेना ज्वाइन की थी और वर्तमान में दक्षिणी नेवल कमांड, कोच्चि (केरल) में तैनात था। बीते दिनों वह अवकाश पर अपने घर आगरा आया था। उसकी गतिविधियों पर एटीएस की नजर पहले से थी। आगरा आने पर उसे बुलाकर पूछताछ की गई और आईएसआई से उसके रिश्ते खुल गए। लगभग तीन वर्ष पहले आदर्श ● शेष पेज 11 पर

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिये लाया गया विपक्ष का संकल्प बुधवार को ध्वनि मत से गिर गया।

कांग्रेस के डॉ. मोहम्मद जावेद तथा कुछ अन्य ने श्री बिरला पर पक्षपात करने का आरोप लगाते हुए बजट सत्र के पहले चरण के दौरान उन्हें पद से हटाने का संकल्प दिया था जो सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन नौ मार्च की कार्यसूची में शामिल था लेकिन उस दिन इसे पेश किया गया। मंगलवार को पेश किए जाने के साथ इस पर दो दिन चर्चा हुई और सदन ने आज संकल्प को ध्वनि मत से खारिज कर दिया। संकल्प पर 42 से अधिक सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया। चर्चा के अंत में गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्षी सदस्यों को सदन में बोलने नहीं देने के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि श्री बिरला सदन का संचालन सबके साथ समान भाव से करते हैं और उनकी नैतिकता पर विपक्ष सवाल नहीं उठा सकता। उनका कहना था कि इतिहास में तीन संकल्प अध्यक्ष को हटाने के लिए लोकसभा में आये हैं लेकिन संकल्प के निपटान तक सदन में नहीं आने की नैतिकता का परिचय सिर्फ श्री बिरला ने ही दिया है। पहले अध्यक्ष प्रस्ताव आने के बाद भी सदन की कार्यवाही का संचालन करते रहे हैं लेकिन श्री बिरला ने संकल्प दिये जाने के साथ ही नैतिक आधार पर यह घोषणा कर दी थी कि वह संकल्प पर चर्चा होने तक वह सदन का संचालन नहीं करेंगे। श्री बिरला के खिलाफ लाये गये संकल्प में आरोप लगाया गया था कि वह सदन में विपक्ष के नेता तथा अन्य विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने की अनुमति नहीं देते हैं। उन्होंने विपक्ष की महिला सांसदों पर निराधार आरोप लगाये। उन्होंने लोक हित के मुद्दे उठाने पर विपक्ष के सदस्यों को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया तथा वह पूर्व प्रधानमंत्रियों के विरुद्ध आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियाँ करने से सत्तारूढ़ दल के सदस्यों को रोकते नहीं हैं। इस तरह वह अपने पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण से सभा के सदस्यों के अधिकारों की अवहेलना करते हैं और ऐसी घोषणाएं करते हैं और निर्णय लेते हैं जो अधिकारों को प्रभावित और कमजोर करते हैं। इसमें



यह आरोप भी लगाया गया था कि वह सभी विवादास्पद मामलों में सत्तारूढ़ दल के दृष्टिकोण का खुलकर समर्थन करते हैं। उनकी ये बातें सभा के संचालन तथा सदन में लोगों की चिंताओं और शिकायतों को व्यक्त करने के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं इसलिए उन्हें उनके पद से हटाया जाना चाहिए। संकल्प पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने श्री बिरला पर सदन की कार्यवाही में सत्तारूढ दल के सदस्यों के साथ नरमी बरतने और पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया लेकिन श्री शाह ने इन सब आरोपों को बेबुनियाद

### गृहमंत्री बोले

- ❑ अध्यक्ष की निष्ठा पर सवाल उठाना घोर निंदनीय: शाह

बताते हुए कहा कि श्री बिरला अत्यंत शिष्टाचार, सबके साथ समान व्यवहार, नियमों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके तथा निष्ठापूर्वक सदन की कार्यवाही का संचालन करते हैं। उनका कहना था कि श्री बिरला की निष्ठा पर सवाल निंदनीय है और अध्यक्ष के खिलाफ इस तरह से प्रस्ताव लाना गरिमा तथा प्रतिष्ठा के खिलाफ है।

श्री शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि वह सदन में नहीं आते हैं और कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेते हैं और विदेश में जाकर देश की बुराई करते हैं। इसी बीच विपक्षी दलों के सदस्यों ने श्री शाह पर असंसदीय शब्द के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए सदन में भारी हंगामा शुरु कर दिया और अब तक हल्की टोकाटाकी के बीच श्री शाह का भाषण सुन रहे विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गये। वे नारेबाजी करते हुए श्री शाह से माफी मांगने की मांग करने लगे।

पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि यदि कोई असंसदीय शब्द श्री शाह के भाषण में प्रयोग हुआ होगा तो उसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का आग्रह किया लेकिन सदस्य नहीं माने तो श्री शाह ने अपना भाषण आगे बढ़ाते हुए विपक्ष पर फिर हमला शुरु कर दिया। श्री शाह का भाषण समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी ने डॉ जावेद को संकल्प पर बोलने के लिए कहा लेकिन विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपनी सीटों पर जाकर डॉ जावेद को बोलने दें लेकिन हंगामा बढता गया तो श्री जगदम्बिका पाल ने संकल्प को सदन में पेश किया जिसे ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। गृह मंत्री ने कहा कि संविधान ने सभी को अधिकार दिया है लेकिन किसी को विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाते समय ही गंभीर नहीं था कि किस प्रकार नोटिस दिया जाएगा। अध्यक्ष ने स्वयं नोटिस की गलतियों को सुधारने का मौका दिया, यह उनकी महानता है। विपक्षी सदस्य नियम को मानते ही नहीं हैं और कहते हैं कि उन्हें बोलने ही नहीं दिया जाता है। सदन नियमों से चलता है और जो नियम से नहीं बोलेगा, उसका माइक बंद किया ही जाना चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि विपक्षी सदस्यों के पूरे भाषण हमने सुने हैं, जिसमें 80 प्रतिशत भाषण सरकार का विरोध करने के लिए है। सरकार का विरोध करने के लिए लोकतंत्र की गरिमा पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद खाली रहने का मुद्दा उठाने का कांग्रेस को हक ही नहीं है, क्योंकि कांग्रेस ने अपने ही पार्टी का उपाध्यक्ष बनाया था। हमने कम से कम उपाध्यक्ष का पद खाली रखा, लेकिन कांग्रेस ने तो सत्ताधारी दल से ही इस पद को भर दिया था। गृह मंत्री ने कहा कि श्री बिरला ने समय-समय पर देर रात तक सदस्यों को शून्यकाल में अपने मुद्दे उठाने का मौका दिया है। उन्होंने सदन के अंदर 14 भाषाओं में बोलने की व्यवस्था करायी। उनके कार्यकाल में संसद को डिजिटल बनाया गया। पूरी संसद को पेपरलेस करने की दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ● शेष पेज 11 पर

# पारस ग्रीन अपार्टमेंट पर बड़ा सवाल! आरटीआई से मांगे गए फायर एनओसी, स्वीकृत नक्शा और आरईआरए रजिस्ट्रेशन

- मुंडेरा चुंगी के चर्चित अपार्टमेंट पर उठे वैधता के सवाल
- पीडीए से 13 बिंदुओं पर मांगी गई जानकारी, खुलासे की बढ़ी उम्मीद प्रयागराज विकास
- प्राधिकरण के जवाब पर टिकी शहर की निगाहें



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शहर के मुंडेरा चुंगी क्षेत्र में स्थित पारस ग्रीन एवं प्रभु निवास पारस ग्रीन अपार्टमेंट की वैधता को लेकर अब बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार अमरनाथ झा ने सूचना का अधिकार के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण से अपार्टमेंट से जुड़ी पूरी फाइल और वैधानिक दस्तावेजों की जानकारी मांग ली है। इस RTI बाद अब इस बहुमंजिला अपार्टमेंट के निर्माण में नियमों के पालन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ऑनलाइन दाखिल की गई ट्ठ्क्र में कुल 13 अहम बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या इस अपार्टमेंट का स्वीकृत भवन मानचित्र (Approved Building Map) वास्तव में प्राधिकरण से पास हुआ था या नहीं। यदि पास हुआ तो उसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने को कहा गया है।

आवेदन में यह भी पूछा गया है कि परियोजना में कुल कितने फ्लैट स्वीकृत हैं, परियोजना का पूरा विवरण क्या है और निर्माण कार्य स्वीकृत मानचित्र के अनुसार ही किया गया या नहीं। साथ ही यह भी जानकारी मांगी गई है कि निर्माण के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया था या नहीं।

आरटीई में एक और बड़ा सवाल फायर सेफ्टी को लेकर उठाया गया है। आवेदक ने पूछा है कि क्या इस अपार्टमेंट के लिए फायर विभाग से फायर गए जारी की गई है। यदि हां तो उसकी प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए। शहर में हाल के वर्षों में बहुमंजिला इमारतों में आग की घटनाओं के बाद फायर गए का मुद्दा बेहद संवेदनशील माना जाता है। इसके अलावा यह भी जानकारी मांगी गई है कि क्या यह परियोजना RERA (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में पंजीकृत है या नहीं। यदि पंजीकरण कराया गया है तो उसका विवरण उपलब्ध कराया जाए।

आरटीआई में यह भी सवाल उठाया गया है कि अपार्टमेंट के निर्माण के बाद Completion Certificate @ Occupancy Certificate जारी किया गया या नहीं। यदि जारी किया गया है तो उसकी प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही निर्माण के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता मिलने पर प्राधिकरण ने कोई कार्रवाई की या नहीं, इसका भी पूरा ब्योरा मांगा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में कई जगह बहुमंजिला इमारतें नियमों को दरकिनार कर खड़ी कर दी जाती हैं, लेकिन बाद में वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षा और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह ट्ठ्क्रअब पूरे मामले की सच्चाई सामने ला सकती है।

सूत्रों का कहना है कि यदि मांगी गई सूचनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी सामने आती है तो यह मामला बड़े निर्माण घोटाले का रूप ले सकता है और संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों व बिल्डरों पर कार्रवाई भी हो सकती है।

# वन विभाग नें प्रोनिंग के नाम पर बबूल के सैकड़ों पेड़ों की कटान, वीडियो वायरल

- ग्रामीणों का आरोप- एक माह से जारी है कटान, जड़ों में लगाई जा रही आग; जांच की उठी मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद रेंज के रहीमाबाद क्षेत्र में वन विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सहिजना, तरौना और जालामऊ गांव के पास स्थित वन क्षेत्र में प्रोनिंग (पेड़ों की छंटाई) के नाम पर बबूल के सैकड़ों पेड़ों को जड़ से काटे जाने का मामला सामने आया है। इस कथित कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल में देर रात मशीनों की मदद से पेड़ों की कटाई की जाती है और फिर लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व अन्य वाहनों में लादकर बाहर भेज दिया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे मामला चर्चा में आ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब एक माह से सहिजना और तरौना के जंगलों में लगातार कटान हो रही है। जब ग्रामीणों ने इस बारे में पूछताछ की तो इसे सरकारी प्रोनिंग कार्य बताया गया, लेकिन मौके पर कई वर्षों पुराने बबूल के पेड़ों को जड़ से काट दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ों की ढूंठ और जड़ों में आग लगाकर उन्हें जलाया भी जा रहा है, जिससे कटान के साक्ष्य मिटाए जा सकें। बताया जा रहा है कि बबूल की लकड़ी को आसपास के क्षेत्रों में कोयला बनाने के लिए बेचा जाता है। एक ठेकेदार ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि पिछले 20S25 दिनों से इस कटान के जरिए मोटी कमाई की जा रही है और उच्च अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी नहीं दी जा रही। ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कटान पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह जंगलों की अंधाधुंध कटाई जारी रही तो क्षेत्र की हरियाली खत्म हो जाएगी और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ेगा। वहीं इस संबंध में जब डीएफओ, एसडीओ और रेंजर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका पक्ष नहीं मिल सका।

## अनुवा प्रतापपुर में खादी ग्रामोद्योग का जागरूकता कार्यक्रम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा बुधवार को प्रतापपुर क्षेत्र के अनुवा गांव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार तथा समाजसेवी गरुण पाण्डेय मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना तथा माटीकला टूल किट वितरण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल शर्मा ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण स्वरोजगार स्थापित कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस मौके पर सुनील कुमार, आशीष यादव, दिनेश चंद्र दुबे, रामलाल, अभिषेक त्रिपाठी, हिमांशु यादव, महेंद्र कुशवाहा और आशुतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खुसरोबाग में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खुसरोबाग स्थित औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत मशरूम उत्पादन तकनीक पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने किसानों को सघन बागवानी, कनोपी प्रबंधन और फसल सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मशरूम उत्पादन कम भूमि में बेहतर आय का साधन बन सकता है। तकनीकी सत्र में डॉ. एस. आर. बघेल ने ऑयस्टर, बटन और मिल्की मशरूम की विशेषताओं और बाजार संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। वहीं मशरूम प्रसंस्करण विशेषज्ञ कुमारी ईशा ने मशरूम से बनने वाले बर्गर, नमकीन, अचार और बिस्किट जैसे मूल्य संवर्धित उत्पादों की जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रतिभागियों को तकनीकी जानकारी के साथ प्रायोगिक प्रशिक्षण और मशरूम उत्पादन इकाइयों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

## प्रयागराज में 67 चेकडैम और 172 तालाब निर्माण प्रस्ताव मंजूर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को एनआईसी सभागार में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न विकासखंडों में लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति ने कुल 67 चेकडैम, 65 एनीकट संरचनाएं, 172 तालाब और 153 रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली के निर्माण से जुड़े प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में हर्षिका सिंह भी मौजूद रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वीकृत प्रस्तावों का अपने स्तर से पुनः सत्यापन कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से भूजल स्तर में सुधार, सिंचाई सुविधा में वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन पोर्टल पर जल संचयन से जुड़े कार्यों की अधिक से अधिक डाटा फीडिंग कराने के भी निर्देश दिए।

## नए यमुना पुल से महिला कूदी, मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जनपद के कीडगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नए यमुना पुल से बुधवार को एक अज्ञात महिला ने नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकलवाया।पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि नए यमुना पुल से एक महिला के नदी में छलांग लगाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में ले लिया है। मृतक महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष है। उसके पास से कोई पहचान पत्र या ऐसा सामान बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल पुलिस महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।पहचान के लिए कीडगंज थाना पुलिस आसपास के थानों तथा स्थानीय लोगों से संपर्क कर रही है। शव को पोस्टमार्टम में रखा गया है।

## शादी समारोह में युवक की गोली मारकर हत्या

**बागपत , कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में दोघट थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त बाहवड़ी गांव निवासी विवेक उर्फ विक्की के रूप में हुई है। वह बाहवड़ी की पूर्व प्रधान बबली का पति व कुख्यात बदमाश सागर मलिक का चाचा बताया जा रहा है।बताया गया है कि विवेक उर्फ विक्की दोघट क्षेत्र में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। इसी दौरान हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की आशंका जताई है। इस मामले में बाहवड़ी के पूर्व प्रधान बिजेंद्र के बेटे प्रिंस का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक विक्की के भतीजे सागर ने पूर्व प्रधान देवेंद्र की मुजफ्फरनगर कोर्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ओर उसी का बदला लेने के लिए सागर के चाचा विवेक उर्फ़ विक्की की हत्या कर दी गई।दोघट थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्रिंस, रजत, लोकेन्द्र और एक महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपितों की तलाश की जा रही है। एसपी बागपत सूरज कुमार राय का कहना है कि हत्या के मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ जारी है।

## कोतवाल पवन पाण्डेय की तत्परता से घर से फरार हुई किशोरीयों को किया बरामद

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दो किशोरियों को दो युवक बहला फुसलाकर ले गए थे जिसके बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था पुलिस ने मंगलबार को दोनो किशोरियों को बरामद कर लिया सिमरिया ताल्लुका महाराजपुर की रहने वाली किशोरी को मोहल्ला कायस्थान का रहने वाला आदित्य कुमार व दूसरा मामला पिपरिया जयभद्र की रहने वाली किशोरी को सबलपुर निवासी अंकित पुत्र रविन्द्र बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था किशोरी को महिला हेल्प डेक्स और थाना पुलिस की टीम ने 48 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया पुलिस ने लापता किशोरीयो को नगर से बरामद कर लिया पुलिस ने किशोरीयो को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने बताया सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि सुबह उसकी 15 वर्ष की बेटी को बहला फुसलाकर ले गए काफी तलाश के बाद भी बेटी का कोई सुराग नहीं लग सका थाना प्रभारी पवन पाण्डेय ने लापता किशोरी की तलाश की जिसके चलते पुलिस टीम बरामदी के लिए रवाना हुई टीम ने नगर से ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया पुलिस टीम किशोरी को लेकर थाने पहुंची और पूछताछ की पूछताछ में किशोरी ने घटना की जानकारी दी फिलहाल पुलिस की कारवाही जारी है किशोरियों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# नगर आयुक्त ने एमआरएफ एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एरिया का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। नगर निगम वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा भेलूपुर क्षेत्र के भवनियां पोखरी स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट एरिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा M.R.F. सेंटर के वर्तमान स्थल को अपर्याप्त बताते हुए इसके विस्तार एवं बेहतर संचालन के दृष्टिगत इसे वर्तमान स्थान से स्थानांतरित कर शंकुल धारा स्थित ट्रांसफर स्टेशन के समीप उपलब्ध उपयुक्त रिक्त भूमि पर नया ख्र.ट.क्क सेंटर स्थापित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।इसी क्रम में नगर आयुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने पर विशेष जोर देते हुए डोर-टू-डोर कचरा संकलन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए, ताकि पर्याप्त मात्रा में वेस्ट की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके और प्लांट का संचालन सुचारु रूप से किया जा सके।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि काशी को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल शहर बनाने के लिए कचरा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित किया जाए।निरीक्षण के दौरान श्रीमती सविता यादव, अपर नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जलकल, श्री अगम कटियार, अधिशासी अभियंता (सिविल), जोनल स्वच्छता अधिकारी, सफाई निरीक्षक तथा वाराणसी वेस्ट सॉल्यूशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ने की यूपीनेडा व नगर विकास योजनाओं की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) तथा नगर विकास विभाग की विभिन्न गतिमान योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति तथा आने वाले समय की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी ली और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश में संचालित सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने बुंदेलखंड सहित अन्य जनपदों में स्थापित किए जा रहे सोलर प्रोजेक्ट, प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना तथा पीएम कुसुम योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं में तेजी लाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए, ताकि प्रदेश में स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के विस्तार से ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा तथा किसानों और आम नागरिकों को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री नरेंद्र भूषण ने मंत्री श्री शर्मा को अवगत कराया कि प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है और सोलर परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के कारण उत्तर प्रदेश जल्द ही इस क्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर विकास से जुड़ी योजनाओं का सीधा संबंध आम नागरिकों के जीवन स्तर से है, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

समीक्षा बैठक में स्मार्ट पालिका योजना, सीएम ग्रिड योजना, आकांक्षी नगर योजना, अमृत योजना तथा मुख्यमंत्री नगरोदय योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विकास किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और शहरों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# मासूम बालक के साथ कुकर्म कर बनाई वीडियो वायरल, परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झांसी । उत्तर प्रदेश के झांसी में नवाबाद थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बालक के साथ दो किशोरों ने सामूहिक कुकर्म कर वीडियो बनाई और वायरल कर दिया। घटना के बाद से बालक दहशत में था, लेकिन आरोपियों द्वारा वीडियो वायरल के बाद घटना की सच्चाई बालक के परिजनों को मिली तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की।

पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर बालक का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।नवाबाद थाना क्षेत्र के एक इंजीनियर कॉलेज के पास रहने वाले दलित परिवार के यहां सात मार्च को शादी समारोह का आयोजन था। परिवार के सभी लोग शादी समारोह में व्यस्त थे। इसी बीच दो किशोर उस बालक को अपने साथ बहला फुसला कर खंडहर में ले गए। जहां उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए सामूहिक कुकर्म किया और वीडियो बनाई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपितों ने बालक को किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चुप रहने की हिदायत दी। आरोपितों की धमकी से घबराया पीड़ित बालक चुपचाप अपने घर में क्षुब्ध होकर रहने लगा। दो दिन तक परिवार से कोई बातचीत नहीं करने और गुमसुम रहने पर परिवार के लोगों ने उससे जानकारी लेने का काफी प्रयास किया। लेकिन दहशत के चलते बालक ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। बीते रोज वही वीडियो गांव में कुछ लोगों के मोबाइल पर वायरल कर दी गई। वायरल वीडियो लेकर एक व्यक्ति पीड़ित बालक के घर पहुंचा और पूरी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने बालक से जानकारी लेने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए वीडियो कब्जे में लेकर तत्काल आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़ित बालक का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।इनका है कहनाइस संबंध में नवाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक रवि श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मासूम का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# परिषदीय विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण में मजदूर बना मासूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में इंसानियत और कानून को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के काशीराम का पुरवा, मौजा डोभियारा स्थित एक विद्यालय में बाउंड्रीवाल निर्माण के दौरान मासूम बच्चों से ईंट और मसाला ढुलवाने का काम कराया गया। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है। फिलहाल वायरल वीडियो की पुष्टि समाचार पत्र नही करता है वीडियो में एक जिम्मेदार का बयान न सिर्फ हैरान करने वाला है, बल्कि बाल अधिकारों और कानून की खुली अवहेलना भी माना जा रहा है।

जिन नन्हें हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए, जिम्मे दारो द्वारा नाबालिग बच्चो से निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। इस घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों में इस मामले को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि विद्यालय परिसर में बच्चों से मजदूरी कराना बाल श्रम कानून का सीधा उल्लंघन है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल पूरे मामले में शिक्षा विभाग और प्रशासन की भूमिका पर भी निगाहें टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित शिक्षक और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यह घटना न सिर्फ शिक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है, बल्कि बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दे को भी उजागर करती है। इस बावत बल्दीराय के खन्ड शिक्षा अधिकारी श्याम विहारी ने बताया कि इसकी जानकारी है। फिलहाल प्रकरण की जांच करवाई जाएगी और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ब्लांक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्म अन्य अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्त विकासखण्डों के सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ है।जनपद के कई नव युगलों का विवाह सम्पन्न कराया गया।इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वर-वधू को आवश्यक उपहार समाग्री वितरित कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया। नव दाम्पत्य जोडों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की इस पुनीत और पावन बेला पर नव दाम्पत्य को आशीर्वाद एवं शुभकामना देते हुए उत्तरोत्तर वृद्धि करने की कामना की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक विवाह की पावन बेला पर नव युगल को पवित्र गठबंधन के दाम्पत्य सूत्र के आत्मीय सम्बन्धों के साथ गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर जन्म जन्मांतर के पारिवारिक एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के कर्तव्य निर्वाहन हेतु जीवन की नई पारी पर वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पॉलिसी संख्या 310711223, जो एलआईसी (यमुनापार शाखा) में चम्पा देवी के नाम से संचालित है। चम्पा देवी और पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय गजराज सिंह, दोनों नाम एक ही महिला के हैं। अतः भविष्य में पुष्पा देवी एवं चम्पा देवी, निवासी गुरुदत्त का पूरा (सिगटी), पोस्ट बिगहना, तहसील मेजा, जिला प्रयागराज, के नाम को लेकर किसी प्रकार का भ्रम न रखा जाए।

# मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार गोली लगने से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना टूण्डला पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात्रि क्षेत्र में लूट की घटना करने वाले 02 अभियुक्तगणों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल दोनों अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना टूंडला प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मंगलवार देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना पर चोरी, छिनैती व लूट की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तगण ओमवीर पुत्र पप्पू निवासी ग्राम नागऊ थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद एवं अमन पुत्र सतीश चन्द्र निवासी ग्राम नागऊ थाना टूण्डला को पुराना बाईपास रोड गेल गैस से पहले बाई ओर खाली प्लाट थाना क्षेत्र टूण्डला से पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया । अभियुक्तों से लूट की घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 04 खोखा करातूस 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 03 मोटर साइकिल, 2 मोबाइल बरामद किए है।उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को थाना टूण्डला पर पीड़ित अमित पुत्र नारायण सिंह निवासी नया रसूलपुर, माता वाली गली नं 6 थाना रसूलपुर ने मोटर साइकिल लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने इस घटना को अंजाम दिया था।एएसपी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हुए है। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| Auction catalogue No./ Lot no. | Ctg-lko-bsb-4-2 |
| Description of Work | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| Catalogue Published on | 09.03.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 25.03.2026 at 11:00 hrs. |
| Auction close Date/Time | 25.03.2026 at 12:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

Details of catering stalls to be auctioned are as under: -

| S N | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-199-26-1 | LKO/PF-6&7/27 | 25.03.2026 at 11:30 hrs. | SMU | SC |
| 2 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-201-26-1 | LKO/PF-2&3/6 | 25.03.2026 at 11:40 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |
| 3 | Varanasi | Catg-LKO-BSB-SMU-109-25-1 | BSB/PF-10&11/214 | 25.03.2026 at 11:50 hrs. | SMU | SC (Women) |
| 4 | Lucknow | Catg-LKO-LKO-SMU-200-26-1 | LKO/PF-6&7/26 | 25.03.2026 at 12:00 hrs. | SMU | FF/WW/ WRW/LD |

No. C-285-E-Tender/SMU/D.E.F/2022/JSM Date:- 11.03.2026 814/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अलीगंज में अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर एवं जोनल कार्यालय (जोन–3) का लोकार्पण

❐ ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ने किया उद्घाटन, महापौर सुषमा खर्कवाल रहीं उपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अलीगंज के सेक्टर बी में निर्मित अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर एवं जोनल कार्यालय (जोन-3) का बुधवार को लोकार्पण किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने इस आधुनिक भवन का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम रक्षा मंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह तथा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आयोजित किया गया। लोकार्पण समारोह में लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि लखनऊ उत्तरी के विधायक डॉ. नीरज बोरा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद पृथ्वी गुप्ता नगर आयुक्त गौरव कुमार जी, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, जोनल अधिकारी आकाश कुमार, जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। नगर निगम लखनऊ के इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के निर्माण पर लगभग 13.11 करोड़ रुपये की लागत आई है। अलीगंज के सेक्टर बी में पानी की टंकी के पास स्थित यह भवन लगभग 2184 वर्ग मीटर परिसर में विकसित किया गया है, जबकि भवन का कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 1297.50 वर्ग मीटर है। भवन को तीन तल–भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल–में तैयार किया गया है।भवन के भूतल पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से सीनियर सिटीजन कम्युनिटी एंड रिक्रिएशनल सेंटर बनाया गया है। यहां मनोरंजन एवं गतिविधि कक्ष, जिम एवं योग कक्ष, लगभग 800 पुस्तकों से सुसज्जित पुस्तकालय, वित्तीय एवं कानूनी परामर्श कक्ष तथा कैफ़ेटेरिया की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा महिला, पुरुष और दिव्यांगजनों के लिए पृथक शौचालय की भी व्यवस्था की गई है, जिससे सभी वर्गों के नागरिकों को सुविधा मिल सके।भवन के प्रथम तल पर जोनल अभियंत्रण कार्यालय स्थापित किया गया है, जहां नागरिकों की सुविधा के लिए 16 पटल काउंटर बनाए गए हैं। इन काउंटरों के माध्यम से गृहकर, अभियंत्रण, जलकल, मार्ग प्रकाश, संपत्ति विभाग, उद्यान विभाग, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, नामांतरण, प्रचार एवं अतिक्रमण से संबंधित सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे नागरिकों को नगर निगम के विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

द्वितीय तल पर जोन-3 का जोनल कार्यालय स्थापित किया गया है, जहां से क्षेत्र से जुड़े प्रशासनिक और प्रबंधन कार्य संचालित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार इस केंद्र के शुरू होने से अलीगंज सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को नगर निगम की सेवाएं अधिक सुगमता और पारदर्शिता के साथ मिल सकेंगी। इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों में आधुनिक और नागरिक केंद्रित सुविधाओं को विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जोन 3 में बनाया गया यह जोनल कार्यालय अत्याधुनिक एवं हाईटेक सुविधाओं से युक्त है, जहां नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसी तर्ज पर आधुनिक और हाईटेक जोनल कार्यालय विकसित किए जाएंगे, ताकि शहरी निकायों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाया जा सके। इससे जोन 3 के लोगों को नगर निगम की सेवाओं के लिए दूर-दूर तक भटकना नहीं पड़ेगा और सभी महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से शहर के विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिलेंगी।

# गैस खत्म होने की अफवाह पर प्रशासन सख्त

❐ शहर में शुरू हुआ निरीक्षण अभियान

❐ सर्वर डाउन होने से वितरण प्रभावित, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शहर में गैस खत्म होने की अफवाह फैलने के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासन ने साफ किया है कि शहर में गैस या पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, बल्कि गैस सप्लाई कंपनियों का सर्वर डाउन होने के कारण वितरण में देरी हो रही है।

ज्योति गौतम (एडीएम सप्लाई) ने स्पष्ट किया कि गैस खत्म होने की खबर पूरी तरह झूठी है। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से सर्वर में समस्या आने से गैस की डिलीवरी प्रभावित हुई है, जिसे ठीक करने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण कई जगहों पर उपभोक्ताओं को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे लोगों में घबराहट फैल गई। प्रशासन इस समस्या को दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और जल्द ही स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रशासनिक टीमें जांच और निरीक्षण कर रही हैं। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। अधिकारियों के अनुसार गैस की कोई कमी नहीं है और जैसे ही सर्वर की समस्या खत्म होगी, सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

बताते चले बीते कुछ दिनों से शहर में गैस की किल्लत की अफवाहे फैल गयी। यही नहीं ग्राहकों के एजेसी वाले के पास पहुचे पर उन्हें गैस भी उपलब्ध नहीं हुई जिससे ग्राहकों में तरह तरह की अफवाहे फैलने लगी। इसके लेक आकर आज प्रशानिक अधिकरियों ने इस मामले ठोस कदम उठाते हुए ग्राहकों से अपील की है कि गैस की कोई किल्लत नहीं ग्राहकों को गैस मिल रहे।

# नगराम में निकली भव्य कलश यात्रा, द्वितीय श्री शिव महापुराण कथा का हुआ भव्य शुभारंभ

❐ आयोजकों के अनुसार यह पावन कथा 11 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम कस्बा स्थित कटरा में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ द्वितीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हो गया। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

आयोजकों के अनुसार यह पावन कथा 11 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण करेंगे।कथा का वाचन नैमिषारण्य से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अवधेश नंदन मिश्र द्वारा किया जा रहा है। उनके साथ आचार्य शिवकांत शुक्ला भारद्वाज जी महाराज तथा बाल व्यास श्याम जी अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को शिव महापुराण की दिव्य कथाओं से भाव-विभोर करेंगे।?इस धार्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक डॉ. रमेश चौरसिया (पूर्व सभासद) हैं। उनके साथ राम आधार वर्मा, अध्यक्ष सुशील गुप्ता, कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, सज्जन कश्यप, सुरेंद्र रावत, पिंटू रावत सहित समिति के अन्य सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की

# आनंद कारज की स्वीकृति पर सिक्ख समुदाय के लोग सीएम से मिले, जाहिर की खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददात




लखनऊ । मंत्री सरदार बलदेव सिंह ओलख के नेतृत्व में बुधवार को एक सिक्ख प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा ‍ऋआनंद विवाह रजिस्ट्रेशन नियमावली 2026 (आनंद कारज) को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर पूरे सिक्ख समाज की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक धन्यवाद और बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के सिक्ख समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है, जिससे सिक्ख परंपरा के अनुसार संपन्न होने वाले आनंद कारज विवाहों के पंजीकरण में सुविधा प्राप्त होगी। प्रतिनिधिमंडल ने समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं जनहित के मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री से सकारात्मक चर्चा की। इस मौके पर दिलप्रीत सिंह डी.पी., लखविंदर पाल सिंह, रणवीर सिंह कलसी, सुरिंदर पाल सिंह बख्शी, गुरबाज सिंह, परविंदर सिंह, निर्मल सिंह, हरविंदर सिंह लार्ड, हरपाल सिंह तथा गुरविंदर सिंह छाबड़ा जी उपस्थित रहे। समाजसेवी दिलप्रीत सिंह ने बताया कि योगी आदित्यनाथ जी ने इस अवसर पर प्रदेश के समस्त सिक्ख समुदाय को बधाई देते हुए उन्हें संगठित रहकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का संदेश दिया।

## हरे पेड़ों की अवैध कटान पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** माल थाना क्षेत्र के रसीद खेडा गाँव में गत रात लकड़ी ठेकेदार ने बिना परमिट हरे पेडों को कटवाया था। वन दरोगा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र की मंझी पंचायत के मजरे रसीद खेडा गाँव निवासी किसान मुन्नी लाल पुत्र बैजू के डेढ़ दर्जन आम के व तीन पेड़ गूलर के काटने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर वन दरोगा दिलीप सिंह ने आस पास लोगों से पता किया। तो मालूम चला कि अटरिया गाँव निवासी राजापूत पुत्र मेवालाल ने चोरी से पेड़ कटवा कर लकड़ी उठा ले गया है।जिसकी वन दरोगा द्वारा लिखित शिकायत पर पुलिस ने वन उपज संरक्षण अधिनियम के। तहत धारा4/10व3/28 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## समेसी में राकस वीर बाबा मंदिर पर सजेगा दो दिवसीय मेला, दंगल, आल्हा गायन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजेगा क्षेत्र

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के समेसी स्थित राकस वीर बाबा मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन ग्राम प्रधान अशोक कुमार के नेतृत्व में कराया जा रहा है, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि मेले के पहले दिन भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें महिला और पुरुष पहलवान अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। दंगल में दूर–दूर से पहलवान भाग लेंगे, जिससे मेले में खासा उत्साह और रोमांच देखने को मिलेगा। वहीं मेले के दूसरे दिन दिन में मशहूर आल्हा गायिका काजल सिंह द्वारा आल्हा गायन प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। इसके अलावा रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ग्राम प्रधान के अनुसार यह मेला क्षेत्र की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो हर वर्ष उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले का आनंद लेने की अपील की है।

## गैस और पेट्रोल की किल्लत से आम जनता परेशान, लंबी कतारों में घंटों इंतजार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर में इन दिनों रसोई गैस और पेट्रोल की किल्लत से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। कई जगहों पर लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार सप्लाई में कमी के कारण कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल सीमित मात्रा में ही उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं रसोई गैस की आपूर्ति भी प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इस कारण गृहिणियों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।शहर के कई इलाकों में उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग कराने के बाद भी कई दिनों तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है। वहीं पेट्रोल पंपों पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। आम जनता की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंचीं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, बेटियों के सम्मान और योजनाओं का दिया संदेश

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का स्थानीय चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने नवजात कन्याओं और उनके परिजनों के साथ मिलकर केक काटकर बेटियों के जन्म का उत्सव मनाया।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नवजात बच्चियों की नानी, दादी, बुआ, मामी सहित अन्य परिजनों के साथ संवाद कर समाज में बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से सुकन्या समृद्धि योजना में अधिक से अधिक भागीदारी कर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने का आह्वान किया,इस दौरान उपाध्यक्ष ने चिकित्सालय के विभिन्न विभागों जैसे ट्टगएठ, खख्रए वार्ड और लेबर रूम का भी निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद नवजात शिशुओं और उनके परिजनों से मुलाकात कर कन्या जन्मोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाया जाएगा।कार्यक्रम के क्रम में उन्होंने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां संचालित सेवाओं की जानकारी ली और महिलाओं को मिलने वाली सहायता के बारे में जागरूकता का संदेश भी दिया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी तथा वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज अर्चना सिंह सहित चिकित्सालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# नशे के लिए पैसे न देने पर बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

❐ गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में चल रहा इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर , लखनऊ । क्षेत्र के बेहसा में बुधवार को पारिवारिक विवाद ने तब हिंसक रूप ले लिया जब नशे के लिए पैसे न मिलने से नाराज बेटे ने अपने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सरोजिनी नगर पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर लगभग 3:20 बजे कंट्रोल रूम के माध्यम से थाना सरोजनी नगर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बेहसा में एक व्यक्ति ने अपने पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल संतलाल रावत (60) पुत्र स्वर्गीय रामदास, निवासी ग्राम बेहसा को एम्बुलेंस से उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद संतलाल रावत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घायल का पुत्र नीरज रावत (35) नशे का आदी है और नशे के लिए अपने पिता से पैसे मांग रहा था। पैसे देने से मना करने पर उसने गुस्से में आकर अपने पिता पर बांके (धारदार हथियार) से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही घायल की बेटियां अस्पताल पहुंच गईं। वहीं वारदात के बाद आरोपी नीरज रावत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

# एकल अभियान के आचार्य सम्मान समारोह में सैकड़ों बहनों का हुआ सम्मान

❐ शिक्षा सेवा को सराहा गयासमाजसेवी नागेश वर्मा ने आचार्य बहनों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोसाईगंज , लखनऊ । एकल अभियान अंचल-लखनऊ के अंतर्गत बुधवार को गंगागंज स्थित सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी परिसर में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके आयोजक समाजसेवी नागेश वर्मा रहें।

कार्यक्रम में शिक्षा सेवा से जुड़ी 55 आचार्य बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि एकल अभियान के अंतर्गत पूरे अंचल लखनऊ में 14 संचों के माध्यम से लगभग 480 विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इससे पहले 27 फरवरी 2026 को भी नागेश वर्मा द्वारा 82 बहनों का सम्मान किया गया था। समारोह में नागेश वर्मा ने आचार्य बहनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एकल अभियान समाज के अंतिम पायदान तक शिक्षा की ज्योति पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन आचार्य बहनों की मेहनत और समर्पण से गांव-गांव में शिक्षा का उजाला फैल रहा है। कार्यक्रम में अनिल वर्मा, अंचल अभियान प्रमुख संतोष कुमार, अंचल गतिविधि प्रमुख मेवालाल, संच गोसाईगंज के संच प्रमुख जगदीश, संच गंगागंज की संच प्रमुख नीतू पाल तथा संच खुजौली की संच प्रमुख सोनिया दिव्या सहित संयुक्त संचों की 55 बहनें उपस्थित रहीं। समारोह के अंत में सभी आचार्य बहनों को समाजसेवी नागेश वर्मा द्वारा सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवर और नकदी लेकर हुए फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के माल थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रत्येक हफ्ते अज्ञात चोरों द्वारा कहीं न कहीं वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग दहशतजदा हैं। मंगलवार को माल थाना क्षेत्र के पतौना गांव निवासी शिवराम के घर पर कोई मौजूद नहीं था।इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर की दीवाल में नकब लगाकर घर में प्रवेश कर गये और कमरे का ताला तोड़ कर अंदर रखे बक्से में रखे जेवर एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी टप्स, एक सोने के और एक जोड़ी पायजेब, दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया और लगभग पच्चीस हजार की नकदी बतौर कर फरार हो गये। पीड़ित जब घर पहुंचा तो उसे चोरी होने की जानकारी मिली। थाने पर दिए गए शिकायती प्रार्थनापत्र में पीड़ित शिवराम ने लिखा है कि ग्रामीणों ने बताया कि शाम से ही गांव का ही रहने वाला अनिल उर्फ खुजरू मंगलवार को घर के आस पास कई बार चहल कदमी करता देखा गया था लेकिन तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस ने शिवराम के घर चोरी का मुकदमा अभी तक दर्ज नहीं किया है। मात्र जांच कह कर मामले को दफन करने की फिराक में रहती है क्योंकि थाना क्षेत्र की सालेह नगर के मजरे हरिहरपुर गांव निवासी कृष्णपाल यादव यादव के घर से गत22फरवरीनको लगभग ढाई लाख के जेवर और पंचाननबे हजार(95000)की नकदी चोरी का अभी तक मुकदमा दर्ज किया गया है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# प्रगति परियोजना की ओर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

❐ कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान के प्रति जागरूक किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । विकास खंड गोसाईगंज के डालखेड़ा गांव स्थित 'द उत्सव मैरिज हॉल' में डियोसीज़न सोशल वर्क सोसाइटी लखनऊ की ओर से चलाए जा रहे प्रगति परियोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। परियोजना - समन्वयक रजनी रानी ने परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसी के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरित किया गया।डी.एस.डब्ल्यू.एस. के निदेशक फादर रोनाल्ड डी'सूजा ने कहा, कि ''अगर मां नहीं होती तो मैं नहीं होता। इसलिए आज सभी महिलाओं को विशेष सम्मान और धन्यवाद है।'' उन्होंने कहा कि वे प्रगति - परियोजना की महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।वे चाहते है कि महिलाएं समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित करें।इस मौके पर गोसाईगंज ब्लॉक से रश्मि सिंह, बीएमएम मिथिलेश (एन.आर.एल.एम.), उपनिरीक्षक प्रकाश राय एवं उनकी टीम, युवा जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा, दिलीप पटेल सहित अन्य तमाम लोग शामिल रहे।डी.एस.डब्ल्यू.एस. के निदेशक फादर रोनाल्ड डी'सूजा ने भावुक संबोधन में कहा, ''अगर मां नहीं होती तो मैं नहीं होता, इसलिए आज सभी महिलाओं को विशेष सम्मान और धन्यवाद।'' उन्होंने जोर दिया कि प्रगति परियोजना महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें।

# विशेष रोल प्रेक्षक की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल (आईएएस) की अध्यक्षता में आज एनआईसी सभागार में लखनऊ मण्डल के निर्वाचन कार्यों की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाख जी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। लखनऊ मण्डल के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारियों ने बैठक में भौतिक रूप से प्रतिभाग किया, जबकि अन्य जनपदों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में सभी जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने-अपने जनपद की भौगोलिक स्थिति तथा निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान केन्द्रों, मतदेय स्थलों, बीएलओ की तैनाती, गणना प्रपत्रों की प्रगति, मतदाताओं की मैपिंग की स्थिति तथा डिजिटाइज किए गए प्रपत्रों की अद्यतन जानकारी दी गई। साथ ही बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान चिन्हित किए गए एएसडी श्रेणी के मतदाताओं की संख्या तथा उनके सत्यापन के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी विस्तार से जानकारी दी गई।समीक्षा के दौरान विशेष प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने निर्देशित किया कि Mapping C²å Logical Error के संबंध में जारी नोटिसों की सुनवाई पूर्ण होने के बाद उन्हें तत्काल ऑनलाइन किया जाए। आलेख्य प्रकाशन अवधि में प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का बीएलओ के माध्यम से नियमानुसार सत्यापन कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय-समय पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित कर उन्हें सभी तथ्यों से अवगत कराया जाए।

# कमलापुर चीनी मिल गेट पर मजदूरों का धरना शुरू, प्रबंधन के खिलाफ तेज हुआ आंदोलन

❒ मजदूरों ने तीन दिवसीय धरने का ऐलान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कमलापुर, सीतापुर। कमलापुर चीनी मिल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान न दिए जाने से नाराज भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ ने बुधवार से चीनी मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया। मजदूरों ने तीन दिवसीय धरने का ऐलान करते हुए प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सिधौली और सीओ सिधौली ने हस्तक्षेप करते हुए कमलापुर थाने में मिल प्रबंधन के जीएम और मजदूर संघ के पदाधिकारियों के बीच वार्ता कराई, लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। इसके बाद मजदूर संघ ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ तय कार्यक्रम के अनुसार चीनी मिल गेट पर धरना शुरू कर दिया।धरने में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह मानव, राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू, भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्ध और भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ के सचिव अरुण कुमार तिवारी सहित कई संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।संगठित नेताओं ने कहा कि यदि मजदूरों की मांगों को जल्द नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मयंक सिंह मानव ने कहा कि मजदूरों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को जिले स्तर से प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा।राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने कहा कि मजदूरों की जायज मांगों को नजरअंदाज करना अन्याय है। संगठन मजदूरों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और जरूरत पड़ी तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि कर्मचारियों का बकाया वेतन और भविष्य निधि न देना गंभीर मामला है। जब तक मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा तब तक संघर्ष जारी रहेगा।प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने कहा कि मिल प्रबंधन लगातार कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।संयुक्त किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्ध ने कहा कि मजदूरों की एकता से ही उनके अधिकार मिलेंगे। सभी संगठन मिलकर मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे।मजदूर संघ के सचिव अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि कई बार मांगें उठाने के बावजूद प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे मजदूरों में भारी नाराजगी है। जब तक सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा।मजदूरों की प्रमुख मांगेंसभी पुराने कर्मचारियों को तत्काल जॉइन कराया जाए।कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।बकाया भविष्य निधि (पीएफ) जमा कराई जाए।बंदी के दौरान मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाए तथा मृतक व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान किया जाए।धरना शुरू होने से चीनी मिल परिसर में हलचल तेज हो गई है।

# गरीबों के लिए उम्मीद की किरण बना नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों मरीजों को मिला इलाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ शिविर में करीब 250 मरीजों की मुफ्त जांच, परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया।

सकरन, सीतापुर । गांजर क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए रविवार को एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब समाजसेवी डॉ. लीलाधर राज के प्रयासों से एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में करीब 250 मरीजों की मुफ्त जांच, परामर्श और दवाइयों का वितरण किया गया। इस पहल से क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को राहत मिली।एक्विटी हेल्थकेयर के सहयोग से आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर सांडा के निकट सिंघापुर स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर परिसर में लगाया गया, जहां सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। दूर-दराज गांवों से पहुंचे लोगों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी बीमारियों की जांच कराई और मुफ्त दवाइयां प्राप्त कीं।शिविर में डॉ. मेजर विशाल गुप्ता (नेत्र सर्जन एवं रेटिना विशेषज्ञ) ने आंखों से संबंधित रोगों की गहन जांच की और कई मरीजों को उचित उपचार व सलाह दी। वहीं डॉ. आकांक्षा गुप्ता (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. पी. के. मिश्रा और डॉ. अनामिका त्रिपाठी ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया। डॉक्टरों की टीम ने करीब 250 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं।शिविर के आयोजक समाजसेवी डॉ. लीलाधर राज ने बताया कि गांजर क्षेत्र आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। यहां के कई गरीब लोग आर्थिक तंगी के कारण न तो समय पर जांच करवा पाते हैं और न ही उचित इलाज करा पाते हैं। ऐसे में जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है।उन्होंने कहा, ईश्वर ने जो समय और अवसर दिया है, उसी के अनुसार मैं मानवता की सेवा के लिए प्रयास कर रहा हूं। जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है और यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।स्वास्थ्य शिविर के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और उन्हें बिना खर्च के विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज मिल जाता है।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होते रहेंगे, जिससे क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## फतेहपुर में अवैध खनन मामले में दो ट्रैक्टर व एक जेसीबी जब्त

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में जहानाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार/बुधवार की दरमियानी रात अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ नायब तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन को टीम के साथ पकड़ लिया गया।नायब तहसीलदार प्रतिमा द्विवेदी ने बताया कि क्षेत्र में करीब 20 दिनों से लगातार अवैध खनन होने की शिकायत मिल रही थी। इसी क्रम में बीती देर रात जहानाबाद थाना क्षेत्र के पनिहा नाला के पास मिट्टी का अवैध खनन किए जाने की शिकायत पर प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए खनन में लगे दो ट्रैक्टर और एक जेसीबी को पकड़ लिया। पकड़े गए।

# डीएम-एसपी ने शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर की बैठक

❒ अलविदा के दिन सड़कों पर छुट्टा पशु न घूमें, डेयरी संचालक अपने पशुओं को सड़कों पर न निकालें-डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। आगामी अलविदा और ईद के त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं एसपी राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में बैठक हुई।

बैठक में बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्यों और धर्मगुरुओं ने बताया कि 13 मार्च दिन शुक्रवार को विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में अलविदा की नमाज होगी तथा इसके बाद आगामी दिनों में ईद की नमाज का आयोजन सभी मस्जिदों में किया जाएगा। इसके अलावा ईदगाह कमेटी के सदस्यों एवं धर्मगुरुओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया और उन्होंने मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था, छुट्टा पशुओं को नियंत्रित करने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही जिन स्थानों पर सड़कें खुदी हुई हैं, वहां धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव कराए जाने की भी मांग रखी। जिसपर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद की प्रमुख मस्जिदों तथा ईदगाह के मार्गों का निरीक्षण कर सड़कों की मरम्मत कार्य जल्द कराएं। आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए और चूना छिड़काव कराएं। कहा कि अलविदा के दिन सड़कों पर छुट्टा पशु न घूमने पाएं और डेयरी संचालक अलविदा के दिन अपने पशुओं को सड़कों पर न निकालें, जिससे आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए, ताकि नमाज के समय किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। एसपी ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शहर पेश इमाम हुजूर अहमद मंजरी से कहा कि किसी भी स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कॉल करके समस्या से अवगत करा सकते हैं। दोनों अधिकारियों ने रमजान अलविदा एवं ईद का त्योहार जनपद में आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने की भी अपील की। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण सहित अन्य संबंधित अधिकारियों मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



खैराबाद, सीतापुर। कंपोजिट वार्षिक उत्सव मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत दीप जला कर प्रधान आचार्य कु विभा त्रिपाठी ने किया बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए , सहायक शिक्षिका प्रीति कुमारी ने छात्रों के कार्यक्रम का निर्देशन किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री शिव भगवान जी थे ,पद्दद अध्यक्ष श्री योगेन्द्र कुमार, प्रधान प्रतिनिधि श्री राम खेलावन जी अभिभावक जन एवम ग्राम निवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे, समस्त विद्यालय स्टॉफ वरिष्ठ शिक्षिका नसीरा खातून जी , क़मर बानो जी विजय भारती जी विमलेश जी, सुधीर कुमार जी एवं धनपाल जी उपस्थित रहे । बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुतियों से सब का मन मोह लिया , अंत में शिव भगवान जी के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं आशीर्वचन दिया गया और मिष्ठान वितरण किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में गेहूं खरीद तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। रवी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद में गेहूं खरीद एवं भण्डारण व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी क्रय संस्थाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में स्वीकृत 158 गेहूं क्रय केन्द्रों को शीघ्र सक्रिय किया जाए। संबंधित संस्थाएं अपने क्षेत्रीय मंडी सचिवों से समन्वय स्थापित करते हुए सभी क्रय केन्द्रों पर आवश्यक उपकरण, अभिलेख एवं किसानों की सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सभी केन्द्रों को 17 मार्च 2026 से पूर्व पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जा सके। कहा कि खाद्य विभाग के ई-उपार्जन पोर्टल पर गेहूं विक्रय के लिए किसानों का पंजीकरण कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करने के लिए शीघ्र अपने मोबाइल फोन अथवा जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण कराएं। जिससे समय से सत्यापन हो सके और उन्हें अपनी उपज के विक्रय में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। फसल की कटाई के बाद किसान अपनी सुविधा के अनुसार पंजीकरण प्रपत्रों सहित निकटतम गेहूं क्रय केन्द्र से संपर्क कर टोकन प्राप्त करें तथा निर्धारित तिथि पर ही अपना गुणवत्तापरक गेहूं विक्रय हेतु लेकर आएं। डीएम ने सभी क्रय संस्थाओं को निर्देशित किया कि उनके केन्द्र प्रभारी 17 मार्च 2026 से प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक क्रय केन्द्रों पर उपस्थित रहकर गेहूं खरीद का कार्य करेंगे। केन्द्रों पर आने वाले किसानों के साथ सहयोग पूर्ण व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। गेहूं खरीद से संबंधित शिकायतों एवं सुझावों के लिए नियंत्रण कक्ष/हेल्प डेस्क नंबर 05842-221986 तथा व्हाट्सएप नंबर 95190-63411 जारी किए गए हैं। कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप गेहूं न होने की स्थिति में उसकी नीलामी प्रतिदिन मंडी में व्यापारियों और केन्द्र प्रभारियों की उपस्थिति में दो बार बोली लगवाकर कराई जाएगी, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। किसान निर्धारित मानकों के अनुसार गेहूं को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही क्रय केन्द्रों पर लाएं, जिससे सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर विक्रय के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, समस्त मंडी सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम बरेली के क्षेत्रीय प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली, असलहा समेत गिरफ्तार

❒ घायल बदमाश को उपचार के लिए कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कानपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक शातिर लुटेरे सुमित कुमार के पैर में गोली लग गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका दूसरा साथी आदित्य सोनकर मौके से फरार हो गया।

घायल बदमाश को उपचार के लिए कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है।बंबा रोड निवासी कुसुम तीन मार्च को गृहस्थी का सामान खरीदने के लिए बाजार गई थीं। इसी दौरान महाराणा प्रताप स्कूल के पास पीछे से आए स्कूटी सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली और फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र और सर्विलांस की मदद से कई अहम सुराग जुटाए। आज बारासिरोही नहर पुल के पास पुलिस ने जब संदिग्ध स्कूटी सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक भागने लगे। पीछा करने पर स्कूटी के पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।पुलिस ने रक्षात्मक कार्रवाई करते हुए जवाबी फायर किया, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। वहीं उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश की पहचान सुमित कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से एक देसी तमंचा, कारतूस, 9200 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुई है। आरोपित पर लूट के चार मुकदमे दर्ज हैं। फरार बदमाश की पहचान आदित्य सोनकर के रूप में हुई है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमों द्वारा दबिश दी जा रही है।

# रोडवेज बस और कार की टक्कर में तीन युवकों की मौत, दो घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर । थाना अल्हागंज क्षेत्र में बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर रोडवेज बस और कार की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भर्ती कराया और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


थाना अल्हागंज क्षेत्र में बुधवार सुबह बरेली फर्रुखाबाद हाईवे पर सुगसुगी मोड़ से पहले रोडवेज बस और कार की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के मुड़ा खालसा अमीन नगर निवासी 30 वर्षीय अरुण, 32 वर्षीय ऋषभ और 30 वर्षीय संजय की मौत हो गई। जबकि लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव मूड़ाभाई छतौनिया निवासी अनिल और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। वहीं, पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## कलियुग की काली शक्तियों के प्रभाव को कम करने के लिये भागवत यज्ञ,रामायण आदि के कार्यक्रमों का होना अवश्यक हैं: मिथलेश कुमार



**खैराबाद, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** थाना खैराबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत हुसैनपुर कैमहरा मे पांच दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामलीला धनुष यज्ञ का आयोजन 12मार्च से 16मार्च तक किया जा रहा है मेले की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान मिथलेश कुमार ने बताया है गांव मे रामलीला कार्यक्रम हर वर्ष मनाया जाता है उन्होंने कहा कि ऐसे ही धार्मिक कार्यक्रमों के द्वारा भक्ति का प्रचार प्रसार भी बढेगा एवं लोगो की मानसिकता भी धर्म के कार्यो मे लगाव बढ़ाएगी जिससे लोगो का जीवन मानव कल्याण के लिए अग्रसर होगा उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह कलश यात्रा हुसैनपुर गांव से खैराबाद के पावन स्थल भुइया ताली तक विशाल शोभायात्रा के तहत निकाली जाएगी इसके अलावा रात्रि मे वृन्दावन धाम से आये हुए रामलीला नाट्य कंपनी के युवा एवं बाल कलाकारों द्वारा नाट्य कला का मंचन किया जायेगा इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण एवं क्षेत्र की जनता से अपील किया है यह सार्वजनिक कार्यक्रम है इसलिए अधिकाधिक संख्या मे लोग आये ओर होने वाले मेले की शोभा बढ़ाये आपकी उपस्थिति ही हमारे गौरव तथा आपके सम्मान का हमें अवसर मिलेगा इसी प्रकार से कलियुग की कालिमा को नष्ट करने मे सहायता मिल सकती है।

## गांजा के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 263 ग्राम अवैध गांजा और गांजा बिक्री के 2600 रुपए नकद बरामद किए।थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर किंग मैरिज लॉन के सामने हरदोई बाईपास पर खोखे के पास से 79 पैकेट में 263 ग्राम गांजा और 2600 रुपये नकद के साथ एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रोजा की आदर्श नगर कालोनी का रहने वाला अतुल उर्फ सौरभ पुत्र कमलेश है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अतुल उर्फ सैरभ ने बताया कि वो पहले ऑटो चालक था और करीब 3-4 दिन से मादक पदार्थ की तस्करी का काम कर रहा है। उसे अजयपाल नाम का व्यक्ति गांजा लाकर देता है और वो उस गांजा का एक पैकेट 50 से 100 रुपए के बीच बेचता है। बिक्री के रूपए वो और अजयपाल आपस में बांट लेते हैं। बताया कि अजयपाल के घर का उसे पता नहीं है। अजयपाल के घर का पता हरदोई चैराहे के पास भांग के ठेके का सैल्समैन सचिन जानता है। सचिन थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हुण्डालखेल में रहता है। फिलहाल, पुलिस ने अभियुक्त अतुल उर्फ सौरभ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है और प्रकाश में आए अभियुक्त अजयपाल और सचिन की तलाश शुरू कर दी है।

## जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल : गुड़िया कठेरिया

**औरैया, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत जलोखर एवं भडारीपुर में जल अपर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गुड़िया कठेरिया रहीं। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) इंजी अमन यादव, पवन कुमार सहायक अभियंता एवं पंकज कुमार,सहायक अभियंता रविकांत जूनियर इंजीनियर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा फर्म के प्रतिनिधि अशोक गुर्जर, देवेंद्र सिंह, टीपीआई एवं डीपीएमयू टीम, एफटीके महिलाएं, ग्राम प्रधान, विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।अधिकारियों ने बताया कि जलोखर पेयजल योजना के अंतर्गत 445 क्रियाशील गृह संयोजन तथा भडारीपुर पेयजल योजना के अंतर्गत 407 क्रियाशील गृह संयोजन किए जा चुके हैं। इन योजनाओं के माध्यम से गांव में सुबह और शाम क्लोरीनयुक्त स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने जल संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व पर भी प्रकाश डाला और ग्रामीणों से जल का सदुपयोग करने की अपील की।

# कार और बस की टक्कर में तीन की मौत व दो घायल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह कार और बस की आमने-सामने की टक्कर में कारसवार तीन लोगों की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अल्लाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार सुबह एक कार अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में सुगसुगी मोड़ के पास सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई । टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी लोगों को कार से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई।मृतकों की पहचान जनपद लखीमपुर खीरी निवासी अरुण, ऋषभ तथा संजय के रूप में हुई है तथा गौरव एवं अनिल घायल हुए हैं। सभी लोग 28 से 35 वर्ष के हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# एमबीए की छात्रा ने 13वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

❒ सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नोएडा । थाना बिसरख क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सौन्दर्यम सोसाइटी में मंगलवार की रात को एमबीए की छात्रा ने 13वीं मंजिल में फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान शिविका ठकराल (25) के रूप में हुई है।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि विनय ठकराल परिवार के साथ शेरोन टावर गौर सौन्दर्यम सोसाइटी में रहते हैं। उनकी पुत्री मोहाली से एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। साथ ही मोहाली में नौकरी भी करती थी। वह होली की छुट्टी पर घर आई थी। मंगलवार की रात सभी लोग खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गए थे।उन्हें गार्डों के माध्यम से जानकारी मिली कि उनकी पुत्री शिविका ठकराल ने तेरहवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही सोसाइटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मामले में परिजन की ओर से कोई शिकायत नहीं दी गई। परिजन आत्महत्या का कारण भी नहीं बता सके हैं। पुलिस ने परिजन और पड़ोसियों से आवश्यक जानकारी जुटाई है। साथ ही सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई है। घटना के समय की स्थिति स्पष्ट हो सके।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

❒ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा. सत्य प्रकाश यादव रहे




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, विद्याभवन, लखनऊ के निर्देश के क्रम में विकास क्षेत्र राही, रायबरेली का ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दरियापुर, रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को प्री प्राइमरी शिक्षा को लोकेटेड आगनबाड़ी केन्द्रों पर बढावा देने के लिये है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रोहनिया डा. सत्य प्रकाश यादव रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में प्रा.वि. राजापुर, प्रा.वि. बेहटा खुर्द, प्रा0वि0 कोडर जहानपुर के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उ.प्रा.वि. सराय मुगला के छात्रों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का संचालन स्वदेश रमण त्रिपाठी, एआरपी राही, रायबरेली द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केन्द्रों व प्री प्राइमरी विद्यालयों में भेजने एवं सम्य-समय पर आयोजित विद्यालीय बैठकों में प्रतिभाग करने की अपील करते हुए जनसमुदाय को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोडने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए छात्रों को पुरुस्कार प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। चहक कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले वंदना प्रा.वि. दिल्लीहार, ललिता बाजपेयी प्रा.वि. दरियापुर व बंदना प्रा.वि. राजापुर, अंजुल यादव प्रा.वि. विनोहरा, शिवानी सिंह प्रा.वि. बेहटाखुर्द, तृप्ति चौहान प्रा.वि. भैदपुर, कल्पना प्रा.वि. एकौना, अनुराग राठौर कपो.वि. कचौदा मो.पुर, प्रीती वर्मा प्रा.वि. पुरे जमुनिहा, जावित्री यादव प्रा.वि. बेला भेला, शिवकली गोंदवारा, श्यामलली राजापुर व वंदना श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री बेहटा खुर्द को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सिंह, आशीष कुमार साहू, दिलीप कुमार अजय सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार, राजकुमार त्रिपाठी, जतिन मौर्या, गिरजा शंकर, अमृतलाल आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, समस्त नोडल शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

## यूपी में मऊ जिले के किसान मखाने की खेती से बढ़ाएंगे अपनी आय

मऊ । उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में अब किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक नया रास्ता खुलता नजर आ रहा है। जनपद में तालाबों और जल स्रोतों की भरपूर उपलब्धता को देखते हुए मखाना की खेती की अपार संभावनाएं बताई जा रही हैं।कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी में उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंडों से करीब सौ किसानों ने भाग लिया।कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि मखाना आज सुपर फूड के रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। भारत में इसका सबसे अधिक उत्पादन बिहार में होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी तालाबों और अन्य जल स्रोतों में मखाना और सिंघाड़ा की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं।कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने किसानों को मखाना की खेती के लिए तालाब में जल प्रबंधन, रोग और कीट नियंत्रण तथा बुवाई की आधुनिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी।वहीं जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्त ने बताया कि सरकार किसानों को मखाना की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये तक का अनुदान दे रही है।

## विकास खण्ड जुनावई में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय चर्चा की गयी

संभल। जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के कम में आज दिनांक 11.03.2026 को ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी लक्ष्मीना देवी की अध्यक्षता में विकास खण्ड जुनावई सभागार में संपन्न हुई।

समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त सरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण जैसे विषय पर चर्चा की गयी। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी श्री तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181 112, 1076 आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकाल स्थिति में किया जा सकता है के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। सहायक विकास अधिकारी कुलदीप सिंह ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत स्तर की बैठक में समस्त सदस्यों की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए, इसमे किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग से देवेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सौरभ सेंगर, वेदप्रकाश, रिंकू सिंह, एवं आदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता व हरित पहल में मिसाल बना प्राथमिक विद्यालय दौतरा

❒ राष्ट्रीय स्तर पर हुआ आकलन, जनपद व राज्य में अव्वल रहने के बाद राष्ट्रीय, एसएचवीआर पुरस्कार की दौड़ में, एनसीईआरटी दिल्ली व नीरमान रिसर्च मुंबई की टीम ने किया विस्तृत आकलन




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (SHVR) प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत विकास क्षेत्र महराजगंज के प्राथमिक विद्यालय दौतरा का राष्ट्रीय स्तर पर आकलन किया गया। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में NCERT, नई दिल्ली एवं Neerman Research एजेंसी, मुंबई की दो अलग-अलग जाँच समितियों ने विद्यालय पहुँचकर निर्धारित मानकों के आधार पर निरीक्षण किया। विद्यालय के शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय दौतरा इससे पूर्व जनपद एवं राज्य स्तर पर निर्धारित 60 मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जिसके बाद विद्यालय का चयन राष्ट्रीय स्तर के आकलन हेतु किया गया। आकलन के दौरान गएक्टद्ध, नई दिल्ली से आए नितेश तिवारी ने विद्यालय के भौतिक परिवेश का निरीक्षण किया तथा बच्चों से स्वच्छता एवं पर्यावरण से संबंधित प्रश्न पूछे। साथ ही विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय एवं शेष दत्त गुप्ता से विद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी लिए। इसी क्रम में Neerman Research एजेंसी, मुंबई से आए जीवन सिंह ने विद्यालय के स्वच्छता से संबंधित भौतिक संसाधनों का 200 से अधिक मानकों पर विस्तृत आकलन किया तथा बाल संसद एवं क्ष्एग क्लब के सदस्य बच्चों से इस प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। जाँच समिति द्वारा विद्यालय के कायाकल्प, भौतिक संसाधनों तथा बच्चों द्वारा संचालित शैक्षणिक, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय गतिविधियों की वीडियोग्राफी भी की गई। इस आकलन के पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर 200 विद्यालयों को विजेता घोषित करते हुए राष्ट्रीय SHVR पुरस्कार 2025-26 से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा चयनित विद्यालयों के लिए अप्रैल माह में नई दिल्ली में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## नमाज पढ़ाने के मामले में इंचार्ज प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक निलंबित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। ब्लॉक अंबियापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय रिसौली में नमाज अदा कराने के मामले में इंचार्ज प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई दो सदस्यीय जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर की गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने दोनों शिक्षकों को निलंबित करते हुए उन्हें ब्लॉक संसाधन केंद्र सालारपुर से संबद्ध कर दिया है। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए तीन खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को जिम्मेदारी सौंपी गई है और उनसे 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। ब्लॉक अंबियापुर के गांव रिसौली स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में नमाज पढ़ाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए थे। इसके लिए गठित दो सदस्यीय टीम ने विद्यालय पहुंचकर पूरे प्रकरण की जांच की और अपनी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंप दी। जांच में सामने आया कि विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक किरन देवी की भूमिका इस प्रकरण में संदिग्ध पाई गई। जांच टीम के अनुसार सहायक अध्यापक के कहने पर एक छात्रा ने नमाज अदा करने की बात कही थी। इस आधार पर विभाग ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए किरन देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक रामौतार पर भी विद्यालय की कार्यप्रणाली पर अपेक्षित प्रशासनिक नियंत्रण न रखने का आरोप लगा है। विभागीय जांच में पाया गया कि प्रधानाध्यापक विद्यालय में अनुशासन और गतिविधियों पर समुचित निगरानी नहीं रख सके। इस कारण उन्हें भी जिम्मेदार मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए सालारपुर, उझानी और दहगवां के खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच अधिकारी नामित किया गया है। इन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरे प्रकरण की गहन जांच कर सभी पहलुओं की रिपोर्ट तैयार करें और 15 दिनों के भीतर विभाग को सौंपें। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** होली के दिन बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव कठौली में हुए विवाद के मामले में करणी सेना ने निष्पक्ष जांच की मांग की। इस संबंध में संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष करुणेश सिंह राठौड़ ने बताया कि चार मार्च को होली के दिन बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव कठौली में ग्रामीण एकत्र होकर डीजे बजाते हुए होली का पर्व धूमधाम से मना रहे थे। इसी दौरान गांव के एक लोगों से कहासुनी हो गई। आरोप है कि डीजे बंद कराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। कई युवकों पर दर्ज हुआ है मामला उन्होंने कहा कि जब युवकों ने डीजे बंद नहीं किया तो दूसरे पक्ष ने एससी एसटी एक्ट लगवाने की धमकी दी और गाली-गलौज की। इसी बीच उनके समाज के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और विवाद बढ़ गया। घटना के दौरान पथराव किया गया था। इसके बाद पुलिस में शिकायत की गई, जिसमें 40 से 50 युवकों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया गया। 15 युवकों को नामजद किया गया। करणी सेना के जिलाध्यक्ष करुणेश सिंह राठौड़ ने कहा कि पुलिस को इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। उनका कहना है कि या तो दोनों पक्षों की ओर से केस दर्ज किया जाए या फिर प्रशासन की पहल पर आपसी समझौता कराकर मामले का निस्तारण कराया जाए।

### सड़क किनारे नाले में मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी में पंखा रोड स्थित एक पैलेस के समीप बुधवार सुबह एक बुजुर्ग का शव नाले में मिला। मृतक की पहचान गांव नगला तैय्यदपुर बेनीनगला निवासी सेवाराम (60) के रूप में हुई। बदायूं के उझानी क्षेत्र में बुधवार सुबह नाले में 60 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार उझानी के पंखा रोड स्थित एक पैलेस के पास बुधवार सुबह करीब सात बजे लोगों ने नाले में बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा देखा। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसकी जेब से एक डायरी बरामद हुई, जिसमें लिखे मोबाइल नंबर पर कॉल करने के बाद मृतक की पहचान हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला तैय्यदपुर बेनीनगला निवासी सेवाराम (60) पुत्र नवाब सिंह के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के बेटे ह्रदेश ने बताया कि उझानी में भी उनका एक मकान है और सेवाराम अक्सर वहीं रुक जाया करते थे। इसी कारण रात में उनके बारे में किसी को जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि संभवतः शराब के नशे में संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया होगी हाईटेक, 16 मार्च से सेंसरयुक्त ट्रैक पर होगा टेस्ट

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। अब 16 मार्च से आवेदकों को सेंसरयुक्त आधुनिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर परीक्षा देनी होगी। बदायूं में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब 16 मार्च से स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदकों को सेंसर युक्त आधुनिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर परीक्षा देनी होगी। इस नई व्यवस्था के लागू होने से लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और केवल योग्य आवेदकों को ही लाइसेंस मिल सकेगा। एआरटीओ हरिओम कुमार के अनुसार बिल्सी रोड स्थित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर 16 मार्च से स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत की जाएगी। इस ट्रैक को आधुनिक सेंसर तकनीक से लैस किया गया है, जिसके माध्यम से आवेदक की ड्राइविंग क्षमता का निष्पक्ष और सटीक मूल्यांकन किया जाएगा। यदि वाहन निर्धारित ट्रैक से बाहर जाता है या नियमों का उल्लंघन होता है तो सेंसर तुरंत इसे दर्ज कर लेंगे। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की स्क्रूटनी और बायोमेट्रिक प्रक्रिया परिवहन कार्यालय बदायूं में पूरी की जाएगी। इसके बाद आवेदकों को ड्राइविंग टेस्ट देने के लिए चालन प्रशिक्षण केंद्र पहुंचना होगा। टेस्ट में सफल होने वाले आवेदकों को नियमानुसार स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।

### सांप को क्रूरता पूर्वक मौत घाट उतारने का वीडियो वायरल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मीरा सराय स्थित कशीराम कॉलोनी से साँप को क्रूरता पूर्वक मौत के घाट उतारने का वीडियो हुआ वायरल, वही युवक सांप के पटक पटक के करने का भी वीडियो वायरल हो रहा है, वही लोग युवक पर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

### जुआ खेलने का वीडियो हुआ वायरल

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र के एक मार्केट में जुआ खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसको लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं, और वीडियो में नाबालिक बच्चे जुआ खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं,वहीं क्षेत्र के लोग पुलिस से कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

### फील्ड ऑफिसर से लूट, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के मुजरिया थाना क्षेत्र में फील्ड ऑफिसर से लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोककर उससे एक लाख से अधिक की नगदी छीन ली थी और फरार हो गए थे। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना परौर क्षेत्र के ग्राम दहलिया निवासी अभिनय मिश्रा पुत्र मुरलीधर सहसवान स्थित शिखा अर्बन एंड रूरल इंटरप्राइजेज कंपनी में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च 2026 को वह कंपनी के सदस्यों से कुल 1,40,640 रुपये की नगद रिकवरी कर सहसवान स्थित अपने कार्यालय लौट रहे थे। बताया गया कि रात करीब 8 बजे वह दरियापुर-कोल्हाई मार्ग पर दरियापुर गांव के खंडजा रास्ते से गुजर रहे थे। तभी पहले से मोटरसाइकिल पर खड़े तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और उनकी जेब में रखी 1,40,640 रुपये की नकदी निकालकर कोल्हाई की दिशा में भाग गए। विरोध करने पर बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ने बताया कि वह अंतिम रिकवरी गांव सराय मंसुख से करने के बाद कार्यालय लौट रहे थे। घटना के बाद उन्होंने अपने मैनेजर को फोन से पूरी जानकारी दी, जो कुछ देर में मौके पर पहुंच गए। इस मामले में थाना मुजरिया पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जांच-पड़ताल कर रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प के तहत धूम्रपान को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ शिविर में सर्वप्रथम स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम को आयोजित करने के उपरांत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को धूम्रपान ना करने के लिए प्रेरित किया

संभल। राष्ट्रीय सेवा योजना, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी के कौशल विकास हेतु युवा शीर्षक के अंतर्गत लगने वाले सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा शिविर राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर ग्राम देवरखेड़ा में डॉ. विशेष कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजन में आयोजित किया गया।

शिविर में सर्वप्रथम स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम को आयोजित करने के उपरांत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को धूम्रपान ना करने के लिए प्रेरित किया। रैली के उपरांत स्वयंसेवकों ने धूम्रपान को मानव की प्रकृति के विरुद्ध बताते हुए अपने विचार प्रकट किये और धूम्रपान न करने एवं न करने देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वन एवं वन्य जीव संरक्षण विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए श्री प्रभात कुमार, प्रभागीय वन विभाग अधिकारी महोदय ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर उन्मुख करने की प्रेरणा दी। श्री प्रभात कुमार ने स्वयंसेवकों को वानिकी के विभिन्न स्वरूपों से परिचित कराते हुए विद्यार्थियों को वानिकी संबंधित कार्यक्रमों में रोजगार खोजने के विभिन्न आयामों के विषय में जानकारी दी। श्री प्रभात कुमार ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व के विकास करने की प्रेरणा दी। श्री शरद शर्मा, शिक्षाविद् ने कहा कि जीवन जीव और वन का संतुलन है इनमें से किसी भी एक घटक के अनुपात में अंतर आने पर दोनों की प्रणालियों में दृष्टिगोचर प्रभाव अंकित किये जाते हैं। इस अवसर पर बहजोई से आए हुए गुरप्रीत सिंह, सर्प विशेषज्ञ ने पर्यावरण संतुलन में सांपों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सर्प किसान के मित्र होते हैं, उन्हें शत्रुवत ना समझा जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरुण चौहान, विकास, श्री विशाल श्रीवास्तव, श्री सुरेश एवं जितेंद्र कुमार का विशेष रूप से सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# चन्दौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 के सफलता पूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आज दिनांक 11.03.2026 को प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संगल स्थित चंदौसी के विश्राम कक्ष में एक बैठक जिला सूचना अधिकारी एवं समस्त पत्रकारगण जनपद संभल के साथ आयोजित की गयी। उक्त बैठक में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं समय-समय पर होने वाली आगामी लोक अदालतों की बैठकों की विज्ञप्ति समय से प्रकाशित करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गये एवं उक्त बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि इस संबंध में वादकारियों एवं अन्य अधिकारियों की मीटिंग समय समय पर आयोजित की जायेंगी ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर किया जा सके एवं दिनांक-14.03.2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर उसे सफल बनाया जा सके। उक्त बैठक में जिला सूचना अधिकारी श्री ब्रजेश कुमार एवं समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री दीपक कुमार जायसवाल द्वारा दी गयी।

# 12 से 28 मार्च तक राशन कार्डधारकों को मिलेगा खाद्यान्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश के पत्र के अनुसार अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मार्च, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न, बाजरा एवं चीनी का वितरण 12 से 28 मार्च 2026 के मध्य कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 11 कि0ग्रा0 गेहूँ, 14 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल एवं 10 कि0ग्रा0 बाजरा निःशुल्क वितरित किया जाएगा एवं 03 कि0ग्रा0 चीनी सःशुल्क वितरित की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के ब्लाक अम्बियापुर के ग्राम दबिहारी, फकीराबाद, बेहटा गुसाई, बेहटा जवी, बादशाहपुर, भीकमपुर, रायपुर मजरा, वमेढ, बैरमई बुजुर्ग, सतेती चूरा, सिरासोल कुवंर सहाय को छोडकर जनपद के समस्त क्षेत्रों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत पात्र गृहस्थी परिवारों को 02 कि0ग्रा0 गेहूँ, 01 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल एवं 02 कि0ग्रा0 बाजरा (कुल 5.0 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरित किया जाएगा। ब्लाक अम्बियापुर के ग्राम दबिहारी, फकीराबाद, बेहटा गुसाई, बेहटा जवी, बादशाहपुर, भीकमपुर, रायपुर मजरा, वमेढ, बैरमई बुजुर्ग, सतेती चूरा, सिरासोल कुवंर सहाय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत पात्र गृहस्थी परिवारों 02 कि0ग्रा0 गेहूँ, 01 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल, 01 कि0ग्रा0 बाजरा एवं 01 कि0ग्रा0 मक्का (कुल 5.0 कि0ग्रा0) का निःशुल्क वितरित किया जायेगा।

उन्होंने जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया है कि वह इसके अनुसार अपने उचितदर विक्रेता से आवश्यक वस्तुये प्राप्त करें।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले का आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल आरोपित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।सीओ शिकोहाबाद अमरीश कुमार ने बुधवार को बताया कि 10 मार्च को थाना शिकोहाबाद में मुकदमा दर्ज हुआ कि आरोपित अर्जुन निवासी ग्राम विदरखा नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर मोटरसाइकिल पर बैठा ले गया और भांडरी नहर पुल के पास तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया एवं बच्ची के परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने आरोपित को मौके से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बच्ची के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपित को गहनता से पूछताछ करने पर उसने तमंचा के बल पर गलत काम करना बताया। आरोपित ने तमंचे को भांडरी नहर पुल के पास झाड़ियों में छिपा होना बताया।थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज कुमार पुलिस टीम के साथ आरोपित को लेकर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा की बरामदगी के लिए देर रात्रि भांडरी नहर पुल के पास लेकर पहुंचे, जहां उसने झाड़ी में छुपाए एक तमंचा 315 बोर निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें आरोपित अर्जुन दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

# रसोई गैस सिलेंडर को लेकर भ्रम न रखें, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में रसोई गैस सिलेंडरों को लेकर आमजनमानस में भ्रम की स्थिति देखी जा रही है। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों तथा पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि घरेलू गैस उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर डिजिटल माध्यम से गैस बुक कर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने गैस कनेक्शन की केवाईसी नहीं कराई है, वे संबंधित तेल कंपनी के मोबाइल ऐप अथवा अपनी गैस एजेंसी पर संपर्क कर तत्काल ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सभी गैस एजेंसियों पर केवाईसी एवं ऑनलाइन बुकिंग हेतु हेल्प डेस्क भी खोले जा रहे हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता एक रिफिल प्राप्त करने के 25 दिन बाद अगली रिफिल के लिए बुकिंग करा सकते हैं। घरेलू गैस बुकिंग अथवा रिफिल प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता विक्रय अधिकारी इंडेन गैस (9911612079), विक्रय अधिकारी भारत गैस (9818016444), विक्रय अधिकारी एचपी गैस (8655436282) तथा जिला पूर्ति कार्यालय बदायूँ (9026775250) पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी-अपनी एजेंसियों पर गैस सिलेंडर का स्टॉक तथा शासन, प्रशासन एवं तेल कंपनियों द्वारा जारी निर्देशों का उपभोक्ताओं के अवलोकनार्थ प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

# फर्जी स्कीम का लालच देकर ग्रामीणों को ठगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आ या है। 'कैनविज इंफ्रा कॉर्पोरेशन इंडिया' और 'कैनविज इंडस्ट्रीज' नामक कंपनियों पर फर्जी स्कीम चलाकर सैकड़ों ग्रामीणों को ठगने का आरोप है।बुधवार को छह पीड़ितों ने पुलिस अ धीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और अपनी जमा पूंजी वापस दिलाने की गुहार लगाई।शिकायत कर्ताओं जिनमें सुरेंद्र कुमार, रेनू सिंह और सुरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं, ने बताया कि कन्हैया गु लाटी,राधिका गुलाटी और उनके सहयोगियों ने एक संगठित गिरोह बनाकर ग्रामीणों को लुभा वनी योजनाओं का झांसा दिया।कंपनी ने कथि त तौर पर वादा किया था कि सोलह हजार रु पये जमा करने पर तीन साल बाद 32 हजार

रुपये मिलेंगे। वहीं, 24 हजार रुपये जमा कने पर तीस महीने तक हर माह दो हजार रुपये देने का लालच दिया गया।प्रार्थना पत्र के अनुसार, सुरेंद्र कुमार ने 36 लाख रुपये का निवेश किया था,जिसमें से उन्हें केवल बीस लाख रुपये ही वापस मिले हैं,जबकि सोलह लाख रुपये अभी भी बकाया हैं।रेनू सिंह ने एक लाख 51,हजार

रुपये, सुरेंद्र प्रताप ने पांच लाख रुपये और जय प्रकाश ने 36 लाख रुपये का निवेश किया।अ न्य पीड़ितों में कौशलेंद्र ने एक रुपये, शिव शंक र गुप्ता ने तीन लाख रुपये, शिवकुमार गुप्ता ने दो लाख रुपये,अविनाश सोनकर ने एक लाख रुपये, विपिन और अमरेश ने तीन रुपये, राकेश कुमार ने दो लाख 50,रुपये,प्रमोद वर्मा ने तीन 90,हजार रुपये,राम किशन यादव ने 36 हजार रुपये, राधेश्याम वर्मा ने छः लाख रुपये और संजय वर्मा ने 12 लाख रुपये लगाए।इसके अ तिरिक्त,जंगली प्रसाद,राम निहोर वर्मा,बजरंगी, गुड़िया देवी,गौरी प्रसाद साहू, रीना देवी, जमुना प्रसाद, सुधीर कुमार, अशोक कुमार,कृपाशंकर, रामजनक, राम श्रृंगार चतुर्वेदी,बीना मिश्रा, जय श्री पांडेय,राम जियावन, रामदेव, सुनील कुमार, गिरजा प्रसाद मिश्रा, मनीष कुमार मिश्रा, मंजू देवी, रामसुंदर, राम सिद्ध, मिठाई लाल, कुन्नू लाल सहित कई अन्य लोगों ने भी कंपनी में 16-16 हजार रुपये का निवेश किया था।

बैंक जाने पर पता चला कि संबंधित खातों में पैसे ही नहीं हैं और चेक पूरी तरह फर्जी हैं। पीड़ितों का आरोप है कि जब उन्होंने अपने पैसे के लिए दबाव बनाया, तो आरोपियों ने फोन बंद कर लिए। व्हाट्सएप कॉल के जरिए संपर्क करने पर आरोपियों ने निवेशकों को भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी पीड़ितों का दावा है कि यह गिरोह केवल गोंडा ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी करोड़ों की ठगी कर चुका है।

### पीड़ित ने की एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों कन्हैयागुलाटी,राधिका गुलाटी गोपाल गुलाटी,आशीष गुलाटी आदि के खिला फ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और पीड़ितों की राशि वापस दिलाई जाए।फिलहाल इन सभी शिका यत पत्रों का संज्ञान लेते हुए गोंडा पुलिस द्वारा पूरे मामले को लेकर के जांच शुरू कर दी गई है और इन सभी लोगों से साक्ष्य मांगे गए हैं। गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इस पूरे मामले में पुलिस को जांच करके कार्र वाई करने की भी निर्देश दिए हैं आज इन सभी लोगों ने एसपी कार्यालय में एसपी से मुलाकात की थी।

# वकीलों ने किया एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले की कर्नलगंज तहसील में वकीलों और लेखपालों के बीच गतिरोध उत्पन्न हो गया है।वकील एसडीएम नेहा मिश्रा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग को लेकर क्रमिक अनशन कर रहे हैं।वहीं, लेखपाल संघ एसडीएम के समर्थन में उतर आ या है,जिससे तहसील में कामकाज प्रभावित हो रहा है और फरियादी परेशान हैं।कर्नलगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ला ने ब ताया कि वकील पिछले 12 दिनों से एसडीएम नेहा मिश्रा के स्थानांतरण की मांग को लेकर अनशन पर हैं।उन्होंने गोंडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महामंत्री को पत्र भेजकर इस प्रदर्शन में सहयोग मांगा है। शुक्ला ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 12 मार्च से तहसील मुख्यालय पर पूर्ण तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा,लेखपाल संघ के अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने वकीलों द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि एसडीएम पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं और तहसील में कोई भ्रष्टाचार नहीं है।लेखपाल संघ ने एसडीएम नेहा मिश्रा के स मर्थन में धरना प्रदर्शन शुरू किया है और मांग की है कि उनका स्थानांतरण न किया जाए त था गलत आरोप लगाना बंद किया जाए। इस गतिरोध के कारण कर्नलगंज तहसील में आने वाले अधिकारी और फरियादी काफी परेशान हैं।दोनों पक्षों के प्रदर्शन से न्यायिक और प्रशा सनिक कार्य बाधित हो रहे हैं,जिससे आम जन ता को दर-दर भटकना पड़ रहा है।लेखपाल सं घ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं,तो वे अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रतिदिन आयोजित जनसुनवाई के क्रम में बुधवार को एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं व शिकायतें एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत कीं। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए कि शिकायतों का शीघ्र और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। तहसील नानपारा में एसडीएम द्वारा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई की जाती है, जिससे आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिलता है। एसडीएम की सक्रिय कार्यशैली से क्षेत्र के लोगों में विश्वास का माहौल देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी एसडीएम मोनालिसा जौहरी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी पहल से आमजन की समस्याओं का समाधान तेजी से हो रहा है और प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा मजबूत हो रहा है।

# ग्राम सभाओं में शो–पीश बनी कूड़ा गाड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पंचायती राज विभाग द्वारा जिले की ग्राम सभाओं को स्वच्छ बनाए रखने के लिए गांवों में मोहल्लावार सूखा व गीला कचरा डालने के लिए स्टील के डिब्बे रखवाए थे।देखते ही देखते ग्रामसभाओं से डिब्बे गायब हो गए हैं।इतना ही नहीं लाखों की लागत से खरीदी गई कूड़ा गाड़ि यां तो शो-पीस बनी हुई हैं या फिर उनसे सीमेंट बालू,गिट्टी ढोने का काम कराया जा रहा है। जि म्मेदार हैं कि शासन का लाखों रुपया खर्च कर ने के बाद मामले में तनिक भी संजीदा नहीं दि ख रहे हैं। सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के अन्त र्गत जिले की लगभग तीन सौ ग्रामसभाओं में पंचायती राज विभाग द्वारा मोहल्लों से कूड़ा उ ठाने के लिए ढाई-ढाई लाख रुपये की लागत से बैटरी चालित कूड़ा





गाड़ी दो वर्ष पहले ग्रामस भा ओं को खरीदवाया था।इसी दौरान ग्रामस भाओं में मोहल्लेवार सूखा व गीला कचरा डा लने के लिए स्टील के बड़े-बड़े ड्रम रखवाया गया थे।मोहल्लों में ड्रम रखे जाने के बाद ग्रामी णों को घरों का कूड़ा फेंकने में काफी आसानी हो गई थी। घर की महिलाएं सुबह झाड़ू लगाने के बाद कूड़ा निर्धारित डिब्बे में डाल आती थी। देखते ही देखते ग्रामसभाओं के मोहल्लों से कू ड़े के डिब्बे जहां गायब हो गए वहीं दूसरी ओर कूड़ा गाड़ी भी शो-पीस बन कर रह गई है। कुछ जगहों पर कूड़ा गाड़ी से ग्राम पंचायत के जिम्मे दार सीमेंट, बालू व गिट्टी ढोने ने का काम कर रहे हैं कुछ ग्रामसभाओं में खड़े-खड़े कूड़ा गाड़ी कबाड़ हो रही है। जिम्मेदार हैं कि ग्रामस भाओं के भ्रमण के दौरान लाखों का सामान खरीदवा ने के बाद मामले को नजर अंदाज करते देखे जा रहे हैं।

जिन ग्रामसभाओं में कूड़ा गाड़ी खरीदी गई थी वहीं पर कचरा रखने के लिए मोहल्लेवार ड्रम भी रखवाए गए थे।इनके गायब होने की जानकारी नहीं है।ऐसा है तो मामले में सभी एडीओ पंचायत को निर्देशित करते हुए जांच कराकर लापरवाहों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। **डीपीआरओ**

### परिषदीय विद्यालय के बच्चे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करने रवाना

हाथरस। उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस के सहपऊ ब्लॉक में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुल्तान अहमद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्हें आगरा के ऐतिहासिक स्थलों की विजिट पर भेजा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी सुल्तान अहमद ने बताया कि आगरा में छात्र ताजमहल, आगरा का किला, एत्मादौला का मकबरा और सिकंदरा स्थित सम्राट अकबर के मकबरे सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी के अनुसार, साथ जा रहे अध्यापक छात्रों को इन स्थलों के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। इस अवसर पर अजीत राना, अजेन्द्र सिंह, प्रशान्त भारद्वाज, सत्यपाल सिंह, गौरव यादव, धीरेन्द्र शाह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### आयल एवं गैस की सुगम आपूर्ति के लिए जारी किये गये सेल्स आफिसर्स के मोबाइल नम्बर



कार्यालय जिला पूर्ति अधिकारी, बहराइच।
पत्रांक: 237 /जि0पू0अ0 / पेट्रो0अनु0 / पम्प–गैस एजेन्सी / प्रेस नोट / 2026 दिनाक 11, मार्च, 2026
प्रेस–नोट
जनपद में स्थापित पेट्रोल पम्पो पर डीजल–पेट्रोल लेने तथा गैस एजेन्सियों से घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल लेने में यदि आमजनमानस को कोई समस्या होती है, तो सम्बन्धित ऑयल कम्पनी तथा एल0पी0जी0 कम्पनी के विक्रय अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। ऑयल कम्पनियों के विक्रय अधिकारियों के नाम एवं उनके दूरभाष का विवरण निम्नवत् है:–
जनपद बहराइच में कार्यरत एल0पी0जी0 एजेन्सियों के सेल्स ऑफिसर का नाम व मोबाइल नम्बर।

| क0 | एल0पी0जी0 कम्पनी | सेल्स ऑफिसर का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | IOCL | श्री विवेक शुक्ला | 8858373148 |
| 2 | BPCL | श्री सौरभ आनन्द | 9735959515 |
| 3 | HPCL | श्री अभिषेक कुमार | 8090200153 |

जनपद बहराइच में कार्यरत डीजल/पेट्रोल पम्पों के सेल्स ऑफिसर का नाम व मोबाइल नम्बर।

| क0 | ऑयल कम्पनी का नाम | सेल्स ऑफिसर का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | IOCL | श्री शुभम प्रताप सिंह | 9450099920 |
| 2 | BPCL | श्री सुशील कुमार मीना | 6377085160 |
| 3 | HPCL | श्री संजय पाण्डे | 9872529281 |
| 4 | RELIANCE / JIO | श्री हर्ष भारद्वाज | 9696650945 |
| 5 | ESSAR / NAYARA | श्री मयंक | 9910235189 |

(नरेन्द्र तिवारी)
जिला पूर्ति अधिकारी,
बहराइच।

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद में स्थापित पेट्रोल पम्पों पर डीजल–पेट्रोल लेने तथा गैस एजेन्सियों से घरेलू गैस सिलेण्डर रिफिल लेने में यदि आमजनमानस को कोई समस्या होती है, तो सम्बन्धित ऑयल कम्पनी तथा एल.पी.जी. कम्पनी के विक्रय अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि जनपद में कार्यरत एल.पी.जी. गैस एजेन्सी आई.ओ.सी.एल. के सेल्स आफिसर विवेक शुक्ला मो.न. 8858373148, बी.पी.सी.एल. के सौरभ आनन्द का मो.न. 9735959515 तथा एच.पी.सी.एल. के सेल्स आफिसर अभिषेक कुमार का मो.न. 8090200153 है। इसी प्रकार जनपद में कार्यरत ऑयल कम्पनी आई.ओ.सी.एल. के सेल्स आफिसर शुभम प्रताप सिंह का मो.न. 9450099920, आई.ओ.सी.एल. के सुशील कुमार मीना मो.न. 6377085160, एच.पी.सी.एल. के संजय पाण्डेय मो.न. 9872529281, रिलायन्स/जीयो के हर्ष भारद्वाज मो.न. 9696650945 तथा एस्सार/न्यारा के सेल्स आफिसर मयंक के मो.न. 9910235189 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### लौव्वा टेपरा में निर्माणाधीन सीएफसी का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचाय त में बन रहे कॉमन फैसिलिटी सेंटर(सीएफसी) का बुधवार को उपायुक्त उद्योग बाबू राम संयुक्त निदेशक सविता भारती और निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने निरीक्षण किया। अधि का रियों ने निर्माण कार्य और मशीनों की स्थि ति का जायजा लिया।सीईओ कुलदीप मिश्रा ने बताया कि केंद्र के शुरू होने से युवाओं को रो जगार मिलेगा। उपायुक्त बाबू राम के अनुसार मशीनों की फिटिंग पूरी हो चुकी है और भवन का फिनिशिंग कार्य तेजी से चल रहा है।

### चिकित्सा महाविद्यालय में वैध ब्लड कलेक्शन वायल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है: प्राचार्य मेडिकल कालेज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राचार्य, मेडिकल कालेज ने बताया कि महाराजा सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच में इलाज हेतु आये समस्त मरीजों का रक्त की जाँचें एवं सामग्री की उपलब्धता पी.ओ.सी.टी. द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को प्रातः ओ.पी.डी. शुरू होने के पश्चात कुछ अराजक व्यक्तियों द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय की छवि को धूमिल किये जाने हेतु सेन्ट्रल लैब में निष्प्रयोज्य ब्लड कलेक्शन वायल की फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठी खबरें अपलोड/प्रसारित किया गया है, जो पूर्णतया गलत एवं निराधार है। प्राचार्य ने बताया कि चिकित्सा महाविद्यालय में प्रयोग हेतु वैध ब्लड कलेक्शन वायल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय की छवि को धूमिल किये जाने हेतु सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठी खबरें अपलोड/प्रसारित की गयी है जो कि पूर्णतया गलत एवं निराधार है।

### पुजारियों से मारपीट मामले में मंदिर ट्रस्ट का धरना, लूट का मुकदमा दर्ज करने की मांग

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में दिबियापुर जमौली गांव स्थित बाबा ब्रह्मदेव मंदिर में पूजा करने वाले पुजारियों के साथ हुई मारपीट के मामले में बुधवार को मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपितों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

बताया गया कि 4 मार्च की रात मंदिर के पुजारी मोहन दास, हाकिम दास और तुलसी दास मंदिर परिसर में मौजूद थे। इसी दौरान जमौली निवासी शिवम यादव और एक अज्ञात व्यक्ति तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से वहां से गुजरे और एक कुत्ते को कुचल दिया। विरोध करने पर आरोप है कि दोनों ने पुजारियों के साथ मारपीट की और जेब में रखे करीब 3200 रुपये भी छीन लिए। घटना की सूचना मिलने पर थाना दिबियापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद आरोपितों का शांति भंग की धारा 151 में चालान कर दिया, लेकिन लूट का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसी के विरोध में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, पुजारियों और ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में आज धरना शुरू कर दिया। सूचना पर कंचौसी चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में दिबियापुर थाना प्रभारी रुद्र नारायण त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को आठ दिनों के भीतर मामले में उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल लूट की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### साइबर सेल ने दो पीड़ितों के वापस कराए 47 हजार रूपये

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस की सक्रियता से दो अलग–अलग मामलों में पीड़ितों को बड़ी राहत मिली है। थाना कछवां और अहरौरा की साइबर सेल टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की कुल 47 हजार से अधिक की धनराशि उनके खातों में वापस कराई है।

पहला मामला थाना कछवां क्षेत्र का है। ग्राम जोगीपुर निवासी यासिम सरवर अली ने 29 जुलाई 2025 को साइबर सेल को सूचना दी कि अज्ञात व्यक्ति ने फ़ेक एपीके (इघ्ख) फाइल डाउनलोड कराकर उनके खाते से 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। सूचना मिलने के बाद साइबर सेल टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना कछवां साइबर सेल टीम ने जांच के दौरान संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की रकम में से 35,678 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। वहीं दूसरा मामला थाना अहरौरा क्षेत्र का है। ग्राम घमहापुर निवासी विजय कुमार से 11 जुलाई 2025 को यूपीआई के माध्यम से गलती से 11,500 रुपये अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए थे। पीड़ित की शिकायत पर अहरौरा साइबर सेल टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी 11,500 रुपये की धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करा दी। खाते में पैसे वापस मिलने पर दोनों पीड़ितों ने संबंधित थानों पर पहुंचकर पुलिस अधिकारियों व साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया।

### यूपी में मऊ जिले के किसान मखाने की खेती से बढ़ाएंगे अपनी आय

मऊ । उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में अब किसानों के लिए आय बढ़ाने का एक नया रास्ता खुलता नजर आ रहा है। जनपद में तालाबों और जल स्रोतों की भरपूर उपलब्धता को देखते हुए मखाना की खेती की अपार संभावनाएं बताई जा रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र पिलखी में उद्यान विभाग द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न विकास खंडों से करीब सौ किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि मखाना आज सुपर फूड के रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना चुका है। भारत में इसका सबसे अधिक उत्पादन बिहार में होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी तालाबों और अन्य जल स्रोतों में मखाना और सिंघाड़ा की खेती कर किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने किसानों को मखाना की खेती के लिए तालाब में जल प्रबंधन, रोग और कीट नियंत्रण तथा बुवाई की आधुनिक तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी।

# होली मिलन समारोह में नशा उन्मूलन व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। गायत्री चेतना केंद्र गायत्री नगर (डिगिहा चौराहा) परिसर में बुधवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार व सनातन समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सनातन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने तथा अवैध नशा कारोबार, क्रय-विक्रय, उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनजागरण अभियान चलाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक-प्राचार्य आर.पी.एन. श्रीवास्तव ने कहा कि सनातन काल से मनाया जाने वाला होलिकोत्सव सामाजिक समरसता तथा अन्याय और अधर्म पर विजय का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों व अशिक्षा को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं और गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान में सभी को सहयोग करना चाहिए, तभी समाज मजबूत और अखंड बना रह सकता है। संरक्षक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि गायत्री परिवार व अन्य संगठनों के समन्वय से नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही समाज में फैली कुरीतियों व अशिक्षा को दूर करने के लिए गोष्ठी व चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गायत्री बाल संस्कार शाला का संचालन कर निर्धन व अशक्त वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। गायत्री परिजन कंति मिश्रा, बाल संस्कार शाला संचालिका रेखा श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेविका निशा शर्मा व मिथिलेश श्रीवास्तव ने भी जनजागरण अभियान में सहयोग का आह्वान किया और अशिक्षा दूर करने के लिए अधिक से अधिक बाल संस्कार शालाओं के संचालन की आवश्यकता बताई।

कार्यक्रम में समाजसेविका रेनू सिंह, नामिता शुक्ला, शीला श्रीवास्तव, रश्मि पांडेय व वंदना सिंह सहित गायत्री महिला परिजनों ने होलिकोत्सव गीत प्रस्तुत कर समाज में एकता व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष इंजीनियर राधेश्याम श्रीवास्तव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी प्रेमचंद्र ने किया। समारोह में समाजसेवी प्रेम जालान, बालकृष्ण मिश्र, गौसेवक शिवपूजन वर्मा, गीता वर्मा, नीलम चौधरी, बी.डी. श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, सनातन समाज नेता राकेश दुबे व प्रवक्ता डॉ. पंकज श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में नशा उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जनजागरण अभियान को और प्रभावी बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रिश्तों की डोर में बंधे तीन सौ आठ जोड़े

## राज्यमंत्री जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवदम्पत्तियों को दिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद अमेठी में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के पीछे स्थित मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के तेरह विकास खंडों व चारों निकायों से आये कुल तीन सौ आठ जोड़ों का विधि विधान एवं धार्मिक परम्पराओं के अनुसार विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं मातृ-शिशु कल्याण विभाग के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। उनके साथ जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र, उपहार सामग्री प्रदान कर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना है। कार्यक्रम में वर-वधू को दी जाने वाली सभी सामग्रियां गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को सुखद दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में इससे भी अधिक संख्या में पात्र जोड़ों का विवाह इस योजना के अंतर्गत कराया जाएगा। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि शासन की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ समय पर पहुंचे। सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सम्मानजनक तरीके से विवाह कराया जा रहा है। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को उज्ज्वल भविष्य और सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 13 विकासखंडों से कुल 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, सभी विवाह संबंधित धर्मों की परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रति युगल कुल एक लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें साठ हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं, जबकि पच्चीस हजार रुपये की उपहार सामग्री जैसे पांच साड़ियां, ब्राइडल लहंगा, चांदी की पायल और बिछिया, डिनर सेट, कुकर, ट्रॉली बैग, सीलिंग फैन, आयरन, गददा तकिया आदि वर-वधू को दिये जाते हैं। इसके अलावा पन्द्रह हजार रुपये समारोह के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह सुनिश्चित करना है। योजना का लाभ विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं को भी दिया जाता है। साथ ही निराश्रित कन्याओं, विधवा की पुत्रियों, दिव्यांग अभिभावकों की पुत्रियों तथा स्वयं दिव्यांग कन्याओं को प्राथमिकता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीण शुक्ला, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, बीएसए संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभार्थी परिवार मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने चलाया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का प्रभावी आयोजन किया गया। वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए विद्यार्थियों और स्वयं सेविकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेविकाओं और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में सुनगढ़ी थाने की उप निरीक्षक भाविका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्वयंसेविकाओं को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों जैसे ऑनलाइन ठगी,फर्जी कॉल,फिशिंग,सोशल मीडिया हैकिंग,ओटीपी फ्रॉड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी सावधानियां बरत कर इन अपराधों से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल लेन-देन करते समय सतर्क रहने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने,अपनी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने की महत्वपूर्ण सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ. गजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, इंटरनेट पर साझा की जाने वाली सूचनाओं के प्रति सावधानी बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है।कार्यक्रम में साइबर क्राइम के अन्य सदस्य भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जहां हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है,वहीं इसके साथ कई प्रकार की चुनौतियां भी सामने आई हैं। इसलिए विद्यार्थियों को तकनीक का उपयोग समझदारी और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें और समाज के अन्य लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई प्रश्न भी पूछे,जिनका उप निरीक्षक महोदय ने विस्तार से उत्तर दिया।इससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।अंत में प्राचार्य के प्रेरक उद्बोधन तथा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। शिविर में उपस्थित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं साइबर अपराधों से सतर्क रहेंगे तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।कार्यक्रम में राधा, पूजा,शिखा,संजना,मुस्कान, प्रियांशी, प्रतीक्षा, रिंकी, शहरिन, पूनम, काजल, रचना, शीतल,तनिष्का,सीमा, प्रियंका, विमलेश कुमारी, ज्योति कुमारी, काजल देवी आदि छात्राएं मौजूद थी।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणि विवाह प्रसंग पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी, विकास क्षेत्र सिंहपुर के गांव जेहटा उसरहा में चल रही श्रीमद भागवत कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक उज्जवल कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया।श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण रुक्मणि का वेश धारण किये बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आये श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कथा व्यास श्री शास्त्री जी ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। यजमान लोधेश्वर शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कथा व्यास का माल्यार्पण कर व्यास पीठ का पूजन किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, मारुत मिश्रा, दिग्विजय सिंह उर्फ फांसू, संजय शुक्ला, दीपू शुक्ला, ममता शुक्ला, कल्पना शुक्ला, योगेश शुक्ला, अजय कुमार सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों में दूध वितरण योजना में भी लगा भ्रष्टाचार का घुन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विकास खण्ड सिंहपुर व तिलोई के परिषदीय विद्यालयों में दूध वितरण योजना फ्लाप शो साबित हुई**

अमेठी। प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत नौनिहालों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये प्रत्येक बुधवार को दूध वितरित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं उसकी धनराशि भी बराबर खातों में आ रही है लेकिन हकीकत यह है कि बच्चों को दूध की कौन कहे शुद्ध पानी भी पीने को नसीब नही हो रहा है जब कि कागजों पर बच्चे दूध पी भी रहे है इस योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों के कंधों पर है वह अपनी करतूतों से बाज नही आ रहे है और मूकदर्शक बन मलाई काट रहे हैं। प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा दीक्षा पाने वाले नौनिहालों को प्रत्येक बुधवार को गरमा गरम दूध वितरित किये जाने के निर्देश वर्षो पूर्व से जारी किये है। सरकार की ओर से दूध वितरण के लिये धन राशि बराबर आती रही।प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को डेढ़ सौ ग्राम व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को दो सौ ग्राम दूध वितरित किये जाने का निर्देश दिया गया है।दूध की खरीददारी के लिये रकम सीधे मध्यान्ह भोजन योजना के खाते में आती रही इस खाते का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान द्वारा किया जाता है। जनपद के विकास क्षेत्र शुकुल बाजार, जगदीशपुर, अमेठी, बहादुरपुर, तिलोई,सिंहपुर, शाहगढ़, भेंटुआ सहित अन्य कई ब्लाकों के प्राथमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित कई सहायता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों को दूध वितरण किया जाना चाहिये लेकिन यहां पर अधिकांश विद्यालयों के बच्चों को दूध सिर्फ कागजों पर ही वितरित किया जाता है।ऐसे बच्चों को मिलने वाले दूध से जिम्मेदार अपनी सेहत सुधार रहे है।यह अगर हकीकत जांचनी व परखनी हो तो आप बुधवार को किसी भी एक विद्यालय का निरीक्षण कर लीजिये सब दूध का दूध और पानी का पानी अलग हो जायेगा।विभागीय सूत्रों की मानें तो यह योजना सिसक सिसक कर दम तोड़ती नजर आ रही है और कोई भी आला अफसर एमडीएम योजना का निरीक्षण नही करता है।यह सब खेल बंद कमरों में खेला जाता है इसकी भनक शायद ही किसी को लगती हो।इस खेल से आला अधिकारी भी भली भांति वाकिफ है लेकिन वह भी हाथ डालने में कतराते है और दर्जनों विद्यालयों में मासूम नौनिहालों को महीनों से दूध नसीब नही हुआ है। सबसे ताज्जुब की बात तो यह है कि एसडीएम, तहसीलदार द्वारा आज तक किसी भी विद्यालय का निरीक्षण नही किया जाता है जबकि खेवनहारों द्वारा मनमाने तरीके से छात्र उपस्थित दर्ज कर लाखों रूपये प्रति माह वारा न्यारा किया जाता है आला अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली से जिससे खेवनहारों के हौसले बुलंद है।इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कराई जायेगी और क्रास चेकिंग करवाई जायेगी।

# अमेठी में चौदह और पन्द्रह मार्च को होगी एसआई भर्ती परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डीएम और एसपी ने परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर की बैठक**

अमेठी । आगामी चौदह और पन्द्रह मार्च को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाय और किसी भी प्रकार की नकल, गड़बड़ी या अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाय। उन्होंने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिये सभी अधिकारी आपसी समन्वय और सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्र के भीतर घड़ी सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटो कांपी की दुकानों को परीक्षा अवधि में बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर उनके सामान रखने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं, जिससे परीक्षार्थियों को सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, संबंधित क्षेत्राधिकारी, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा ड्यूटी में तैनात अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार से भटककर अमेठी पहुंचे बालक को परिजनों के सुपुर्द किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने बिहार राज्य से भटककर अमेठी पहुंचे सोलह वर्षीय बालक को उसके परिजनों को बुलाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार जताया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों वस्तुओं वाहनों की चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन मुसाफिरखाना पर एक किशोर बैठा हुआ मिला।पुलिस द्वारा किशोर से नाम पता पूंछा गया तो उसने अपना नाम नंदन पुत्र अरबिन्द प्रजापति उम्र सोलह वर्ष निवासी गंगा बिहार थाना तेलाणा जनपद नालंदा बिहार राज्य बताया एवं वहां से भटकते हुये यहां तक पहुंचने की बात बताई एवं वापस जाने में असमर्थता व्यक्त की।थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा उक्त बालक को नियमानुसार निगरानी में लेकर भोजन आदि का प्रबन्ध किया गया तथा बालक के परिजनों को दूरभाष के माध्यम से बुलाकर बुधवार को उक्त बालक को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।बालक के परिजनों द्वारा पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

## रामगंज पुलिस ने शातिर अपराधी को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में बुधवार को थाना रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित विनय यादव पुत्र अवधेश यादव निवासी ग्राम कैथी टडियावा थाना अलीनगर जनपद चंदौली उम्र चौबीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद चन्दौली व अमेठी में गोवध निवारण अधिनियम,पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट सहित कुल चार अभियोग पंजीकृत हैं।

## विशेष शिविर का हुआ उद्घाटन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपाधि महाविद्यालय में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य,चीफ प्रॉक्टर तथा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन याशिता द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिविर की रूपरेखा एनएसएस अधिकारी डॉ. कविता कनौजिया ने सभी स्वयंसेविकाओं को विस्तार से समझाई तथा शिविर के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं, जिसमें मुस्कान, सौम्या और राधा ने सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं।कार्यक्रम के अंत में चाहत द्वारा आभार व्यक्त किया गया।यह सात दिवसीय विशेष शिविर विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से कंबाइन चालक की मौत

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के चंदिया हजारा में सरसों की गहाई के दौरान एक कंबाइन चालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई चालक की पहचान पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गैरतपुर जप्ती बलराम पुत्र दाताराम के रूप में हुई है जानकारी के अनुसार कंबाइन चालक दोपहर करीब तीन बजे कंबाइन मशीन की सफाई करने के लिए कंबाइन पर चढ़ा इसी दौरान सफाई करते समय अचानक मशीन के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया करंट का झटका इतना तेज था कि वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा करंट लगने की खबर लगते ही आसपास खेत में मौजूद मजदूरों और ग्रामीणों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई और बलराम को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया मौत की खबर लगते ही परिवार मे कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ग्राम पंचायत बरहा में चला साक्षरता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपाधि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्राम बरहा में साक्षरता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा निरक्षरता को समाप्त करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के विकास का मूल आधार है। साक्षर समाज ही प्रगतिशील और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के महत्व को समझते हुए साक्षर बनने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता कनौजिया ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। साक्षरता अभियान के माध्यम से स्वयंसेविकाये ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाकर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।तत्पश्चात स्वयंसेविकाओ ने रैली निकालकर तथा डोर–टू–डोर संपर्क कर जनसामान्य को साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ग्रामीणों को शिक्षा ग्रहण करने और अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सोनिया मंडल, चाहत बंसल, स्वाति,मुस्कान बिष्ट,अक्षरा,प्रतीक्षा,रौनक आदि उपस्थित रहे।इस अभियान में एनएसएस के स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया है।

## भाजपा नेता मंजीत सिंह ने ट्रांस शारदा क्षेत्र मे विकास कार्यों का किया शिलान्यास

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने ट्रांस शारदा क्षेत्र जिला पंचायत के वार्ड नंबर 1 में आधा दर्जन विकास कार्यों का शिलान्यास किया शास्त्री नगर ,सिद्ध नगर नेहरू नगर ,राणा प्रताप नगर ,गौतम नगर में छठ पूजा घाटों के निर्माण कार्यों व ग्राम पंचायत गांधीनगर में खड़ंजे व पुलिया का शिलान्यास किय भाजपा नेता मंजीत सिंह ने कहा कि छठ पूजा घाट पूर्वांचल का महत्वपूर्ण त्यौहार है और विशेष कर महिलाओं के हृदय से यह जुड़ी हुई पूजा है महिलाओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्माण कार्य जिला पंचायत सदस्य रूपेंद्र कौर के प्रस्ताव पर हुए हैं जो गांव शेष रह गए हैं उन गांव के भी प्रस्ताव जिला पंचायत को भेजकर अन्य छठ घाटों का निर्माण करवाया जाएगा मनजीत सिंह ने बताया कि अभी पूर्व में इस क्षेत्र में 12 बड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी धार्मिक स्थलों पर लगवाने का काम किया गया है उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार का जो नारा है सबका साथ सबका विकास इसको लेकर आगे बढ़ाया जाएगा इस अवसर पर रामनगर मंडल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विजय सिंह कबीरगंज के प्रधान इकबाल सिंह कुठिया गुदिया के प्रधान पलविंदर सिंह सिद्ध नगर के प्रधान महेंद्र सिंह नेहरू नगर के प्रधान शमशेर आलम शास्त्री नगर के प्रधान मनोज सिंह भाजपा नेता आदर्श सिंह परिहार राजकुमार सिंह गुरबलदीप सिंह संधू सहित कई पूर्व प्रधान व भाजपा नेता सहित जनता उपस्थित रहे।

# निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित का जन्मदिन मनाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।निवर्तमान ब्लाक प्रमुख प्र. आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया के जन्मदिन शुभ अवसर पर आयोजन भारतीय बजरंग दल जिला विधि प्रमुख रजनीश रामशर्मा पाण्डेय अधिवक्ता पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत वार्ड नं 09 पूरनपुर के कार्यालय पर मां सरस्वती समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प माला अर्पित करा कर अपने इष्ट मित्रों भाइयों के साथ आशुतोष दीक्षित राजू भैया का जन्मदिन केक काट कर धूमधाम से मनाया गया जिसमें भाजपा नेता रजनीश पाण्डेय,मोनू दीक्षित,नवनीत मिश्रा,गौरव पांडे,सुनील मिश्रा,रिशु मिश्रा,प्रशांत मिश्रा,प्रशांत शुक्ल,रमन पांडे,भरत मिश्र,विकास पांडे, सिद्धार्थ शंखधार,शिवा जौहरी,मदन पांडे,भैया लाल पांडे,डा आदर्श दीक्षित,राजेन्द्र सिंह,नीरज वर्मा अन्य लोग सम्मिलित होकर आशुतोष दीक्षित राजू भाई को जन्म दिवस पर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी की एक समीक्षा बैठक का आयोजन एक होटल में किया गया जिसमें बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम साहब की जयंती 15 मार्च को नोएडा में दलित प्रेरणा स्थल पर मनाए जाने के संबंध में तैयारी की रूपरेखा तैयार की गई, पुरनपुर विधान सभा से जाने वाले कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी पूर्व जिलाध्यक्ष देव स्वरूप आर्य, विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र पाल, विधान सभा प्रभारी सुरेंद्र गौतम व जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सागर को दी गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुन्ना लाल कश्यप व संचालन देव स्वरूप आर्य ने किया है।कार्यक्रम को मुख्य रूप से मंडल के मुख्य प्रभारी जाफर मलिक ने संबोधित करते हुए कहा कि सर्व समाज को सम्मान देने वाली और उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने वाली एक मात्र पार्टी बहुजन समाज पार्टी ही है, इसी के साथ उन्होंने 15 मार्च को नोयडा में होने वाले मान्यवर श्री काशीराम की जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की इस मौके पर मंडल प्रभारी शमशुल कमर, विधान सभा अध्यक्ष राजेंद्र पाल, विधान सभा प्रभारी सुरेंद्र गौतम, विधान सभा उपाध्यक्ष याकूब मंसूरी, विधान सभा महासचिव छेदालाल गौतम, धर्मपाल पासवान, गणेश गौतम कन्हैयालाल विनोद कुमार गौतम विनोद कुमार भारती छोटेलाल गौतम जिला पंचायत सदस्य और गुड्डू पूर्व जिला उपाध्यक्ष फिरोज खान सी राम गौतम मुकेश सागर ख्यालीराम सागर संजय गौतम रामवतार भारती रामावतार गौतम सामाजिक भाईचारा के जिला संयोजक प्रेम सागर चक्रवर्ती सामाजिक भाईचारा के विधानसभा संयोजक राकेश प्रजापति, सेक्टर अध्यक्ष राधेश्याम गौतम,झंडू सिंह सरोज, रामनिवास गौतम, अभिमन्यु ,अरविंद, सुरेंद्र गौतम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

# 21 रमजान को मौला अली की शहादत पर निकला जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय क्षेत्र के चक्कारीभीट गांव में 21 रमजान के पवित्र अवसर पर हजरत मौला अली (अ.स.) की शहादत की याद में पारंपरिक जुलूस और मजलिस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़े गमगीनऔर श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। चक्कारीभीट के बड़े इमामबाड़े में सबसे पहले मौला अली (अ.स.) की शहादत पर एक भावपूर्ण मजलिस आयोजित की गई। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत (ताबूत) निकाला गया, जो पुराने निर्धारित रास्ते से होते हुए गांव के कर्बला पहुंचा। वहां ताबूत को सिपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में शामिल अजादारों ने मौला अली की शहादत पर नौहे पढ़े, मातम किया और सीना-जनी करते हुए 'या अली' के सदाओं के साथ। जुलूस के दौरान मस्जिद में नमाजी मारा गया वावेला नौहा पढ़ा और मातम करते हुए। पूरा जुलूस शोकाकुल माहौल में अदब और सम्मान के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर अंजुमन-ए-करवाने-अजा के सदस्यों सहित दर्जनों अजादार मौजूद रहे, जिनमें अंसार हुसैन, शाहिद हुसैन, सफदर जाफरी, मोहम्मद वसीम, सोहेल अब्बास, इसरार हुसैन, फरहान अली, मोहम्मद रेहान, जफर अब्बास, कैफ मिर्ज़ा, औन मोहम्मद, अमीर हैदर, बाज़िल अब्बास, अरमान, मीज़ान, चमन मोहम्मद सहित अन्य शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा चौकी प्रभारी रामराज, सिपाही अमित कुमार, दीवान के के यादव सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। यह आयोजन शिया समुदाय की गहरी आस्था और मौला अली (अ.स.) के प्रति प्रेम को दर्शाता है, जो प्रतिवर्ष चक्कारीभीट में बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।

# आपत्तिजनक व्हाट्सएप स्टेटस को लेकर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सोशल मीडिया पर एक विशेष समुदाय के प्रति कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सीओ सिटी सौरभ सामंत को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। शिकायती पत्र में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हो रहा है,जिसमें समाज कल्याण विभाग सुल्तानपुर में तैनात कनिष्ठ सहायक अभिषेक गिरी द्वारा अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर एक विशेष समुदाय के प्रति आपत्तिजनक व अभद्र टिप्पणी की गई है। आरोप है कि इस प्रकार की टिप्पणी से समाज में आपसी सौहार्द बिगड़ने की आशंका है और संबंधित समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकारी पद पर कार्यरत व्यक्ति द्वारा इस तरह की भड़काऊ व गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी करना अत्यंत निंदनीय है और इससे सामाजिक तनाव उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ उचित कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की।ज्ञापन देने वालों में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद, अशोक सिंह बिशेन, सुल्तान खान, पवन यादव, सईद अहमद, सुरेश कुमार गौतम और संजय यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# ये संकट नहीं, सावधानी और अवसर का समय

पश्चिम एशिया के खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता सैन्य तनाव इस समय विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा विषय बन गया है। इजरायल, ईरान और अमेरिका से जुड़े सैन्य ठिकानों के इर्द-गिर्द बनती युद्ध जैसी स्थिति ने विश्व के वित्तीय बाजारों, ऊर्जा आपूर्ति और व्यापारिक गतिविधियों को अस्थिर कर दिया है। हर बार देखने में यही आया है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ता है, उसका सीधा प्रभाव वैश्विक तेल बाजार, महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। स्वाभाविक रूप से भारत जैसे बड़े आयातक देश को लेकर भी कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं, किन्तु इन आशंकाओं के बीच एक सशक्त और आश्वस्त करने वाली सच्चाई भी सामने आ रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत, संतुलित और तैयार स्थिति में है। यदि खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष लंबा भी चलता है तब भी भारत पर उसका प्रभाव सीमित रहेगा। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत की आर्थिक नीतियां, संस्थागत ढांचा और बाजार की मजबूती अब वैश्विक संकटों का सामना करने में सक्षम हो चुकी है। सावधानी, तैयारी और नीति-निर्माताओं की सक्रियताखाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए भारतीय नीति-निर्माता पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय बाजारों में स्थिरता बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। आरबीआई ने सरकारी बॉन्ड यानी जी-सेक की यील्ड को संतुलित रखने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया है, जिससे वित्तीय प्रणाली में घबराहट पैदा न हो। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करके रुपये की अस्थिरता को नियंत्रित किया गया है और उसे 92 के स्तर से नीचे बनाए रखने में सफलता हासिल की गई है। वस्तुतः यह कदम बता रहा है कि भारत की केंद्रीय बैंकिंग व्यवस्था वैश्विक संकटों को समझते हुए समय पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम है। आज भारत के पास लगभग 600 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके को सहने की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा सोने का भंडार भी लगातार बढ़ाया जा रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार में इसका हिस्सा लगभग 17.6 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। यह भी एक तरह की आर्थिक सुरक्षा ढाल है। तेल संकट की चुनौती और भारत की रणनीतिखाड़ी क्षेत्र का सबसे बड़ा महत्व वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति से जुड़ा हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का व्यापार होता है। यदि यहां कोई बाधा उत्पन्न होती है तो तेल की कीमतों में तेजी आना स्वाभाविक है। वर्तमान स्थिति में ब्रेंट क्रूड लगभग 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई लगभग 89 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है। एसबीआई रिसर्च के अनुसार यदि तेल की कीमत में प्रति बैरल 10 डॉलर की वृद्धि होती है तब जरूर भारत के चालू खाते के घाटे पर कुछ दबाव पड़ सकता है, लेकिन यहां यह समझना भी जरूरी है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी ऊर्जा रणनीति को काफी विविधतापूर्ण बना लिया है। रूस से कच्चे तेल की खरीद, दीर्घकालिक आपूर्ति अनुबंध और रणनीतिक तेल भंडार जैसी व्यवस्थाएं भारत को अचानक आने वाले संकटों से काफी हद तक बचाती हैं। वैश्विक विकास का नया केंद्र बन रहा भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की हालिया रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य एशिया, विशेष रूप से भारत और चीन के हाथों में है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में वैश्विक वास्तविक जीडीपी वृद्धि में भारत का योगदान लगभग 17 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह आंकड़ा उस आर्थिक परिवर्तन का संकेत है जो पिछले एक दशक में भारत में हुआ है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

# दिल्ली की राजनीति में आए तूफान का मतलब

**शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुईं। नौवीं बार सम्मन पर न आने के बाद 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया। 10 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया।**

शराब घोटाले की आंच से झुलसी आम आदमी पार्टी (आआपा) को निचली अदालत से मिली राहत स्थाई नहीं दिख रही है। सीबीआई की याचिका पर हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी लोगों को जवाब देने के लिए नोटिस दिया है। दस साल से ज्यादा दिल्ली की सत्ता में रही आआपा पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा से पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई। एक तो चुनाव में आआपा पराजित हुई, दूसरा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बना-शराब घोटाला। अपने को कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में पराजित हुए। इसके चलते दिल्ली में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के बावजूद आआपा हाशिए पर जाती दिखती थी। पंजाब में सरकार होने के बावजूद आआपा नेताओं में पहले वाले तेवर नहीं दिख रहे थे। लेकिन 27 फरवरी को दिल्ली की राउज एवेन्यू विशेष न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह की अदालत ने साफ कहा किया शराब घोटाले के आरोपों को साबित करने के लिए ठोस साक्ष्य नहीं दिए गए हैं। अदालत ने सभी आरोपियों को न केवल आरोप मुक्त किया बल्कि सीबीआई के जांच अधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिया।इसे आधार बनाकर केजरीवाल और आआपा ने दिल्ली में हंगामा खड़ा कर हारी हुई बाजी पलटने की कोशिश की। वे सालों बाद वापस जंतर-मंतर गए जहां से उनकी राजनीति शुरू हुई थी। जिन दावों के बल पर आआपा दिल्ली जीती और देशभर में राजनीति कर अखिल भारतीय पार्टी बनी, उसी बुनियाद पर नया महल बनाने की प्रयास करने लगी।

आआपा की राजनीति की यूएसपी (मूल तत्व) ही अपने को कट्टर ईमानदार साबित करने और सरकारी धन से मुफ्त की रेवड़ियां बांटना था। वैसे तो 49 दिन की पहली अल्पमत सरकार के जाने के बाद 2015 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनते ही आआपा नेताओं का चाल, चरित्र और चेहरा सामने आने लगा लेकिन प्रचंड बहुमत की दूसरी सरकार में खुलकर भ्रष्टाचार दिखने लगा। शराब घोटाले ने उसे उजागर कर दिया। किसी भी राज्य सरकार का अधिकार है कि वह आबकारी (शराब) नीति बनाए लेकिन खुद बना कर और हड़बड़ी में वापस लेकर इस सरकार ने भ्रष्टाचार के सबूत दे दिए। 17 नवंबर, 2021 को नई शराब नीति लागू की गई। इसके तहत 32 जोन बनाए गए। हर जोन में अधिकतम 27 दुकानें खुलनी थी। पहले 60 फीसदी दुकान सरकारी और 40 फीसदी निजी होती थी। इस बार 3500 करोड़ लाभ होने के नाम पर सभी दुकानें निजी कारोबारी को दी गई। जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने के आरोप लगने पर आनन-फानन में 30 जुलाई, 2022 को नई आबकारी नीति को वापस लेकर पुरानी को बहाल कर दी गई। आरोप है कि इससे निजी कारोबारियों को करोड़ों का फायदा हुआ और सरकार के राजस्व का सीएजी के मुताबिक करीब दो हजार (2002.68) करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। इसमें सौ करोड़ रुपए की रिश्वत का आरोप है।

शराब नीति में भ्रष्टाचार होने की शिकायत मिलने पर 8 जुलाई, 2022 को मुख्य सचिव ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अपनी रिपोर्ट दी। 22 जुलाई, 2022 को नियमों के उल्लंघन पर सीबीआई जांच की सिफारिश की। 19 अगस्त को सीबीआई ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत तीन लोगों के घरों पर छापे मारे। 22 अगस्त, 2022 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति पर मनीलांड्रिंग का मामला दर्ज किया। सितंबर, 2022 में सीबीआई ने आआपा के संचार प्रमुख विजय नायर को गिरफ्तार किया। मार्च, 2023 में मनीष सिसोदिया और अक्तूबर में सांसद संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया। तभी केजरीवाल को ईडी ने पहला सम्मन भेजा। 16 मार्च, 2023 को भारत राष्ट्र समिति की नेता कविता गिरफ्तार हुईं। नौवीं बार सम्मन पर न आने के बाद 21 मार्च को ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया। 10 मई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी। 02 जून, 2024 को उन्होंने तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। 13 सितंबर, 2024 को उन्हें जमानत मिली। वे 156 दिन



और सिसोदिया 530 दिन जेल में रहे। 27 फरवरी को निचली अदालत ने केजरीवाल समेत सभी को आरोप मुक्त कर दिया। हाई कोर्ट ने इसके खिलाफ सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई शुरु कर दी है।

कंग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वायदे ने आआपा को साल 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनैतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। साल 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। साल 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों वाली विधानसभा में कंग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिलीं। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई।

सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वायदे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकल कर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपए खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान कौन कहे लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया। सुरक्षा के भारी तामझाम के कारण लोगों से उनकी दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध कर वे राजनीति में आए, उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था।

साल 2024 का लोकसभा चुनाव और 2025 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी। आआपा को 22 सीटें मिली। मतों का अंतर महज दो फीसदी का था। पहली बार आआपा 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीती थी। उसे 250 में से 134 सीटें मिली थी। भाजपा को 104 सीटें मिली थी। केन्द्र में भाजपा की सरकार होने का लाभ उसे मिलता रहा। बहुमत के बावजूद महीनों कवायत के बाद आआपा का मेयर बना। इन सालों में आआपा के पार्षद भाजपा में आते रहे। इतना ही नहीं, आआपा में जाकर पार्षद बने 16 निगम पार्षद अलग दल बनाकर आआपा से अलग हो गए। निगम में दलबदल विरोधी कानून नहीं लागू है। अब निगम में भी भाजपा बहुमत में है। केजरीवाल ने अपनी ईमानदार छवि को बचाए रखने के लिए दिल्ली सरकार में मंत्री रहे असीम अहमद खान और संदीप कुमार को भ्रष्टाचार और सेक्स रैकेट के आरोप में हटाया। शराब घोटाले ने तो पूरी पार्टी को ही लपेटे में लेकर उसे नंगा कर दिया।

आआपा पूरी तरह से अरविंद केजरीवाल की पार्टी है। वह न तो किसी विचारधारा से जुड़ी है, न जाति आधारित या कैडर आधारित पार्टी है। दिल्ली में सरकार जाने के बाद पार्टी के साथ मुट्ठी भर लोग दिखते हैं। आतिशी और सौरभ भारद्वाज के भरोसे दिल्ली में पार्टी चल रही है। इसी बीच निचली अदालत से आरोप मुक्त होने के बाद केजरीवाल फिर से दिखे लेकिन हाई कोर्ट ने उनके उत्साह को कमजोर कर दिया। कहीं ऊपरी अदालतों ने निचली अदालत के फैसले पलट दिए और जो नेता जमानत पर जेल से बाहर हैं, वे वापस कब जेल चले जाएं, कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा हुआ और अन्य नेताओं के साथ केजरीवाल जेल गए तो आआपा का हाल और भी बुरा होगा। दो फीसदी मतों के अंतर से सरकार बनाने वाली भाजपा दिल्ली में अपनी राजनीतिक हैसियत बढ़ाने में लगी है। कंग्रेस तो हाशिए पर पहुंच गई है। आआपा के लिए खतरा है कि कहीं भाजपा विरोधी मत कंग्रेस में न लौटने लगे, जिसके बल पर आआपा ने दिल्ली में दस साल से ज्यादा समय तक राज किया। अब सत्ता के बिना वह कब तक प्रभावशाली भूमिका में बनी रहेगी, यह कहना कठिन है।

**मनोज कुमार मिश्र**

# जहां से सिंथेटिक ड्रग्स की शुरुआत, वहीं से मुकाबला

**चार्वी अरोड़ा**

सिंथेटिक ड्रग्स की शुरुआत सड़कों पर नहीं होती। उनकी शुरुआत उससे कहीं पहले, कारखानों, गोदामों और उन शिपिंग कंटेनरों में होती है जो हर दिन रसायनों को सीमाओं के पार ले जाते हैं। इनमें से कई रसायन कानूनी हैं और फार्मास्यूटिकल तथा अन्य उद्योगों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। लेकिन जब तस्कर इन्हें दूसरे रास्ते ले जाते हैं, तो यही पदार्थ उन सिंथेटिक ड्रग्स के निर्माण की नींव बन जाते हैं जो समुदायों और सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाते हैं। ड्रग एन्फोर्समेंट एडमिनिस्ट्रेशन (डीईए) में सहायक विशेष एजेंट-इन-चार्ज केटी डोराइस बताती हैं कि प्रीकर्सर रसायनों को नियंत्रित करना अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता क्यों है। डीईए, एक फ़ेडेरल कानून प्रवर्तन एजेंसी है जो तस्करों को इन रसायनों को हानिकारक नशीले पदार्थों में बदलने से रोकने के लिए काम करती है। प्रीकर्सर क्या होते हैं? डोराइस कहती हैं, प्रीकर्सर रसायन वे आवश्यक घटक होते हैं जिनका उपयोग मेथामफ़ेटामीन और फ़ेनेटाइल जैसे नियंत्रित पदार्थों का अवैध रूप से निर्माण करने में किया जाता है। वे यह भी जोड़ती हैं कि इनमें से कई रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं। समस्या का पैमाना अत्यंत विशाल है। वह कहती हैं, 2024 में, डीईए ने फ़ेनेटाइल -मिश्रित 6 करोड़ से अधिक नकली गोलियाँ और लगभग 8,000 पाउंड फ़ेनेटाइल पाउडर जब्त किया। ये जब्तियाँ फ़ेनेटाइल की 38 करोड़ से अधिक घातक खुराकों के बराबर हैं। ये आँकड़े दर्शाते हैं कि अमेरिकी सरकार प्रीकर्सर नियंत्रण को केवल नियामक मुद्दा नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का प्रश्न क्यों मानती है। 2025 के अंत में, डीईए ने फेंटानिल फ्री अमेरिका नामक एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य फ़ेनेटाइल की आपूर्ति और मांग दोनों को कम करना है। डोराइस कहती हैं, डीईए अमेरिकी जीवन और समुदायों को फ़ेनेटाइल के विनाशकारी प्रभावों से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फेंटानिल फ्री अमेरिका का अर्थ रोकथाम, शिक्षा और साझेदारी है। इन रसायनों के वैध उपयोग भी होते हैं, तस्कर अक्सर सबकी नजरों के सामने छिपे रहते हैं। डोराइस एक सामान्य तरीके की ओर इशारा करती हैं जिसे ट्रांसशिपमेंट कहा जाता है। वह कहती हैं, इस प्रणाली में आयात/निर्यात से जुड़े ऐसे छिद्र हैं जिनसे निपटना कठिन है। आपराधिक समूह कमज़ोर निगरानी वाले बंदरगाहों के माध्यम से रसायनों को स्थानांतरित करते हैं और फिर उन्हें आगे भेज देते हैं। वह जोड़ती हैं, यह प्रक्रिया प्रारंभिक निर्यातक देश के लिए कागजी रिकॉर्ड को साफ-सुथरा दिखाती है। डीईए के लिए इस चरण पर दुरुपयोग को रोकना अत्यंत महत्वपूर्ण है। डोराइस कहती हैं, डीईए प्रीकर्सर रसायनों के नियंत्रण को प्राथमिकता देता है, जिससे ड्रग तस्करों के लिए नशीले पदार्थ बनाने हेतु कच्चा माल प्राप्त करना कठिन हो जाता है। एक और सामान्य तरीका, गलत घोषणा (मिस-डिक्लेरेशन), किसी शिपमेंट की वास्तविक प्रकृति या गंतव्य को छिपाने से जुड़ा होता है। वह समझाती हैं, प्रीकर्सर रसायन ऑनलाइन खरीदे जाते हैं और आयात/निर्यात के दौरान उनकी गलत घोषणा की जाती है। इस जोखिम से निपटने के लिए डीईए कंपनियों के साथ नो योर कस्टमर (केवाईसी) प्रथाओं पर काम करता है। डोराइस बताती हैं, केवाईसी का सिद्धांत यह है कि कोई रासायनिक या फार्मास्यूटिकल कंपनी ऐसी नीतियाँ लागू करे जिससे ज्ञात प्रीकर्सरों की बिक्री केवल उन ग्राहकों तक सीमित रहे जिन्हें वास्तविक माना जाता है। उभरते जोखिमों की पहचान में वैज्ञानिक विश्लेषण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डोराइस बताती हैं, अमेरिका में डीईए की प्रयोगशाला प्रणाली सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में अग्रणी है। यह जब्त किए गए रसायनों- जैसे पाउडर, तरल और गोलियाँ- का विश्लेषण करती है। वर्षों में, डीईए ने प्रीकर्सर सिग्नेचर, संश्लेषण मार्गों, अशुद्धता प्रोफाइल और उभरते एनालॉग्स का एक विशाल डेटाबेस तैयार किया है। तस्करों द्वारा रणनीतियाँ बदलने के साथ सरकारों को भी अनुकूलन करना पड़ता है। वह कहती हैं, एआई और डेटा एनालिटिक्स दूसरे रास्ते भेजे गए हुए प्रीकर्सर रसायनों का पता लगाने में शक्तिशाली उपकरण हैं। डेटा एनालिटिक्स किसी भी एजेंसी को रसायनों की खरीद की मात्रा, शिपिंग जानकारी, आयात और निर्यात डेटा जैसी विसंगतियों की पहचान करने में सक्षम बनाता है। ये उपकरण जांचकर्ताओं को उच्च-जोखिम वाले शिपमेंट पर रियल-टाइम अलर्ट लगाने या किसी कंपनी द्वारा असामान्य गंतव्य पर बड़ी मात्रा में प्रीकर्सर रसायन बेचने की पहचान करने में मदद कर सकते हैं। डीईए भारत के साथ सहयोग के महत्व पर जोर देता है। डोराइस कहती हैं, भारत वैध प्रीकर्सर रसायनों के दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है, इसलिए साझेदारी आवश्यक है।

## सेहत मंत्र

# ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताते हैं तो सावधान! ऐसे रखें आंखों का ध्यान

वर्तमान समय में, लोगों का अधिकतर समय स्क्रीन के सामने ही बीतता है। इसमें सिर्फ छोटे बच्चे ही शामिल नहीं हैं, बल्कि व्यस्क लोग भी कंप्यूटर व स्मार्ट फोन पर काफी समय बिताते हैं। लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से आपको कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं में से एक है आंखों का कमजोर होना। जो लोग अपनी आंखों का सही तरह से ख्याल नहीं रखते, उनकी नजरें कम उम्र में ही कमजोर हो जाती हैं। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपनी आंखों को चुस्त व तंदुरूस्त रख सकते हैं। आई रोलिंग : आंखों के लिए इस व्यायाम को काफी अच्छा माना जाता है। यह आपकी आंखों को तंदुरूस्त बनाने के साथ?साथ उसकी थकावट को भी दूर करता है। इसके लिए आप अपनी आंखों को पहले क्लॉकवाइज घुमाएं और फिर एंटी?क्लॉकवाइज घुमाएं। करीबन एक मिनट तक ऐसा करने के बाद आप अपनी आंखों को बंद कर लें। ठीक इसी तरह आप कम से कम 30?30 सेंकड तक आंखों को ऊपर?नीचे भी जरूर घुमाएं। आंखों को ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर घुमाते हुए ध्यान रखें कि आपकी आंखों की दिशा में परिवर्तन न हो, अन्यथा इससे आपको लाभ के स्थान पर हानि भी उठानी पड़ सकती है। त्राटकः यह एक ऐसा योगाभ्यास है जो न सिर्फ आंखों की रोशनी को बढ़ाता है, बल्कि इसके सभी विकारों को दूर करने का माद्दा रखता है। इसके लिए आप अपनी आंखों के समानांतर किसी भी एक चीज को ध्यान लगाकर तब तक देखें, जब तक आंखों में पानी न आ जाए या फिर आंखों में दर्द शुरू न हो जाए। जब ऐसा हो तो आप आंखें बंद कर लें और फिर कुछ क्षण बाद आंखों को खोलें। अगर आपको अपनी आंखों में थकान महसूस हो रही है तो आप पहले अपनी हथेलियों को आपस में रगड़ें। इससे वे गर्म हो जाएंगी। अब आप आंखें बंद करके अपनी हथेलियों को उसके ऊपर रखें। करीबन दस सेंकड इसे रखने के बाद हाथ हटा लें।

## धर्म मंत्र

# हरे रंग से प्रसन्न होते हैं चंद्रमा और बृहस्पति के प्रिय बुध देव

बुधवार को बुध ग्रह की पूजा की जाती है, जिन्हें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों अपना पुत्र मानते हैं। इसीलिये उनमें चंद्रमा और बृहस्पति दोनों के गुण पाये जाते हैं। इच्छा पूर्ति के लिए करें बुध का व्रतः बुधवार के दिन श्री गणेश जी की पूजा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि बुधवार का व्रत करने से बौद्धिक विकास होता है। बुधवार का व्रत बुध ग्रह से शुभ परिणाम प्राप्त करने के लिए किया जाता है। साथ ही इस व्रत को इच्छाओं को पूरा करने और धन, सुख आदि को प्राप्त करने के लिए भी किया जाता है। अग्नि पुराण के अनुसार बुध का व्रत शुरू करने का सर्वोत्म समय तब होता है जब बुधवार विशाखा नक्षत्र में हो। ये व्रत लगातार सात बुधवार तक करने पर अत्यंत लाभदायक होता है। बुधवार के व्रत का आरंभ गणेश जी के साथ नवग्रहों की पूजा से करना चाहिए। व्रत के दौरान भागवत महापुराण का पाठ करने से भी लाभ होता है। ऐसे करें बुधवार का व्रत एवं पूजनः सामान्य रूप से बुधवार व्रत शुक्ल पक्ष के पहले बुधवार से शुरू करना अच्छा होता है। इस दिन पूजा करने के लिए प्रातः सभी नित?य कार्यों से निवृत्त होकर शुद्ध होने के बाद भगवान बुध की पूजा करें। इस व्रत को करने वाला यदि पूजा के समय हरे रंग की माला और वस्त्र धारण करें तो शुभ फल मिलता है ऐसा माना जाता है। बुधवार को पूरे दिन व्रत के बाद शाम को फिर से पूजा करें। इस व्रत में हरे रंग के वस्त्रों, फूलों और सब्जियों का दान देना उत्तम होता है। इस दिन एक समय दही, मूंग दाल का हलवा या हरी वस्तु से बनी चीजों का भोजन करना चाहिए। भगवान को भी हरे रंग की वस्तुयें समर्पित की जानी चाहिए।

## पर्यटन



# उत्तराखंड का छोटा-सा हिल स्टेशन औली जो हर मौसम में लगता है खूबसूरत

जब उत्तर भारत में सर्दी समाप्ति की ओर है तो यहां करते हैं लोग बर्फबारी का इंतजार। बर्फ पर अटखेलियां आपको भी लुभाती हैं तो उत्तराखंड के चमोली स्थित औली से मुफीद जगह देश में कहीं और नहीं। हालांकि मौसम अनुकूल न होने की वजह से इस बार यहां अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग रेस का आयोजन टल गया, पर कुदरत के इस नायाब उपहार को निहारने वालों की भीड़ में कोई कमी नहीं आई है। टीवी चैनलों, अखबारों में बर्फ से लकदक पहाड़ों के नजारे देखने भर से ही सर्द से सर्द मौसम में भी गर्मजोशी छा जाती है तो जब आप ऐसे स्थलों पर चले जाएं तो क्या होगा? यकीनन ऐसी कल्पनाओं से भी खूबसूरत है औली। एक तरफ पूरी दुनिया जहां कोरिया में विंटर ओलंपिक के रोमांच में डूबी है तो हम भी यह क्यों भूलें कि हमारे देश में भी एक ऐसी जगह है जहां बर्फ पर स्कीइंग का आनंद लेने के लिए दुनिया भर से पर्यटक खिंचे चले आते हैं। पर केवल सर्दियों के मौसम में ही नहीं बल्कि इसकी सुंदरता कुछ ऐसी है कि पर्यटकों की भीड़ यहां हर मौसम में बनी रहती है। बर्फ की सफ़ेद चादर ओढ़े पहाड़ों पर सूर्योदय हो या सूर्यास्त, औली हर पहर में एक अलग रंग में खूबसूरती बिखेरता नजर आएगा और यह निर्णय करना मुश्किल होगा कि इस सौंदर्य का कौन सा रंग सबसे खूबसूरत है। दिन के वक्त सूर्य की रोशनी से यहां बर्फ से पटे पहाड़ चांदी-सी चमक बिखेरते हैं, तो शाम के समय आप सूरज और चांद को धरती के बिल्कुल पास-पास महसूस करेंगे। आपने पहले भी बर्फबारी का आनंद लिया होगा लेकिन यहां बर्फ इतना अद्भुत है कि आप उसे चख भी सकते हैं। चमोली स्थित हिम क्रीड़ा स्थल को उत्तराखंड का स्वर्ग कहा जाता है। पूरी दुनिया इसे बेहतरीन स्की रिजॉर्ट के रूप में जानती है पर जो केवल कुदरत को करीब से निहारने का जुनून लिए होते हैं उनके लिए औली कुदरत का वरदान है। यहां केवल बर्फ ही नहीं, साथ में है भरपूर चमकती हरियाली. हरे-भरे खेत, छोटे-बड़े देवदार के पेड़ों के बीच ऊंची-नीची चट्टानों पर बिछी मुलायम हरी घास, पतले और घुमावदार रास्ते और जहां तक नजर आए, वहां तक केवल पहाड़ ही दिखते हैं जो इन दिनों चांदी सा चमक बिखेर रहे हैं।

# रसोई गैस के लिए हाहाकार, एजेंसी संचालकों को आपदा अवसर, शोषण, कालाबाजारी भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता







बाराबंकी। वैवाहिक मांगलिक सत्र के अवसर पर घरेलू गैस की किल्लत से अपरा तफरी मची है। सैकड़ो लोग गैस एजेंटीयों के इर्द-गिर्द बढ़ावा रहे हैं तो उनके एजेंट से संपर्क कर कालाबाजारी में गैस खरीदने को उतावले हैं। गैस के बगैर 11 मार्च को भारी सहायक है गैस की किल्लत लोगोंकी सांस फूल रही है, तो किसी का ब्लड प्रेशर बढ़ गया है।विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से आमजन परेशान हैं। गैस बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ताओं को अगले दिन भुगतान की रसीद लेकर लंबी-लंबी कतारों में लगकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। लोगों को अपने जरूरी काम छोड़कर कई-कई घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के लिए जो मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, उन पर बुकिंग नहीं हो पा रही है। फोन करने पर ऑटोमेटिक आवाज के माध्यम से तकनीकी खराबी का हवाला दिया जाता है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं जब उपभोक्ता बीपीसीएल में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा रहे हैं तो कंपनी की ओर से तुरंत मैसेज भेजकर यह बताया जाता है कि जल्द ही टीम संपर्क करेगी, लेकिन 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी किसी प्रकार का संपर्क नहीं किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि बीते करीब पांच दिनों से गांव-गांव गैस सप्लाई लेकर जाने वाली गाड़ियां भी बंद कर दी गई हैं। अब गैस सिलेंडर एजेंसी के गोदाम पर या उससे कुछ दूरी पर स्थित बगिया में वितरित किए जा रहे हैं। कस्बा कुर्सी स्थित नूर भारत गैस एजेंसी पर भी ऐसा ही हाल देखने को मिल रहा है। यहां उपभोक्ताओं से होम डिलीवरी के पैसे तो लिए जा रहे हैं, लेकिन सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचाया जा रहा है।

एक ग्रामीण ने बताया कि कुछ दिन पहले तक एजेंसी के कर्मचारी स्वयं ही सिलेंडर बुक कर देते थे और कई बार उसे अन्य लोगों को भी बेच देते थे। लेकिन अब स्थिति यह है कि उपभोक्ता खुद भी सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहा है। जब उसने एजेंसी पर सिलेंडर बुक करने की बात कही तो कर्मचारियों ने साफ कह दिया कि आप खुद ही बुक करें, हम बुक नहीं कर सकते।

इस मामले की शिकायत उपभोक्ता द्वारा कंपनी से भी की गई है। शिकायत के बाद कंपनी की ओर से जल्द संपर्क करने का मैसेज तो आया, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने संपर्क नहीं किया है, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सूत्रों की माने तो ''रामसनेहीघाट'' तहसील क्षेत्र अहमदपुर स्थित राधेश्याम ग्रामीण इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को कैश एंड कैरी योजना के तहत छूट न देनी पड़े। इसलिए गोदाम से बड़ी दूर गाड़ी खड़ी करके उपभोक्ताओं को कड़कती धूप एवं असुरक्षा के बीच सिलेंडर वितरित किए जा रहे है। सूचना मिलते ही पूर्ति निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव ने गोदाम पर पहुंच कर खाली और भरे गैस सिलेंडरो की मात्रा की जानकारी ली और जांच कर एजेंसी संचालक को फटकार लगाते हुए लगभग 40 उपभोक्ताओं का गोदाम पर कैश एंड कैरी योजना का प्राप्त वापस देने के निर्देश दिए ।

## होली मिलन समारोह 14 मार्च को

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिद्धौर विकासखंड क्षेत्र के बिबियापुर घाट मजरे मुजफ्फरपुर में आगामी 14 मार्च को होली मिलन समारोह का आहुत किया गया है। भाकियू टिकैत के सिद्धौर ब्लॉक अध्यक्ष राम मदन रावत होली मिलन समारोह में जन सामान्य को आमंत्रित किया है। भारी संख्या में पहुंचने की अपील भी की।

## बैंक प्रबंधन ने बच्चों को दी भेंट, सुषमा ने किया स्वागत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र कुर्सी में बुधवार आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के आगमन पर स्वागत एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईडीबीआई बैंक के वरिष्ठ पदाधिकारी नितिन बड़ौनी (असिस्टेंट जनरल मैनेजर), विष्णु कुमार (असिस्टेंट जनरल मैनेजर), विशाल गुप्ता (असिस्टेंट मैनेजर) एवं सिद्धार्थ के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईडीबीआई बैंक द्वारा अपने वार्षिक सीएसआर फंड के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय कुर्सी के विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर, विद्यालय स्टाफ के लिए कुर्सियां तथा दस्तावेजों के सुरक्षित रख-रखाव हेतु बड़ी अलमारी दान स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर सिंह ‍कौशल‍ ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, वरिष्ठ शिक्षक संदीप कुमार वर्मा, अनामिका श्रीवास्तव, अनिल सिंह बघेल, हरि प्रकाश शुक्ल, अभिषेक गिरी, ओमकार वर्मा, शिवशंकर सिंह, अजय वर्मा, मनोज श्रीवास्तव सहित कंपोजिट विद्यालय कुर्सी के छात्र-छात्राएं एवं स्काउट दल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास धूमधाम से निकला आठव का जुलूस

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गंगा जमुनी तहजीब का उदाहरण कस्बा जैदपुर में होली पर्व के 8 दिन बाद निकलने वाला जुलूस होली स्वांग(आठो ) बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ धूमधाम हर्षोल्लास से निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा जैदपुर के उसरी लोधपूर्वा बगहा पूरा तरफ अहिरान गढही आदि मोहल्ले से अनेक प्रकार की झांकियां व अनेक प्रकार के रूपों से सजे धजे कलाकारों के साथ श्री शीतला मंदिर लोधपुरवा.मे एकत्रित होकर शीतला देवी मां जी की पूजा अर्चना के पश्चात जिम्मेदारों भक्तगणों श्यामू बाबा रामदीन सुमन कुमार रावत सरबजीत कुमार पुरुषोत्तम लाल राम सिंह डब्बू जायसवाल आदि लोगों के नेतृत्व में बैंड बाजे भांगड़ा ऊंट घोड़े धार्मिक झंडो के साथ के साथ सुंदर झांकियां निकली। सुरक्षा व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव व कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ,इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक निगम राजन बक्सोर अर्जुन कश्यप संदीप तिवारी सत्येंद्र वर्मा बनवारी लाल राम सिंह सभासद सुमन कुमार सभासद अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## श्री श्याम संकीर्तन, रात भर झूमे श्रोता

फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाराबंकी।बीती रात कोतवाली के निकट स्थित अग्रवाल ट्रैक्टर एजेंसी के प्रांगण में समाजसेवी सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में समस्त खेतान परिवार व अनेक गणमान्य और श्रद्धालु रात भर मौजूद रहे। ‘हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा’ और ‘खाटू वाले श्याम’ जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भजनों की मधुर धुन और भक्तिमय माहौल ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर तालियां बजाते और भजनों पर खूब झूमते नजर आए।बाबा श्याम के जयकारे लगाए,जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। आयोजक ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों में भक्ति, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाना है।

## खेत में घुसी बकरियां, विवाद में एक की मौत

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरोलिया में खेत में बकरियां घुसने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में उपचार दौरान मौत हो गयी। घायल युवक की पहचान सतीश वर्मा,(45) के रूप में हुई है। जो मंगलवार शाम 6बजे अपने खेत में काम कर रहे थे। उनके खेत में लगी बां स की नर्सरी में घुस गईं और पौधे चरने लगीं। सतीश ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी उस समय पास मौजूद ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करा दिया। लेकिन कुछ देर बाद यह विवाद फिर भड़क उठा।रास्ते में घेरकर हमला कहासुनी बाद जब उनके पति खेत से घास लेने हेतु घर से निकले रास्ते में मुस्लिम, सरताज, मुस्ताक, सुहैल,अन्ना समेत दो महिलाओं ने उन्हें घेर कर धारदार हथियार, ईंट और लाठी-डंडों से हमला कर दिया।हमलावरों ने उनके सिर और शरीर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।घटना के बाद आरोपियों के अवैध असलहा लहराते हुए आरोपी जानमाल की धमकियां देते फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सतीश को उपचार हेतु सीएचसी पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल रेफर किया। वहां इलाज के दौरान पीड़ित ने दम तोड़ा।
गांव में पुलिस बल तैनातकर दिया है।कोतवाल अमित सिंह ने बताया घायल की पत्नी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने राहगीरों को यातायात नियमों के पालन के लिए चलाया जागरूकता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपाधि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात छात्राओं की उपस्थित ली गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कनौजिया ने छात्राओं को यातायात एवं सुरक्षा दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों को मध्यम गति या निर्धारित गति से वाहन चलाने चाहिए,नशे का प्रयोग ना करें , हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, यातायात के नियमों का पालन करें, ड्राइविंग के वक्त फोन का प्रयोग भी ना करें , उन्होंने यह भी बताया कि जरूरी कागजात अर्थात ड्राइविंग लाइसेंस, गाड़ी के कागज जेब में या मोबाइल में अवश्य रखें,अन्य वाहनों से उचित दूरी बनाकर चलें, ट्रिपलिंग ना करें ,सड़क पर या रेलवे स्टेशन पर सेल्फी, स्टेटस ना ले और हमेशा सड़क के बाईं ओर ही चलें।
स्वयंसेविकाओं ने वाहनों को रोक कर चालकों को यातायात के नियमों के बारे में बताया साथ ही हेलमेट पहनना हमारे लिए क्यों जरूरी है यह समझाया हैं।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ राखी मिश्रा उपस्थिति रही हैं।

# राजधानी में समारोह, महिला अधिवक्ता की होगी भारी भागीदारी





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अवध प्रान्त द्वारा 14 मार्च को लखनऊ के बी बी डी यूनिवर्सिटी में महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया है। उसमें अधिवक्ता परिषद की बाराबंकी इकाई सर्वाधिक संख्या जुटाएगी। उक्त आशय की जानकारी अधिवक्ता परिषद जिला इकाई बाराबंकी के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट ने एक विज्ञप्ति में दी है।उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अवध प्रान्त की सभी इकाइयों के महिला अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ न्याय मूर्ति बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ बविता रानी, यू पी महिला आयोग की अध्यक्ष डा बविता चौहान, दिल्ली विश्व विद्यालय की फैकल्टी ऑफ ला की प्रोफ़ेसर एवम अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सीमा सिंह का उद्बोधन भी महिला अधिवक्ताओं को सुनने का सु अवसर प्राप्त होगा।अधिवक्ता परिषद जिला इकाई बाराबंकी के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,उपाध्यक्ष राकेश शर्मा,महामंत्री सचिन प्रताप सिंह,कोषाध्यक्ष रवि रंजन श्रीवास्तव ने प्रतिभाग करने वाली महिला अधिवक्ताओं शिलम कुमारी,सरिता वर्मा, बीता मिश्रा,कोमल जायसवाल, समृद्धि तिवारी, दीक्षा गुप्ता, डोलता कुमारी,अत्रीका सोनी, ज्योती सिंह,प्रतिभा,सुधा गौतम, शक्ति मिश्रा, अंजली यादव,सुमन चौहान, जूली, नेहा मौर्य आदि महिला अधिवक्ताओं के साथ बैठक के और प्रतिभागियों से समय से ,साढ़े नौ बजे आयोजन स्थल बी बी डी यूनिवर्सिटी पहुंचने की अपील की गई। सभी प्रतिभागियों के आने जाने के वाहन के बारे में भी नीति बनाई गई।

# जिले को मिली सर्वाइकल कैंसर से बचाव की वैक्सीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम से अलग एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जाएगा। इसमें गार्डासिल नाम की क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करती है। यही वायरस सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण माने जाते हैं। इसके अलावा यह टीका टाइप 6 और 11 से भी बचाव करता है। विशेषज्ञों के अनुसार 14 वर्ष की आयु में एक डोज लगाने से लंबे समय तक मजबूत सुरक्षा मिलती है। भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष लगभग 80 हजार नए मामले सामने आते हैं, जबकि 42 हजार से अधिक महिलाओं की मौत इस बीमारी से हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वैक्सीन 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी मानी जाती है और इसका सुरक्षा रिकॉर्ड भी काफी अच्छा है। वर्ष 2006 से अब तक दुनियाभर में 60 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं। कई देशों में इस टीकाकरण के बाद एचपीवी संक्रमण और सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त और स्वैच्छिक होगा, ताकि सभी वर्गों की किशोरियों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। अभियान का शुभारंभ 14 मार्च 2026 को जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर में किया जाएगा। यहां प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को अभिभावकों की सहमति के बाद एचपीवी टीका लगाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि जनपद में लगभग 27 हजार किशोरियों को इस अभियान के तहत टीका लगाया जाना है। शासन से वैक्सीन की आपूर्ति प्राप्त हो चुकी है और इसे कोल्ड चेन में सुरक्षित रखा गया है। टीकाकरण के लिए किशोरियों को पंजीकरण कराना होगा और स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था भी कोविड टीकाकरण की तरह की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए इस अभियान का लाभ अवश्य दिलाएं।

# धांधली आलू उत्पादक त्रस्त,एक कृषक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। जिला प्रशासन की लापरवाही एव कोल्ड स्टोरेज मालिकों की अव्यस्थाओ के चलते मंगलवार की देर शाम बिंद्रा कोल्ड स्टोरेज मे आलू लेकर आये एक किसान की ट्राली के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया है। कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने आये किसानो ने स्टोर मालिक पर अव्यवस्था का आरोप लगाया है।

बताते चले कि मंगलवार की शाम करीब 4 बजे जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरौली निवासी 55 वर्षीय किसान उमेश चंद्र वर्मा पुत्र भगवती प्रसाद नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बिंद्रा कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने के लिए गये थे कोल्ड स्टोरेज में फैली अव्यवस्थाओं के कारण वहां आड़े तिरछे खड़े ट्रैक्टर ट्राली के बैक करने के दौरान किसान उमेशचंद्र वर्मा की ट्राली के नीचे आ जाने से दर्दनाक मौत हो गयी दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर बैक कर रहा चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया तथा कोल्ड स्टोरेज मे अफरातफरी मच गयी किसान को आननफानन मे जिला अस्पताल पहुंचाया जहा चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सबसे बड़ी दुःख की यह बात रही कि कोल्ड स्टोरेज परिसर मे इतनी बड़ी घटना के बाद भी मृतक के परिजनों की कोई सुध नहीं ली। मेंथा किसान समिति के अध्यक्ष डा0 राजेश कुमार वर्मा ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए बताया कि इस हादसे से किसान का परिवार गहरे संकट में आ गया है। परिवार में कोई दूसरा कमाने वाला नहीं है और घर में मातम का माहौल है। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है हम प्रशासन से मांग करते हैं कि इस घटना की निष्पक्ष जांच करा कर मृतक किसान के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए तथा कोल्ड स्टोरेज में फैली अव्यवस्थाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

### नियमों की अनदेखी अव्यस्थाओ का बोलबाला

किसानो का सुचारु रूप से कोल्ड स्टोरेज मे आलू रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोकन की व्यवस्था करने के बाद भी कोल्ड स्टोरो मे टोकन न दिये जाने से किसानो मे अफरातफरी का महौल है जिससे किसानो मे होड़ मची हुई है कोल्ड स्टोरेज मालिक गेट पर गेटमैन तक की व्यवस्था नहीं किये हुए है जिससे कोल्ड स्टोरेज मे आड़ी तिरछी ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हुई है उल्लेखनीय हो कि कोल्ड स्टोरेज मालिको ने किराया बढ़ाने को लेकर सभी लामबंद हो गये थे लेकिन व्यवस्था के नाम पर कोई भी कोल्ड स्टोर मालिक रुचि नहीं ले रहा हैं ।

( परिवार पर टूटा दुःखो का पहाड )

मृतक किसान उमेशचंद्र के एक मात्र पुत्र रवि था जिसकी 4 वर्ष पूर्व नयागाँव के निकट दुर्घटना मे मौत हो गयी थी मृतक उमेशचंद्र के ऊपर एक पुत्री व दो पौत्रियों की शादी की जिम्मेदारी है घर के कमाऊ व्यक्ति की मौत से गाँव मे कोहराम मचा हुआ है।

# पारा बाजार में लगा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर, 330 मरीजों की हुई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा बाजार में डॉ.अशफ़ाक अहमद खान के आवास परिसर में बुधवार को इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अमेठी की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया।शिविर में कुल 330 मरीजों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 173 महिलाएं और 157 पुरुष शामिल रहे। इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर अमेठी से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं व परामर्श दिया। इस दौरान आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों का परीक्षण और उपचार किया गया। शिविर में डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. सुनीता, डॉ. रेणु, डॉ. संयोगिता, डॉ. ज्योति, डॉ. आभा, कंपाउंडर कल्पनाथ, डॉ. कमर खान और डॉ. अशफ़ाक अहमद सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। कैंप के आयोजक डॉ.उमर खान ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि हर माह के प्रथम बुधवार को इसी स्थान पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा,जिससे क्षेत्रीय लोगों को नियमित रूप से इसका लाभ मिल सके।

# ग्लूकोमा आंख की गंभीर बीमारी है समय-समय पर जांच करना जरूरी डॉ रवि त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग सर्जन डॉक्टर रवि त्रिपाठी नंदनी आई केयर जेल रोड सुलतानपुर ने एक भेंट में बताया कि ग्लूकोमा आँखों की एक गंभीर बीमारी है जो आँख के अंदर दबाव बढ़ने के कारण आँख की नस को नुकसान पहुँचाती है। यह स्थायी अंधत्व का एक प्रमुख कारण है। इसे अक्सर साइलेंट थीफ ऑफ साइट कहा जाता है क्योंकि शुरुआती चरण में आमतौर पर कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते।

संभावित लक्षणः धीरे-धीरे साइड की दृष्टि कम होना, धुंधला दिखाई देना, रोशनी के चारों ओर घेरा दिखाई देना, आँखों में दर्द या सिरदर्द, कुछ मामलों में अचानक दृष्टि में कमी

किसे अधिक जोखिम है? 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग, जिनके परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास हो, मधुमेह या उच्च रक्तचाप के रोगी, लंबे समय तक स्टेरॉयड दवाओं का उपयोग करने वाले। नियमित नेत्र जांच से ग्लूकोमा का समय पर पता लगाया जा सकता है और उपचार से दृष्टि को बचाया जा सकता है। समय पर जांच कराएं आपकी दृष्टि अनमोल है।

# इंदौर में 7वीं वनडे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का आगाज

एजेंसी



इंदौर। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) की 7वीं वनडे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 का बुधवार को भव्य आगाज हुआ। इंदौर के द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का सहयोग प्राप्त है। साथ ही, इसे डेफ इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल तथा एशियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन की मान्यता भी मिली हुई है।

टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल परिसर के चार अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे, जिससे पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक साथ कई मुकाबले देखने को मिलेंगे और मैचों का शेड्यूल भी काफी रोमांचक रहने वाला है।

इस अवसर पर पीआर 24ब7 के सीओओ (पब्लिक अफ़ेयर्स) विकास राजोरा और द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के स्पोर्ट्स ऑफिसर अकरम खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। चैंपियनशिप की मेजबानी मध्य प्रदेश क्रिकेट फॉर द डेफ (एमपीसीसीडी) कर रहा है। बुधवार यानी 11 से 15 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए खिलाड़ी मैदान पर अपने हुनर का परचम लहराएंगे। चैंपियनशिप में देश के अलग-अलग हिस्सों का प्रतिनिधित्व करने वाली पांच जोनल टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिसमें नॉर्थ जोन, सेंट्रल जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन और वेस्ट जोन के नाम शामिल हैं। लीग मुकाबलों के बाद टीमों की रैंकिंग उनके प्रदर्शन के आधार पर तय होगी और अंत में चैंपियन, रनर-अप और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा। चैंपियनशिप के बारे में बात करते हुए आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, ''7वीं वनडे नेशनल जोनल डेफ क्रिकेट चैंपियनशिप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि हमारे खिलाड़ियों के जज्बे, हिम्मत और प्रतिभा का उत्सव है। साइरस पूनावाला ग्रुप और हमारे सहयोगियों के समर्थन से हम डेफ क्रिकेटर्स के लिए ऐसा मजबूत मंच तैयार कर रहे हैं, जहां वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

आईडीसीए की सीईओ रोमा बलवानी ने कहा, ''हमें खुशी है कि यह चैंपियनशिप इंदौर में आयोजित हो रही है। देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहां खेल के जरिए यह दिखा रहे हैं कि खेल में एकजुटता कितनी महत्वपूर्ण है। हर नया संस्करण हमें यह भरोसा देता है कि हम सुनने में अक्षम खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने के और अवसर दे रहे हैं। ओपनिंग डे का पहला मुकाबला नार्थ जोन और सेंट्रल जोन के बीच हुआ, जिसे नार्थ जोन ने 3 विकेट से अपने नाम किया। इस मैच में सेंट्रल जोन के बल्लेबाज खेमकरण बरमैया ने 2 चौके व 6 छक्कों की मदद से 54 गेंद में 68 रनों की पारी खेली। गेंदबाजी में नार्थ जोन के विवेक कुमार ने 10 ओवर में 50 रन देकर सबसे अधिक छह विकेट अपने नाम किये और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

# राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छाए मुरादाबाद के खिलाड़ी

एजेंसी



मुरादाबाद । अयोध्या के डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के साथ गए मुरादाबाद के शिक्षक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने बताया कि प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में सेजल (अलीगढ़) प्रथम, अंशिका यादव (वाराणसी) द्वितीय और सुहानिया (मेरठ) तृतीय रहीं। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सिराज अली (अयोध्या) प्रथम स्थान पर रहे। शिक्षक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने आगे बताया कि 100 मीटर बालिका वर्ग में नैंसी यादव (वाराणसी) प्रथम, सगोपी (बरेली) द्वितीय और सेजल (अलीगढ़) तृतीय रहीं, जबकि 200 मीटर में नैंसी (वाराणसी) प्रथम, रोशनी (अलीगढ़) द्वितीय और अनीता (प्रयागराज) तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में रोशनी (अलीगढ़) प्रथम, अनीता (प्रयागराज) द्वितीय और करिश्मा (बरेली) तृतीय रहीं। कबड्डी में बस्ती मंडल विजेता और गोरखपुर उपविजेता रहा, जबकि खो-खो में अयोध्या मंडल विजेता और मिर्ज़ापुर उपविजेता बना। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में विशाल (वाराणसी) प्रथम, दीपक (मिर्ज़ापुर) द्वितीय और मयंक (आगरा) तृतीय रहे। 400 मीटर में कार्तिक (मुरादाबाद) प्रथम, संजय (लखनऊ) द्वितीय रहे। योग में आजमगढ़ प्रथम, लखनऊ द्वितीय और सहारनपुर तृतीय रहा। कबड्डी में अयोध्या मंडल विजेता और देवीपाटन उपविजेता रहा, खो-खो में मिर्ज़ापुर विजेता और अयोध्या उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग के 200 मीटर में अंशिका यादव (वाराणसी) प्रथम, पलक (मुरादाबाद) द्वितीय और अतिया (गोरखपुर) तृतीय रहीं। 400 मीटर में पलक (मुरादाबाद) प्रथम, रेशमा (मिर्ज़ापुर) द्वितीय और सानिया (देवीपाटन) तृतीय रहीं।

# संक्षिप्त समाचार

## फाफामऊ और श्री सहायक क्लब को मिली जीत

प्रयागराज । फाफामऊ क्लब और श्री सहायक क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीत कर मनीष देब डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। श्री सहायक क्लब की जीत में हृदय नारायण पांडेय का अर्धशतक (74 रन, 62 गेंद) महत्वपूर्ण रहा तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब के आकाश सिंह का शतक (110 रन, 84 गेंद) व्यर्थ हो गया। चक हरिहरगंज झूंसी मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 26.2 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में श्री सहायक क्लब ने 22 ओवर में एक विकेट पर 139 रन बना लिए। मैच में अनूप कुमार शर्मा व अजय कुमार अम्पायर एवं आशीष भारतीय स्कोरर रहे। फाफामऊ क्लब ने अपने मैदान पर 37 ओवर में 276 रन बनाए। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की टीम 32.2 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। मैच में सुधीर सोनकर व राहुल सिंह अम्पायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

## फीफा विश्व कप 2026 प्लेऑफ से पहले इराकी खिलाड़ियों को मिलना शुरू हुए वीज़ा

मेक्सिको सिटी । फीफा विश्व कप 2026 के अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ मुकाबले से पहले इराक राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों को वीज़ा जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बताया कि 31 मार्च को मॉन्टेरी में होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले इराकी खिलाड़ियों के लिए वीज़ा जारी किए जा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार 8 मार्च को कुछ खिलाड़ियों की वीज़ा प्रक्रिया मेक्सिको दूतावास, सऊदी अरब में पूरी की गई थी, जबकि अन्य खिलाड़ियों और अधिकारियों की प्रक्रिया मंगलवार को मेक्सिको दूतावास, कतर में पूरी की जानी है। हालांकि सरकार ने यह नहीं बताया कि अब तक कितने खिलाड़ियों को वीज़ा दिया गया है। दरअसल क्षेत्र में जारी युद्ध के कारण इराकी टीम को यात्रा संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण टीम के कई खिलाड़ी अभी तक एक स्थान पर एकत्र नहीं हो पाए हैं, जिससे उनकी तैयारियों पर असर पड़ा है। अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में इराक राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का सामना सूरीनाम राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और बोलीविया राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। इस मैच के विजेता को विश्व कप के ग्रुप चरण में जगह मिलेगी, जहां उसे फ्रांस राष्ट्रीय फुटबॉल टीम, नॉर्वे राष्ट्रीय फुटबॉल टीम और सेनेगल राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ ग्रुप में रखा जाएगा।

इराक के मुख्य कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए फीफा से अंतरमहाद्वीपीय क्वालीफायर को स्थगित करने का अनुरोध भी किया है। उनका कहना है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण टीम के अधिकांश खिलाड़ी, जो घरेलू लीग में खेलते हैं, अभी तक एक साथ नहीं जुट पाए हैं।

इस बीच मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह मेक्सिको में इराक दूतावास के संपर्क में है और इराकी राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों के दस्तावेज़ तैयार करने में हर संभव सहायता प्रदान करेगा। गौरतलब है कि फीफा विश्व कप 2026 की मेजबानी संयुक्त रूप से मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा कर रहे हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून 2026 से शुरू होगा।

## फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने चैम्पियन इलेवन को 30 रन से हराया

मुरादाबाद । रेलवे स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इंटर क्लब क्रिकेट मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने चैम्पियन इलेवन को 30 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। टीम की ओर से सुभाष ने 51 और सचिन ने 48 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चैम्पियन इलेवन की टीम 24.2 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से अमित ने 39 और अचिन ने 38 रन की पारी खेली। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष ने 20 रन देकर चार विकेट लिए। 51 रन की पारी खेलने वाले और 4 विकेट झटकने वाले फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के सुभाष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## इंडियन वेल्स में आर्यना सबालेंका ने नाओमी ओसाका को हराया, क्वार्टरफाइनल में प्रवेश

इंडियन वेल्स । विश्व की नंबर एक बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने ग्रैंड स्लैम विजेताओं की टक्कर में शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को जापान की नाओमी ओसाका को 6-2, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब सबालेंका क्वार्टरफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा और विक्टोरिया मबोको के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। सबालेंका ने पूरे मुकाबले में आक्रामक खेल दिखाते हुए 31 विनर और आठ ऐस लगाए। उन्होंने पहले सेट में दो बार ओसाका की सर्विस तोड़ते हुए आसानी से सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में ओसाका ने लय पकड़ने की कोशिश की, लेकिन सबालेंका की मजबूत सर्विस को भेदने में वह नाकाम रहीं। सबालेंका ने दूसरे सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और 4-3 की बढ़त बनाने के लिए शानदार फोरहैंड विनर लगाए।

दोनों खिलाड़ियों के बीच यह सिर्फ दूसरा मुकाबला था। इससे पहले 2018 में खेले गए मैच में ओसाका ने जीत हासिल की थी और उसी वर्ष उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। सबालेंका ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने कोर्ट पर विविधता लाते हुए लगातार दबाव बनाए रखा, जिससे अहम मौकों पर ओसाका भ्रमित नजर आईं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की क्वालीफायर तालिया गिब्सन ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी को 7-5, 2-6, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। 21 वर्षीय गिब्सन ने मैच में कुल 42 विनर लगाए और अपने करियर में पहली बार किसी शीर्ष-10 खिलाड़ी को हराया। पहले सेट में उन्होंने आखिरी क्षणों में ब्रेक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरे सेट में पाओलिनी ने 3-0 की बढ़त के साथ वापसी की, लेकिन निर्णायक सेट में गिब्सन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। विश्व रैंकिंग में 112वें स्थान पर काबिज गिब्सन ने मैच के बाद कहा कि वह इस जीत से बेहद भावुक हैं और खुद भी अपने प्रदर्शन से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि उनका आक्रामक खेल उन्हें लगातार मौके बनाने में मदद करता है और इंडियन वेल्स में वह उसी रणनीति के साथ आगे बढ़ रही हैं। अब क्वार्टरफाइनल में गिब्सन का सामना लिंडा नोस्कोवा और अलेक्जेंड्रा ईला के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से होगा।

# खाड़ी क्षेत्र में संकट के कारण टी20 वर्ल्ड कप टीमों की वापसी में देरी: आईसीसी

एजेंसी

नई दिल्ली ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली कुछ टीमों के खिलाड़ियों, कोचों, सपोर्ट स्टाफ और उनके परिवारों की घर वापसी में देरी हो रही है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट में अपने अभियान समाप्त कर चुके सभी लोग जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के कारण यह संभव नहीं हो पाया है। आईसीसी के अनुसार यह देरी खाड़ी क्षेत्र में जारी संकट के कारण हो रही है, जिसकी वजह से अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। कई देशों के हवाई क्षेत्र बंद हैं, मिसाइल चेतावनियां जारी की जा रही हैं और उड़ानों के मार्ग बदले जा रहे हैं। इसके अलावा कई कमर्शियल और चार्टर उड़ानों को अचानक रद्द या पुनर्निर्धारित करना पड़ा है। आईसीसी ने स्पष्ट किया कि ये परिस्थितियां




उसके नियंत्रण से बाहर हैं, जिससे खिलाड़ियों की यात्रा व्यवस्था सामान्य से कहीं अधिक जटिल और समय लेने वाली हो गई है। आईसीसी ने बताया कि वह लगातार एयरलाइंस, चार्टर ऑपरेटर, एयरपोर्ट प्राधिकरण, ग्राउंड हैंडलर और विभिन्न देशों की सरकारी एजेंसियों के साथ संपर्क में है, ताकि सभी प्रभावित समूहों की सुरक्षित घर वापसी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा सके।

वर्तमान व्यवस्था के अनुसार दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के सदस्य आज रात से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना होना शुरू करेंगे और अगले 36 घंटों के भीतर सभी के प्रस्थान की उम्मीद है। वहीं वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के नौ सदस्य पहले ही कैरेबियन के लिए रवाना हो चुके हैं, जबकि बाकी 16 सदस्य अगले 24 घंटों के भीतर भारत से उड़ान भरेंगे। आगे की प्रस्थान व्यवस्था की पुष्टि होने पर आईसीसी अतिरिक्त जानकारी साझा करेगा।

आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इन फैसलों के पीछे केवल सुरक्षा, व्यवहारिकता और खिलाड़ियों के कल्याण को ध्यान में रखा गया है। मीडिया के कुछ मंचों पर सामने आ रही अन्य अटकलों को परिषद ने पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया। परिषद ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के लिए की गई यात्रा व्यवस्था का पहले इंग्लैंड क्रिकेट टीम या किसी अन्य देश की व्यवस्था से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि सभी मामलों में परिस्थितियां, यात्रा मार्ग और उड़ान विकल्प अलग-अलग रहे हैं। आईसीसी ने दोहराया कि इस पूरे समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों और उनके परिवारों की सुरक्षा और भलाई है। परिषद ने कहा कि जब तक यात्रा व्यवस्था पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाती, तब तक किसी को भी रवाना नहीं किया जाएगा।

## सेल ने वित्त वर्ष 2025-26 के अप्रैल-फरवरी में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की

नई दिल्ली । देश के सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-फरवरी (11 महीने) की अवधि के दौरान अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में 18.24 मिलियन टन (एमटी) स्टील की बिक्री की है, जो कि सालाना आधार पर 14 फीसदी अधिक है। इसी अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सेल का कैश कलेक्शन 1.11 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 10 फीसदी अधिक है। इस दौरान रिटेल बिक्री, स्टॉकयार्ड बिक्री और डोर डिलीवरी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक अकेले फरवरी 2026 में सेल ने 1.58 मिलियन टन की कुल बिक्री दर्ज की। कंपनी ने जनवरी 2026 की तुलना में अपने स्टॉक में 1.05 लाख टन की कमी की और अपने ऋण को 1,000 करोड़ रुपए घटाया है।

# आईसीसी ने घोषित की टी-20 विश्व कप की इनामी राशि भारतीय टीम को मिले 26,39,423 अमेरिकी डॉलर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के समापन के बाद खिलाड़ियों के लिए तय कुल 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर की प्राइज मनी का अंतिम वितरण घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट की विजेता टीम भारतीय क्रिकेट टीम को सबसे बड़ी राशि 26,39,423 अमेरिकी डॉलर (करीब 26.39 लाख डॉलर) मिली है, जो सभी टीमों में सबसे अधिक है।

टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और इसी के साथ प्राइज मनी सूची में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उपविजेता न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 14,22,692 डॉलर मिले, जबकि तीसरे स्थान पर रही दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम को 10,05,577 डॉलर




की राशि मिली।

आईसीसी के अनुसार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली हर टीम को 2,25,000 डॉलर का बेस भुगतान दिया गया। इसके अलावा टीमों को उनके प्रदर्शन, मैच जीतने और विभिन्न चरणों में आगे बढ़ने के आधार पर अतिरिक्त राशि दी गई। इस बार टूर्नामेंट में भारत का प्रदर्शन बेहद दमदार रहा। टीम ने ग्रुप चरण से लेकर नॉकआउट मुकाबलों तक लगातार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई और खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इसी शानदार प्रदर्शन का परिणाम है कि खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा प्राइज मनी मिली। चौथे स्थान पर रही इंग्लैंड क्रिकेट टीम को 9,74,423 डॉलर मिले। इसके बाद वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 5,38,269 डॉलर, पाकिस्तान क्रिकेट टीम को 5,22,692 डॉलर, और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 4,91,538 डॉलर की राशि दी गई। इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट टीम, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम, संयुक्त राज्य अमेरिका क्रिकेट टीम सहित अन्य टीमों को भी उनके प्रदर्शन के अनुसार प्राइज मनी मिली। इस तरह टी-20 विश्व कप में भारत ने न सिर्फ ट्रॉफी जीती, बल्कि प्राइज मनी के मामले में भी सबसे बड़ा इनाम अपने नाम किया।

## कबड्डी के चाणक्य' रणधीर सिंह सेहरावत बने गुजरात जायंट्स के मुख्य कोच

एजेंसी

अहमदाबाद । अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने आगामी प्रो कबड्डी लीग सत्र से पहले अनुभवी कोच रणधीर सिंह सेहरावत को गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया है। 'कबड्डी के चाणक्य' के नाम से प्रसिद्ध सेहरावत लीग के सबसे अनुभवी कोचों में गिने जाते हैं। वह वर्ष 2014 में शुरू हुई प्रो कबड्डी लीग से ही इससे जुड़े रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में टीमों ने एक बार खिताब जीता है और छह बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सेहरावत के पास कबड्डी का लंबा अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेल कबड्डी टीम के कोच के रूप में पुरुष और महिला दोनों टीमों को कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब दिलाए हैं। खिलाड़ी के रूप में भी सेहरावत का करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप 1988, दक्षिण एशियाई खेल 1989 और एशियाई खेल 1990 शामिल हैं। 1990 के एशियाई खेलों में वह उपकप्तान के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे।

अपनी नियुक्ति पर रणधीर सिंह सेहरावत ने कहा कि वह एक बार फिर प्रो कबड्डी लीग में वापसी कर बेहद खुश हैं और इस अवसर के लिए अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात जायंट्स के पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और वह टीम के साथ मिलकर खिताब जीतने के लक्ष्य की ओर काम करेंगे। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा कि रणधीर सिंह सेहरावत जैसे अनुभवी कोच का टीम से जुड़ना गुजरात जायंट्स के लिए बड़ी उपलब्धि है। उनका अनुभव और खेल की गहरी समझ टीम को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। सेहरावत की नियुक्ति के साथ ही अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह आगामी प्रो कबड्डी लीग सत्र के लिए गुजरात जायंट्स को एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है।

# घरेलू शेयर बाजार में फिर मचा कोहराम, निवेशकों को लगी 5.28 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर तेज गिरावट का शिकार हो गया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,565 अंक से अधिक और निफ्टी 464 अंक से अधिक टूट गए। आज शेयर बाजार ने सपाट स्तर पर मिली-जुली शुरुआत हुई थी।


बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में मामूली तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में पूरे दिन मंदड़ियों का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.72 प्रतिशत और निफ्टी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान ज्यादातर सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। बैंकिंग,

**सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,565 अंक तक टूटा, निफ्टी में भी ऊपरी स्तर से 464 अंक की गिरावट**

ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में आज जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, मेटल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, ऑयल एंड गैस और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति



में पांच लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 441.76 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.04 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.28 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,414 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,881 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,380 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 153 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,937 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,197 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,740 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ दो शेयर बढ़त के साथ और 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से नौ शेयर हरे निशान में और 41 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 32.93 अंक की मामूली बढ़त के साथ 78,238.91 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से पहले पांच मिनट में ही यह सूचकांक 118.39 अंक की तेजी के साथ 78,324.37 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स अपनी सारी बढ़त गंवा कर लाल निशान में गिर गया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से यह सूचकांक आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ऊपरी स्तर से 1,565.11 अंक फिसल कर 1,446.72 अंक की कमजोरी के साथ 76,759.26 अंक के स्तर तक गिर गया। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई खरीदारी के कारण सेंसेक्स निचले स्तर से 104.45 अंक सुधर कर 1,342.27 अंक की गिरावट के साथ 76,863.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाना जरूरी: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा है कि भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा श्रीमती मुर्मु ने बुधवार को यहां 'जल महोत्सव 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में जल केवल मूलभूत आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपराओं, आजीविका और सामुदायिक जीवन से जुड़ा हुआ है। वर्षों से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को, दूर-दूर से पीने का पानी लाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल उपलब्ध कराना केवल सुविधा का मामला नहीं यह समय, स्वास्थ्य और सम्मान का मामला था। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार ने 'जल जीवन मिशन' शुरू किया है जिससे कि जिन ग्रामीणों को कभी पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता था उनके लिए अपने घरों में ही स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध है। राष्ट्रपति ने कहा कि जब किसी संसाधन की जिम्मेदारी न केवल सरकार बल्कि पूरे समाज द्वारा ली जाती है, तो उसका संरक्षण अधिक प्रभावी और स्थायी हो जाता है। जल प्रबंधन और संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्राम पंचायतों को जल आपूर्ति अवसंरचना के औपचारिक हस्तांतरण का 'जल अर्पण दिवस' मनाने से सामुदायिक भागीदारी की भावना सुदृढ़ होगी।




श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि स्वयं सहायता समूह जल परीक्षण, संचालन और अन्य रखरखाव कार्यों में संलग्न हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहां स्वयं सहायता समूहों की प्रतिबद्धता और समर्पण ने महिलाओं और समाज के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की क्षमता का उपयोग जल सुरक्षा के समाधान में अत्यंत फलदायी सिद्ध होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बहुआयामी और समन्वित प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन' के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल संसाधन स्थिरता के लिए, केंद्रीय भूजल बोर्ड और अन्य संबंधित संगठनों के सहयोग से भूजल पुनर्भरण और जल संरक्षण पर कार्य किया जा रहा है। 'कैच द रेन' और 'जल संचय जन भागीदारी' जैसे अभियान वर्षा जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का समन्वय जल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा,'' हमें जल को केवल एक वस्तु नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर के रूप में देखना चाहिए। अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमें जल संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। युवा पीढ़ी में जल प्रबंधन और संरक्षण के प्रति जागरूकता से भविष्य में देश की जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'जल महोत्सव' भारत की जल सुरक्षा के लिए एक जन आंदोलन का माध्यम बनेगा। जल शक्ति मंत्रालय, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण पेयजल सेवा वितरण में जन भागीदारी और सामुदायिक स्वामित्व को मजबूत करने के लिए 8 मार्च से 22 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान जल महोत्सव 2026 का आयोजन कर रहा है।

## 10 माओवादी कैडरों ने ओडिशा के कंधमाल में किया आत्मसमर्पण, 1.15 करोड़ का इनाम

एजेंसी

भुवनेश्वर। प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन को बड़ा झटका देते हुए 10 भूमिगत कैडरों ने ओडिशा के कंधमाल जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

ये सभी छत्तीसगढ़ के निवासी हैं और इन्होंने 10 बंदूकें सहित अन्य गोला-बारूद भी जमा कराए हैं। इन माओवादी कैडरों पर कुल मिलाकर 1.15 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने फुलबनी स्थित रिजर्व पुलिस ग्राउंड में ओडिशा पुलिस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में आत्मसमर्पण किया। मीडिया से बातचीत करते हुए एडीजी (एंटी-नक्सल ऑपरेशंस) संजीव पंडा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले अन्य सीपीआई (माओवादी) कैडरों की पहचान इस प्रकार हुई है- राज्य समिति सदस्य सानू पोट्टम उर्फ नीतू (केकेबीएन डिवीजन), उसी डिवीजन की डिविजनल कमेटी सदस्य सांतेई सलाम उर्फ अनुपा, एरिया कमेटी सदस्य लक्ष्मी मडवी उर्फ संगीता, एरिया कमेटी सदस्य सुनील तेलम, पार्टी सदस्य मंजुला पुनेम उर्फ शिल्पा, पार्टी सदस्य रामबती ओयाम उर्फ जमुना, पार्टी सदस्य गणेश कुंजाम, पार्टी सदस्य सुशीला डुडी, पार्टी सदस्य सरिता कुहुदम और पार्टी सदस्य चोड़ी योगी उर्फ रजनी। संजीव पंडा ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों ने औपचारिक रूप से हिंसा का त्याग किया, उग्रवादी गतिविधियों से सभी संबंध समाप्त करने की घोषणा की और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास जताते हुए समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नबरंगपुर, बलांगीर, कोरापुट, मलकानगिरी, नुआपड़ा और बौध जिले अब नक्सल-मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कंधमाल, कालाहांडी और रायगढ़ा जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों को भी नक्सल-मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इन इलाकों में लगभग 25 माओवादी सक्रिय हैं। हम उनसे अपील करते हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों।

## देश में लोकतंत्र की स्थिति चिंताजनक:के सी वेणुगोपाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर केंद्र सरकार और सदन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये हैं।

उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि जब वे इस प्रस्ताव पर लोकसभा में बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्हें देश के लोकतंत्र की स्थिति को लेकर गहरी चिंता महसूस हुई, क्योंकि विपक्ष को यह प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि 2019 के बाद से कई ऐसे घटनाक्रम हुए हैं जिनसे लोकसभा की गरिमा धीरे-धीरे कम होती गई। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में पहले कभी भी नेता प्रतिपक्ष को इतना खुलकर चुप कराने की कोशिश नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष को असहज करने वाले सवाल उठाते हैं और सच्चाई बोलने से नहीं डरते, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जाता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विपक्षी सांसदों को मनमाने तरीके से निलंबित किया गया, उनके माइक्रोफोन बंद किए गए और संसद टीवी के कैमरे भी विपक्षी बेंचों को दिखाने से बचते रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके उलट भाजपा सांसदों को अपशब्द कहने, नियमों का उल्लंघन करने और झूठ बोलने की खुली छूट दी जाती है, जिन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। संसद में बहुमत होने का मतलब यह नहीं है कि सत्तापक्ष लोकतांत्रिक परंपराओं को कुचल दे। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में सर्वोच्च सदन को पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं चलाया जा सकता है।

## भारत ने कांडला आ रहे जहाज पर होर्मुज़ जलडमरूमध्य में हमले की कड़ी निन्दा की

नयी दिल्ली। भारत ने कांडला बंदरगाह आ रहे थाईलैंड के मालवाहक जहाज मयूरे नारी पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले की कड़ी निन्दा करते हुए कहा है कि नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता में बाधा डालने से बचा जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में थाईलैंड के जहाज मयूरे नारी पर हमले की रिपोर्टों पर ध्यान दिया है। यह जहाज भारत के कांडला बंदरगाह की ओर जा रहा था। मंत्रालय ने कहा कि भारत इस बात की निंदा करता है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के दौरान वाणिज्यिक नौवहन को सैन्य हमलों का निशाना बनाया जा रहा है। इस संघर्ष के पहले चरण में ऐसे कई हमलों में भारतीय नागरिकों सहित कीमती जानें जा चुकी हैं और हमलों की तीव्रता तथा घातकता बढ़ती हुई प्रतीत हो रही है। वक्तव्य में कहा गया है कि भारत का मानना है कि वाणिज्यिक नौवहन को निशाना बनाने तथा निर्दोष नागरिक चालक दल के सदस्यों की जान को खतरे में डालने, या अन्यथा नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता में बाधा डालने से बचा जाना चाहिए।

## जेन-जेड : नेपाल में हुए कामयाब, बंगलादेश में रहे नाकाम

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पड़ोसी देशों में दो ऐसे राजनीतिक आंदोलन और उसके बाद चुनाव हुए हैं, जिनका भारत की क्षेत्रीय आकांक्षाओं पर प्रभाव पड़ सकता है।

बंगलादेश और नेपाल में आंदोलनों के संचालनकर्ता युवा मतदाता थे, जो अपने देशों के राजनीतिक नेतृत्व में बदलाव के लिए बेताब थे, लेकिन दोनों जगह परिणाम एक-दूसरे से बिल्कुल उलट रहे। संकरे सिलीगुड़ी कॉरिडोर से विभाजित इन दोनों देशों में हुए प्रदर्शनों का एक ही लक्ष्य मौजूदा व्यवस्था को बदलना था।

नेपाल का राजनीतिक परिदृश्य बड़े बदलाव के लिए तैयार दिख रहा है, क्योंकि हाल ही में हुए आम चुनावों के बाद बालेंद्र शाह उर्फ बालेन शाह देश के प्रधानमंत्री पद के इकलौते दावेदार बनकर उभरे हैं।

काठमांडू के पूर्व महापौर और रैपर 35 वर्षीय बालेन नेतृत्व की उस नयी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पारंपरिक राजनीतिक अभिजात वर्ग के वर्चस्व को चुनौती दे रही है। उनके उदय ने युवाओं में जोश भर दिया है और हिमालयी राष्ट्र में राजनीतिक सुधार और पारदर्शी शासन की बढ़ती मांग को साफ कर दिया है।

बंगलादेश में जो परिणाम आया, वह नेपाल के ठीक उलट है, जहां छात्रों के नेतृत्व वाली क्रांति तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेंकने में कामयाब रही, मगर बाद में हुए चुनावों में पिछली शासन व्यवस्था की मुख्य विपक्षी पार्टी ही सत्ता में वापस आ गयी। छात्रों के नेतृत्व वाली नवनिर्मित पार्टी, 'नेशनल सिटीजन पार्टी', अपना प्रभाव छोड़ने में विफल रही।

श्री शाह के प्रधानमंत्री पद के अभियान की शुरुआत मधेस प्रांत की राजधानी जनकपुर में एक सांस्कृतिक प्रतीकात्मक भाषण से हुई, जिसे पारंपरिक रूप से 'माता जानकी' की जन्मस्थली माना जाता है। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत 'सर्वप्रथम, माता जानकी को प्रणाम' के साथ की और अपना भाषण मैथिली में दिया, जो नेपाल में बड़े पैमाने पर बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। स्थान और भाषा का चुनाव काफी महत्वपूर्ण था। नेपाल के बहुत कम राष्ट्रीय नेताओं ने मैथिली में कोई बड़ा राजनीतिक अभियान शुरू किया है, जो पूरे मधेस क्षेत्र और भारत की मिथिला बेल्ट में व्यापक रूप से बोली जाती है। इस कदम ने मधेसी समुदायों तक पहुंच बनाने का संकेत दिया, जो ऐतिहासिक रूप से बेहतर राजनीतिक प्रतिनिधित्व की मांग करते रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में प्रवेश से पहले श्री शाह ने बतौर रैपर लोकप्रियता हासिल की थी। उन्होंने भ्रष्टाचार, शासन की विफलताओं और सामाजिक असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हिप-हॉप संगीत का सहारा लिया था। उनके संगीत का शहरी युवाओं के बीच गहरा असर हुआ। साल 2022 में श्री शाह ने प्रमुख दलों के उम्मीदवारों को हराकर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में काठमांडू के महापौर का चुनाव जीतकर नेपाल के राजनीतिक प्रतिष्ठान को चौंका दिया था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने राजधानी के कचरा प्रबंधन संकट को सुलझाने, सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने, यातायात प्रबंधन में सुधार, विरासत स्थलों की बहाली और सार्वजनिक पार्कों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया। पार्टी अध्यक्ष रबी लामिछाने के साथ समझौता होने के बाद श्री शाह ने 'राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी' के तहत राष्ट्रीय चुनाव लड़ने के लिए जनवरी 2026 में काठमांडू के महापौर पद से इस्तीफा दे दिया। उनके अभियान ने युवा सशक्तीकरण, भ्रष्टाचार विरोधी सुधारों, पारदर्शी शासन और नेपाल की संघीय प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया है। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन्होंने राजनीतिक बदलाव की तलाश कर रहे 'जेन-जेड' और 'मिलेनियल' मतदाताओं के बीच पुरजोर पैठ बनायी है। जहां बंगलादेश में विद्रोह की शुरुआत जमात समर्थित 'छात्र शिबिर' जैसी ताकतों ने की थी। इसका राजनीतिक लक्ष्य सत्ताधारी सरकार को हटाना था।

# पेज एक का शेष

### लोग घबराहट...

सचिव ने बताया कि तरल एलएनजी के दो टैंकर इस समय रास्ते में हैं। सरकार ने उपलब्ध गैस को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को पहुंचाने के लिए नियंत्रण आदेश जारी किया है। इसके तहत घरेलू, परिवहन, अस्पताल और शैक्षणिक क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखा गया है। उर्वरक क्षेत्र को 70 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है जबकि तेल शोधन संयंत्रों को उपभोग में 35 प्रतिशत तक कटौती करने के लिए कहा गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव सी सेंथिल राजन ने कहा कि ईंधन की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए गृह सचिव ने राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक कर जमाखोरी रोकने के सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को लोगों को समय समय पर सही जानकारी देने के लिए भी कहा है। पोत परिवहन मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जहां तक समुद्री क्षेत्र का सवाल है अभी भारतीय ध्वज वाले 28 जहाज़ फारस की खाड़ी में संचालित हो रहे हैं। इनमें से 24 जहाज़ होर्मुज़ जलडमरूमध्य के पश्चिम में हैं जिन पर 677 भारतीय नाविक कार्यरत हैं और 4 जहाज़ होर्मुज़ जलडमरूमध्य के पूर्वी भाग में हैं जिनपर 101 भारतीय नाविक कार्यरत हैं। इन सभी जहाज़ों और नाविकों की सुरक्षा के लिए सरकार सक्रिय निगरानी कर रही है। सरकार संबंधित प्राधिकरण, जहाज़ प्रबंधक और भर्ती एजेंसियाँ – जो नाविकों की भर्ती करती हैं के साथ निकट समन्वय बनाए हुए हैं, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जा सके। सभी भारतीय ध्वज वाले जहाज़ों और भारतीय नाविकों को उन्नत सुरक्षा उपाय अपनाने और रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने को कहा गया है, जिसमें चालक दल का विवरण महानिदेशक नौवहन को प्रस्तुत करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी बंदरगाहों पर संचालन सामान्य और स्थिर बना हुआ है। बंदरगाहों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्यातकों को होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करें और आयात-निर्यात व्यापार की निरंतरता सुनिश्चित करें। प्रमुख बंदरगाहों ने कई परिचालन उपाय लागू किए हैं, जिनमें जहाज़ों की आवाजाही की निरंतर निगरानी, नौवहन कंपनियों और जहाज़ एजेंटों के साथ समन्वय, क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों का वास्तविक समय में आकलन और जहाज़ों तथा माल की स्थिति की नियमित रिपोर्टिंग शामिल है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय और महानिदेशालय नौवहन में 24 घंटे कार्य करने वाले विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। महानिदेशालय नौवहन जहाज़ मालिकों, संचालकों और नाविकों के परिवारों के साथ भी संपर्क बनाए हुए है, ताकि उन्हें समय-समय पर जानकारी और आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। विशेष सचिव ने कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय फारस की खाड़ी क्षेत्र की वर्तमान और बदलती समुद्री स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में विकसित हो रही परिस्थितियों को देखते हुए निगरानी और तैयारी के उपायों को और मजबूत किया गया है, ताकि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और भारतीय जहाज़ों की सुरक्षा बनी रहे। उद्योग और अन्य हितधारकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जा रहा है, ताकि उन्हें हर संभव सहायता दी जा सके। सरकार भारतीय नाविकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने तथा भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद के देशों में रह रहे करीब एक करोड़ भारतीयों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने स्वयं इस क्षेत्र के कई नेताओं से बातचीत की है, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सऊदी अरब, ओमान, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और इज़राइल के नेता शामिल हैं। विदेश मंत्री भी इन देशों के अपने समकक्षों के साथ, साथ ही ईरान के साथ भी नियमित संपर्क में रहे हैं। क्षेत्र में स्थित हमारे सभी दूतावास और मिशन अपने समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में हैं। '' वे परामर्श जारी कर रहे हैं और उन्हें लगातार अद्यतन जानकारी दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय के नियंत्रण पर लोग निरंतर संपर्क कर रहे हैं और मंगलवार को इस पर 75 फोन कॉल और 11 ई-मेल प्राप्त हुए थे और सभी का उत्तर दिया गया। उन्होंने कहा कि जहां तक हताहतों की खबरों का प्रश्न है दो भारतीय नागरिकों की मौत हुई है और एक अभी भी लापता है। उन्होंने कहा कि ये तीनों भारतीय नागरिक उस समय जहाज़ों पर थे, जो वाणिज्यिक जहाज़ थे, और उन जहाज़ों पर हमला हुआ था। उन्होंने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में कुछ भारतीय नागरिक घायल भी हुए हैं। उनका उपचार किया जा रहा है और हमारे दूतावास तथा वाणिज्य दूतावास उनके साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि उनका हाल-चाल सुनिश्चित किया जा सके। श्री जायसवाल ने कहा कि एक भारतीय नागरिक इज़राइल में घायल हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया है जहां उसका उपचार किया जा रहा है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। दुबई में भी एक भारतीय नागरिक घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि ईरान में 9000 के करीब भारतीय विद्यार्थी और नागरिक भी हैं। उन्होंने कहा , '' कई विद्यार्थी और अन्य नागरिक हमारी सलाह का पालन करते हुए देश छोड़कर वापस आ चुके हैं। कुछ अभी भी वहाँ मौजूद हैं। हमारा दूतावास उनके साथ लगातार संपर्क में है। कुछ विद्यार्थियों और अन्य आगंतुकों तथा तीर्थयात्रियों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य शहरों में स्थानांतरित भी किया है। हम तेहरान में अपने दूतावास के माध्यम से उन लोगों की भी सहायता कर रहे हैं जो भूमि सीमा पार करके आर्मेनिया और अज़रबैजान जाना चाहते हैं और वहाँ से वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से भारत वापस आना चाहते हैं। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारतीय मिशन और वाणिज्य दूतावास पहले दिन से ही सक्रिय रूप से समुदाय की सहायता कर रहे हैं। भारत वहां की सरकारों के साथ नियमित संपर्क में हैं, जो बहुत महत्वपूर्ण है। हम उनसे नवीनतम परामर्श प्राप्त कर रहे हैं और उसी समय अपने समुदाय के साथ वह जानकारी साझा भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद है, जैसे कुवैत और बहरीन। कुवैत में हवाई अड्डे को सऊदी अरब के दम्माम क्षेत्र की ओर स्थानांतरित किया गया है। बहरीन से भी लोग दम्माम और रियाद के माध्यम से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा ,'' जहाँ भी लोगों की आवाजाही की आवश्यकता हुई, विशेषकर फँसे हुए भारतीयों, ट्रांज़िट यात्रियों और अल्पकालिक आगंतुकों के लिए, हमारे मिशन स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर उनकी सहायता कर रहे हैं। उनके लिए ट्रांज़िट वीज़ा की व्यवस्था की गई है और उन्हें सऊदी अरब जैसे देशों के माध्यम से यात्रा करने के लिए परिवहन की व्यवस्था भी की गई है। श्री महाजन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में उड़ानों की संख्या भी बढ़ाई गई है। कई वाणिज्यिक और विशेष उड़ानें संचालित हुई हैं, जिनसे ट्रांज़िट में फँसे यात्रियों को काफी राहत मिली है। सऊदी अरब में भी जेद्दा, मदीना और रियाद से नियमित उड़ानें संचालित हो रही हैं और ओमान का हवाई क्षेत्र खुला हुआ है। क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी हम लगातार समन्वय बनाए हुए हैं और स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

### पेट्रोल—डीजल और गैस...

सिलेंडर कम मिल रहे हैं। स्थितियां बिगड़तीं, इससे पहले ही मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ-साथ पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया था कि प्रदेश में कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। आपूर्ति और वितरण सामान्य है। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की घबराहट या कृत्रिम संकट की स्थिति न बनने पाए। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी फील्ड में उतर कर निरीक्षण कर जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखें। गड़बड़ी मिलने पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री की सख्ती का असर दिखने लगा है। प्रशासनिक अधिकारी पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। स्थिति काफी सामान्य है और पेट्रोल-डीजल की भरपूर उपलब्धता है। जबकि गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन किए जाने से आपूर्ति में थोड़ा समय लग रहा है। हमीरपुर जिले में कुछ पेट्रोल पंपों में त्योहारों के कारण पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति कम होने से दिक्कत आई थी। अब स्थिति पूरी तरह से सामान्य है। गोरखपुर, प्रयागराज और वाराणसी जैसे बड़े शहरों के अलावा आजमगढ़ और हापुड़ में गैस सिलेंडर को लेकर लोग शिकायत कर रहे हैं। उपभोक्ता गैस एजेंसियों के कार्यालय भी पहुंच रहे हैं। कानपुर के अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) राजेश कुमार ने बुधवार को बताया कि उपभोक्ता 0512-2988763 नंबर पर कॉल कर एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा 6394616122 मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर लोग गैस वितरण में अनियमितता, अधिक कीमत वसूली या कालाबाजारी से जुड़ी जानकारी दे सकते हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि यह मोबाइल नंबर व्हाट्सएप से भी जुड़ा हुआ है, जिससे उपभोक्ता फोटो या अन्य साक्ष्यों के साथ शिकायत भेज सकते हैं। कॉल सेंटर पर प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों और सूचनाओं पर संबंधित विभाग द्वारा तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी तरह की कमी नहीं है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं गैस की कालाबाजारी या अनियमितता की जानकारी मिले तो तुरंत जारी किए गए नंबरों पर शिकायत दर्ज कराएं।

### ईरान की बैंकों पर...

तौर पर एक ईरानी बैंक पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में आया है। ईरान में रिवोल्यूशनरी गार्ड्स से संबद्ध 'खतम अल-अंबिया' मुख्यालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि एक ईरानी बैंक पर हुए हमले के बाद अब दुश्मन के वित्तीय संस्थान उनके निशाने पर हैं। ईरान ने क्षेत्र के नागरिकों को सलाह दी है कि वे सुरक्षा के लिहाज से इन बैंकों के एक किलोमीटर के दायरे से दूर रहें। इसके साथ ही, ईरान ने उन दिग्गज अमेरिकी तकनीकी कंपनियों की सूची जारी की है जिनकी तकनीक का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, आईबीएम और ओरेकल जैसी कंपनियां शामिल हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, इन कंपनियों के इजरायल और कुछ खाड़ी देशों में स्थित कार्यालय और क्लाउड-आधारित बुनियादी ढांचे अब ईरान के 'वैध सैन्य लक्ष्य' हैं। ईरान का कहना है कि जैसे-जैसे युद्ध का दायरा बढ़ रहा है, वह अपने हमलों का विस्तार आर्थिक और तकनीकी संपत्तियों तक करने के लिए मजबूर है। रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के कार्यालय और क्लाउड सेवाओं से संबंधित बुनियादी ढांचे इजरायल के कई शहरों के साथ-साथ कुछ खाड़ी देशों में भी स्थित हैं, जो अब ईरानी हमलों के जोखिम के दायरे में आ गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि यदि उनके ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले जारी रहे, तो वे क्षेत्र की तेल सुविधाओं को निशाना बनाएंगे, जिससे तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। खाड़ी देशों में पहले ही अमेज़न के डेटा सेंटरों और तेल रिफाइनरियों पर छिटपुट हमलों की खबरें आ चुकी हैं।

### फंसे भारतीयों की...

जब भी हमारा कोई देशवासी संकट में पड़ता है तो हमारी सरकार उसे सुरक्षित बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देती है। आज का भारत अपने नागरिकों को संकट में अकेला नहीं छोड़ता है। आज भी हमारा प्रयास है कि युद्ध की हालत में फंसे भारतीयों को सुरक्षा मिले, हरसंभव सुविधा मिले। इसके साथ ही पीएम ने खाड़ी देशों का भी आभार जताया जो विषम परिस्थिति में फंसे लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, ''मुझे संतोष है कि गल्फ के हमारे सभी मित्र देशों की सरकारें भी हमारे देश के नागरिकों का पूरा ध्यान रख रही हैं। मैं उन सभी सरकारों का आभारी हूं। वहां हर देश में हमारे जो दूतावास हैं, हमारे मिशन हैं, वे 24/7 उनकी मदद कर रहे हैं। किसी को भी खाना-पीना चाहिए, मेडिकल हेल्प चाहिए, रहने की जगह चाहिए या कानूनी मदद चाहिए, तो इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। लेकिन यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि कांग्रेस इतने बड़े वैश्विक संकट में भी राजनीति ढूंढ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की महत्ता भी समझाई। उन्होंने आगे कहा, ''गल्फ में चल रहे युद्ध ने हमें आत्मनिर्भरता का महत्व फिर से समझाया है। एनर्जी हो या अन्य सेक्टर भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है ये हमने कोरोना के दौर में देखा है। यूक्रेन संकट के दौरान देखा है और वर्तमान संकट ने एक बार फिर से सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर होना कितना जरूरी है।''

### सरकार विशेषज्ञ...

कि पाठ्यक्रम की जांच के लिए डोमेन विशेषज्ञ का एक पैनल बनाया जाएगा। तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी में व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। अब विशेषज्ञों की मंजूरी के बिना कोई भी नई सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। इसके साथ ही एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने कोर्ट में हलफनामा देकर बिना शर्त माफी भी मांग ली है। इससे पहले 26 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस किताब की छपाई और इंटरनेट पर इसके वितरण पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि किताब में लिखी बातें न्यायपालिका पर गोली चलाने जैसी हैं और इससे संस्थान को गहरा जख्म मिला है। कोर्ट ने इसे न्यायपालिका की गरिमा गिराने की एक गहरी साजिश और सोची-समझी चाल करार दिया। अदालत ने आदेश दिया है कि बाजार में मौजूद इस किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त किया जाए और उन्हें सार्वजनिक पहुंच से पूरी तरह हटाया जाए।

### उच्चतम न्यायालय...

कोई सुधार नहीं हुआ है। वह केवल सर्जरी के माध्यम से लगाए गए पीईजी ट्यूबों द्वारा दिए जाने वाले चिकित्सकीय पोषण के सहारे जीवित हैं। पीठ ने पिता की ओर से दायर उन आवेदनों पर यह आदेश पारित किया, जिसमें उन्होंने अपने बेटे को लगाये गये सभी जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने की मांग की थी।

### आईएसआई एजेंट...

इंस्टाग्राम के जरिए आईएसआई की कथित एजेंट आशी के संपर्क में आया था। आशी ने उसे अपने जाल में फंसाया और दोनों के बीच वाट्सएप काल पर बातचीत होने लगी। इसके बाद उसका संपर्क पाकिस्तान में बैठे आईएसआई के अन्य एजेंटों से हुआ और वह संवेदनशील युद्धक पोतों की तस्वीरें व अन्य जानकारियां आईएसआई से साझा करने लगा था। एसटीएस उसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर भी आगे की पूछताछ कर सकती है। एटीएस ने इससे पूर्व गोरखपुर से मई 2024 में राम सिंह को गिरफ्तार किया था। राम सिंह गोवा में शिपयार्ड नेवल बेस में अस्थायी कर्मचारी था और उसने भी आईएसआई एजेंटों को युद्धक जहाजों की तस्वीरें भेजी थीं।

### लोकसभा स्पीकर ओम...

की छवि खंडित करने का प्रयास किया जाता है कि सदन में विपक्ष के नेताओं को बोलने नहीं दिया जाता है। भाजपा ने कभी विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास नहीं किया है। विपक्ष की आवाज तो 1975 में दबाई गयी थी जब पूरा विपक्ष जेल में था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्ष के नेता की आवाज दबाने का आऱोप लगाती है, लेकिन जब बोलने का मौका होता है, तब वह विदेशों में होते हैं। लोकसभा को बदनाम करने के लिए गलत प्रचार किया जा रहा है। विपक्ष अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आयी है, उसमें भी विपक्ष के नेता ने नहीं बोला है। वह बोलना नहीं चाहते हैं।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का जायजा लेते हुए कहा

# विकास योजनाओं के कार्य समय पर करें पूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के क्रम में जिले में विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री ने अररिया के नये पुलिस केंद्र स्थित अररिया पुलिस लाइन में आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अररिया-कुर्साकांटा-कुवाड़ी सिकटी पथ का निर्माण कार्य, बैरगाछी से बंगला कोल जानेवाले पथ के 17वें किमी में उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य, फारबिसगंज-बथनाहा स्टेशन के बीच



कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर सुभाष चौक के पास फ्लाईओवर का निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कोसी दुग्ध परियोजना परिसर में दुग्ध शीतक केंद्र का उद्घाटन करते हुए विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने वहां लगाए गए सुधा के विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कृषि यांत्रिकीकरण मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही वहां आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं, वृद्धजन पेंशन योजनाके लाभार्थियों, साइकिल योजना की लाभुक छात्राओं, अक्षर आंचल योजना के लाभुकों एवं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने सबका कल्याण किया है। आपकी योजनाओं से हमसब लाभान्वित हुए हैं और जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि महिलाओं को उन्होंने पहचान दिलाई है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा संपोषित 6364 स्वयं सहायता समूह को 239 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। जैविक खेती हेतु उपकरण के लिए अनुदान का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी प्रदान की। किसानों को केसीसी लोन, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लाभार्थियों, अंतर्जातीय विवाह योजना के लाभार्थियों, दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल प्रदान किया। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, विशेष शाखा के पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चंद्रशेखर सिंह, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के प्रभारी पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमार आशीष, जिलाधिकारीबविनोद दुहन, एसपी जितेंद्र कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व वसूली में ढिलाई बर्दाश्त नहीं प्रमंडलीय आयुक्त ने दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयुक्त कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में प्रमंडल के तीनों जिलों के राजस्व संग्रह से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट संदेश दिया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब बहुत कम समय शेष है अतः सभी विभाग मार्च महीने की शेष अवधि में राजस्व प्राप्ति के शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। आयुक्त ने परिवहन, निबंधन, नगर निकाय, जिला परिषद, मापतौल और राष्ट्रीय बचत सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व संग्रह में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो भी विभागीय पदाधिकारी निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहेंगे उनसे



स्पष्टीकरण पूछा जाएगा और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जीएसटी संग्रहण की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने वांछित लक्ष्य तक पहुँचने के लिए अपेक्षित कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं खनन विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे सभी बालू घाटों की बंदोबस्ती प्रक्रिया को अविलंब सुनिश्चित कराएं ताकि सरकारी राजस्व की क्षति न हो। राजस्व वृद्धि के अन्य उपायों पर चर्चा करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय बचत योजनाओं का सभी डाकघरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इससे न केवल आम जन को निवेश का सुरक्षित विकल्प मिलेगा, बल्कि सरकारी खजाने में भी वृद्धि होगी। इस बैठक में आयुक्त के सचिव, अपर समाहर्ता, उपनिदेशक सूचना जनसंपर्क सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि प्रमंडल के तीनों जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटद्वार में अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती, खोह नदी में पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

पौड़ी गढ़वाल । जनपद में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख़्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में तहसील प्रशासन ने कोटद्वार क्षेत्र के झूला पुल के पास खोह नदी में छापेमारी करते हुए अवैध खनन कर रहे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। संबंधित वाहनों के खिलाफ चलानी कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह नायब तहसीलदार राजेंद्र सनवाल के नेतृत्व में राजस्व टीम ने झूला पुल स्थित खोह नदी में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी में अवैध रूप से खनन करते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। टीम ने मौके पर ही सभी वाहनों को सीज करते हुए उन्हें कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही वाहन स्वामियों के खिलाफ नियमानुसार चलानी कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की ओर से आगे भी इस तरह की छापेमारी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध खनन में लिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पूर्व सैनिकों के प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री से की मुलाकात

देहरादून । उत्तराखंड सरकार के बजट सत्र के दौरान बुधवार को जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड चौखुटिया से आए जनमानस कल्याण समिति धामदेवल के पदाधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से भराड़ीसैंण (गैरसैंण) में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को सैनिक कल्याण मंत्री जोशी के समक्ष रखा। जनमानस कल्याण समिति धामदेवल के पदाधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से आग्रह किया कि चौखुटिया विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सभा हाट-झला के मध्य स्थित राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय धामदेवल का नाम वर्ष 1971 के युद्ध के वीर सैनिक मोहन सिंह महारा के नाम पर रखा जाए। इसके साथ ही क्षेत्र में शहीद स्वतंत्रता सेनानी स्थल के निर्माण की भी मांग की गई, ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के वीरों के बलिदान से प्रेरणा ले सकें। मंत्री जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा से सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिक रघुवर दत्त, महासचिव प्रताप सहित अन्य पूर्व सैनिक भी उपस्थित रहे।

### बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर 260 मकान मालिकों के 26 लाख के चालान

हरिद्वार । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस ने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ विशेष सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बाहरी प्रदेशों से आए किरायेदारों, मजदूरों, कर्मचारियों और फड़-ठेली संचालकों का व्यापक सत्यापन किया गया। पुलिस द्वारा अलग-अलग टीमें बनाकर कोतवाली नगर क्षेत्र के होटल, धर्मशाला, जिम, आवासीय कॉलोनियों और मकानों में काम करने वाले लोगों की जांच की गई। अभियान के दौरान मौके पर ही कई लोगों का सत्यापन किया गया। पुलिस के अनुसार अब तक करीब 1500 लोगों का सत्यापन किया जा चुका है। वहीं जिन मकान मालिकों, होटल संचालकों और धर्मशाला संचालकों ने किरायेदारों या कर्मचारियों का सत्यापन नहीं कराया था, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कोतवाली नगर पुलिस ने पुलिस एक्ट की धारा 83 के तहत कार्रवाई करते हुए 260 मकान मालिकों के खिलाफ चालान किए हैं। इन चालानों के माध्यम से कुल 26 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और संबंधित रिपोर्ट न्यायालय को भेजी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने मकान मालिकों, होटल और धर्मशाला संचालकों से अपील की है कि वे किरायेदारों और कर्मचारियों का समय पर पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी तरह की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रेलयात्री लूट मामले में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, भारी मात्रा में हथियार और मोबाइल बरामद

भागलपुर । रेल यात्रियों से लूटपाट की घटनाओं को लेकर आरपीएफ और जीआरपी ने बुधवार को संयुक्त अभियान चलाकर दो महिला समेत कुछ अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार, मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया है। बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोहम्मद जलाल और लालबाबू के अलावा थकुछ और घरों पर तलाशी ली। इस दौरान वहां से दो पिस्टल, 12 जिंदा कारतूस, चांदी के कुछ आभूषण, करीब 50 मोबाइल फोन, कई बैग, देसी हथियार तथा मादक पदार्थ नापने वाली मशीन बरामद की गई। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह रेल यात्रियों से लूटपाट की घटनाओं में शामिल रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई थी। जब पुलिस टीम इलाके में कार्रवाई कर रही थी, तब आसपास के काफी लोग इकट्ठा होने लगे थे। भीड़ बढ़ने की वजह से पुलिस ने केवल तीन-चार घरों की ही तलाशी ली और उसके बाद वहां से निकल गई। छापेमारी के दौरान बरामद सामानों को जब्त कर लिया गया है और गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में रेल यात्रियों से लूटपाट से जुड़े कई मामलों का खुलासा हो सकता है। आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की भी पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आगे भी ऐसे संयुक्त अभियान जारी रहेंगे।

# उत्तराखंड विधानसभा : बजट सत्र में विपक्ष और संसदीय मंत्री के बीच तीखी बहस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भराड़ीसैंण । उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान संसदीय परंपरा और कार्य संचालन को लेकर विपक्ष और सरकार के बीच मंगलवार को तीखी बहस हुई। सदन में विशेष रूप से राज्यपाल के अभिभाषण और कार्य मंत्रणा समिति के एजेंडा को लेकर विपक्ष और राज्य के संसदीय मंत्री सुबोध उनियाल के बीच तीखी बहसहुई। विपक्ष ने समिति में भागीदारी और सदन में निर्णय प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।द्व संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने सदन में कहा कि विपक्ष सदन के नियमों का पालन नहीं कर रहा है और इसे गंभीर रूप से देखा जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष यशलाल आर्य ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति में विपक्ष की पारंपरिक भागीदारी हमेशा रही है, लेकिन वर्तमान में यह परंपरा टूट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति में तय एजेंडा बहुमत के आधार पर तय किया जा रहा है, जिससे सदन में गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। विधानसभा के सदस्य मुन्ना सिंह चौहान ने



आरोप लगाया कि विपक्ष कांग्रेस सदन की कार्यवाही को अपमानित कर रही है और सदन को बार-बार बाधित किया जा रहा है। कांग्रेस के सदस्य प्रीतम सिंह ने कहा कि सदन का संचालन नियमावली के अनुसार होना चाहिए, लेकिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विपक्ष ने सदन में 'गुंडागर्दी' शब्द का प्रयोग किया, जो अनुचित है। सदस्य

काजी निजामुद्दीन ने सुझाव दिया कि अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी पीठ से दिए जाने वाले निर्देशों के लिए पुस्तक तैयार की जाए, जिससे संसदीय प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। सदन में यह बहस लगभग दो घंटे तक जारी रही और विपक्ष तथा सरकार के बीच पारंपरिक संसदीय परंपरा और नियमों को लेकर मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए।

कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन ने कहा कि उत्तराखंड बलिदानियों के सपनों का राज्य है और सरकार को मनमानी के बजाय राज्यहित में कदम उठाने चाहिए। भाजपा के सदस्य बिनोद चमोली ने आरोप लगाया कि विपक्ष कांग्रेस समिति में शामिल नहीं हो पा रही है और सदन में सरकार की आलोचना मनमानी तरीके से की जा रही है। सदन में

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष की हमेशा सहभागिता रही है, लेकिन सत्ता पक्ष संख्या बल के आधार पर एजेंडा तय कर लेता है।

उन्होंने बताया कि इस कारण विपक्ष ने समिति से इस्तीफा दिया है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि जब तक इस्तीफा स्वीकार नहीं होता, इस्तीफा देने वाले सदस्य समिति में बने रहेंगे। पीठ ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रीतम सिंह से कहा कि वे कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में शामिल हों ताकि उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके।

### गुरुकुल कांगड़ी में उद्यमिता पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिद्वार । गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय ने उद्योगोन्मुख कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा स्ट्राइव के साथ समझौता किया है। इसी के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए बीएमएस सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों को उद्यमिता, कौशल विकास और नए उद्यम की स्थापना से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्यमिता के विभिन्न आयामों, नए उद्यम की शुरुआत, कौशल विकास तथा पाठ्यक्रम के साथ उद्यमिता को जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसन्ना नेगी, रीजनल डायरेक्टर, टाटा स्ट्राइव रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उद्यमिता के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के लिए केवल नौकरी प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें रोजगार सृजन कर्ता बनने की दिशा में भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार उद्यमिता को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा जा सकता है व सीमित संसाधनों के साथ भी नए उद्यम की सफल शुरुआत की जा सकती है।

# मिक्सिंग प्लांट में जर्जर पिलर गिरने से मजदूर की मौत आक्रोशित लोगों ने सुपौल-सरायगढ़ सड़क किया जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल । जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र में मिक्सिंग प्लांट परिसर में जर्जर भवन का पिलर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सुपौल-सरायगढ़ मुख्य सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने प्लांट के संवेदक और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

यह घटना नैनवा स्थित कोलकाता मिक्सिंग प्लांट परिसर में हुई। बताया जा रहा है कि प्लांट परिसर में पुराने और जर्जर भवन के पास मजदूरों से काम कराया जा रहा था। इसी दौरान अचानक भवन का एक जर्जर पिलर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर लगभग 45 वर्षीय मजदूर मोहम्मद इदरीश दब गए। मौके पर मौजूद मजदूरों और लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों का आरोप था कि प्लांट परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और जर्जर भवन के पास मजदूरों से काम कराया जा रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद संवेदक और कर्मचारियों को बुलाया गया, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज लोगों ने सुपौल-सरायगढ़ मुख्य सड़क को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर किशनपुर थाना अध्यक्ष ज्ञान रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया।

थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जर्जर पिलर गिरने से मजदूर की दबकर मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इधर, घटना के बाद मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार मोहम्मद इदरीश ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों और महिलाओं की मदद से मृतक की बेटी को संभाला गया और इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया

# बिहार के पूर्णिया में युवक के गुदा मार्ग में फंसे ग्लास को सफल ऑपरेशन से निकाला गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्णिया । होली की मस्ती एक व्यक्ति के लिए गंभीर मुसीबत बन गई। अमौर प्रखंड के एक व्यक्ति के साथ महाराष्ट्र में होली के दौरान दोस्तों के बीच शराब पीने के दौरान विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया और इसी दौरान कुछ लोगों ने मजाक और बदसलूकी की हद पार करते हुए उसके गुदा मार्ग में शराब पीने वाला स्टील का ग्लास डाल दिया।

घटना के बाद पीड़ित काफी दर्द और परेशानी की स्थिति में रहा। किसी तरह वह लगभग तीन दिनों की ट्रेन यात्रा करके पूर्णिया पहुंचा और यहां चिकित्सकों से संपर्क किया। जांच के दौरान सिग्मॉइडोस्कोपी में पता चला कि उसके रेक्टम में स्टील का ग्लास फंसा हुआ है। मरीज ने कई डॉक्टरों को दिखाया और उसे बेहोश कर ग्लास निकालने की कोशिश भी की गई, लेकिन प्रारंभिक प्रयास सफल नहीं हो सके। आखिरकार कप्तानपाड़ा स्थित डा आरसी यादव मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में सर्जन डॉ. तारकेश्वर कुमार और एनेस्थेटिस्ट डॉ. विकास कुमार की टीम ने स्पाइनल एनेस्थीसिया देकर ऑपरेशन किया और फंसे हुए स्टील के ग्लास को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। करीब सात दिनों से गंभीर पीड़ा झेल रहे मरीज को इस ऑपरेशन के बाद काफी राहत मिली है।

फिलहाल मरीज को अस्पताल में भर्ती रखकर चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों के अनुसार अभी किसी भी प्रकार की आंतरिक चोट से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन मरीज की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

# कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन का कल राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । कृषि में महिलाओं की भूमिका को उजागर करने के मकसद से गुरुवार से तीन दिवसीय ( 12-14 मार्च ) वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आईसीएआर सम्मेलन केन्द्र में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 'कृषि-खाद्य श्रृंखला में महिलाओं की भागीदारी पर वैश्विक सम्मेलन (जीसीडब्ल्यूएएस 2026)' कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन सत्र में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि रहेंगी।



सम्मेलन का आयोजन कृषि विज्ञान के विकास के लिए न्यास (टीएएएस), भारतीय कृषि अनुसंधान परिसर (आईसीएआर), अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान हेतु परामर्शदात्री समूह (सीजीआईएआर) और पादप किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण संयुक्त रूप से कर रहा है। आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम एल जाट ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि सम्मेलन में 15 से ज़्यादा राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय संगठन सह-आयोजनकर्ता एवं ज्ञान साझेदार के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में भारत तथा दुनिया भर से वैज्ञानिक, नीति निर्माण, उद्योग जगत के प्रमुख लोग, उद्यमी, प्रगतिशील पेशेवर, महिला किसान, नव-उद्यम तथा विद्यार्थियों समेत 700 से ज़्यादा अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लोगों भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वैश्विक सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं की भागीदारी को मुख्यधारा में लाने हेतु नीतिगत कार्य योजना तथा इसके पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करना तथा टिकाऊ एवं समावेशी कृषि-खाद्य प्रणाली बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है। इस सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ. रेणु स्वरूप, कृषि सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा सह-अध्यक्ष, डॉ. राजबीर सिंह, उप-महानिदेशक (कृषि विस्तार), आईसीएआर होंगे। सम्मेलन के सत्रों को संबोधित करने वाले वक्ताओं में डॉ. एग्नेस कालीबाटा, संस्थापक एवं चेयर, कनेक्ट4इंपेक्ट, डॉ. सौम्या स्वामीनाथन, विश्व खाद्य पुरस्कार विजेता डॉ. शकुंतला एच. थिल्स्टेड, एनआईएसडी की निदेशक डॉ. नित्या राव शामिल हैं।

### रामनवमी रथ यात्रा की सफलता को लेकर किया गया बैनर और पोस्टर का अनावरण

अररिया । फारबिसगंज में अगामी 26 मार्च को होने वाली रामनवमी रथ यात्रा की सफलता को लेकर बुधवार को मारवाड़ी धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें रथयात्रा के लिए बैनर पोस्टर का अनावरण किया गया। श्री रामनवमी रथ यात्रा महोत्सव के मीडिया प्रभारी अविनाश कन्नौजिया अंशु ने बताया कि इस बार रथ यात्रा भव्य व आकर्षक तरीके से निकाला जाएगा । फारबिसगंज नगर के अलावे 31 पंचायतों में जनसंपर्क चलाया जाएगा।जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।इस बार का रथ यात्रा पिछले 10 वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ने वाली है। पोस्टर अनावरण के मौके पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष डिम्पल चौधरी, मनोज सोनी,प्रेम केशरी,चंचल सिन्हा, सत्या ठाकूर, सोनू राय,आदित्य भगत,अमित निराला,बिट्टू साह,गौरव राठौर,पप्पू प्रेमी,राजा दास,संजय तालुकदार,श्वेताभ मिश्रा,किशन शर्मा, मनीष साह,लक्ष्मी रंजन,संतोषी भगत,रचना सिंह,उर्मिला तिवारी,शुभम राय,नंदन ठाकुर सहित दर्जनो राम प्रेमी कार्यकर्ता मौजूद थे ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063